https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 21 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 104 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 24.0 |
| डालटनगंज | 31.6 | 24.1 |
| धनबाद | 32.3 | 27.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## भारत की बढ़ेगी टेंशन

# ब्रह्मपुत्र पर चीन बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा बांध

शुभम संदेश डेस्क

चीन ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सीमा के करीब तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से बांध का निर्माण औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है. आधिकारिक जानकारी के मुताबिक चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र, जिसे स्थानीय रूप से यारलुंग जांगबो के नाम से जाना जाता है, में आयोजित भूमिपूजन समारोह में बांध के निर्माण की शुरुआत का ऐलान किया.

**बांध का भूमिपूजन समारोह :** सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के ने बताया कि भूमिपूजन समारोह तिब्बत क्षेत्र में न्यिंगची के मेनलिंग हाइड्रो पावर स्टेशन की डैम साइट पर हुआ. विश्व के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट माने जाने वाले इस हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट ने निचले तटवर्ती देशों, भारत और बांग्लादेश के लिए चिंता पैदा कर दी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रोजेक्ट में पांच हाइड्रो पावर स्टेशन शामिल होंगे, जिनका कुल निवेश लगभग 1.2 ट्रिलियन युआन (करीब 167.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है.



### चीन के लिए क्यों है अहम

साल 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाइड्रो पावर स्टेशन से हर साल 300 बिलियन किलोवाट घंटे से ज्यादा बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जो 300 मिलियन से ज्यादा लोगों की सालाना जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी है. यह मुख्य रूप से बाहरी खपत के लिए बिजली मुहैया कराएगा, साथ ही तिब्बत में स्थानीय मांग को भी पूरा करेगा, जिसे चीन आधिकारिक तौर पर शिजांग के नाम से संदर्भित करता है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमीशन और चीन के बिजली निर्माण निगम सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग इस समारोह में शामिल हुए. इस प्रोजेक्ट को पिछले साल दिसंबर में मंजूरी दी गई थी. यह बांध हिमालय पर्वतमाला में एक विशाल घाटी पर बनाया जाएगा, जहां ब्रहमपुत्र नदी एक विशाल यू-टर्न लेकर अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में दाखिल होती है. पहले की रिपोर्टों के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का साइज दुनिया के किसी भी अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट से कहीं ज्यादा बड़ा होगा, जिसमें चीन का अपना थ्री गॉर्जेस बांध भी शामिल है, जिसे दुनिया में सबसे बड़ा माना जाता है.

### क्या हैं भारत की चिंताएं

चीन ने 2015 में तिब्बत में सबसे बड़े 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के जम हाइड्रो पावर स्टेशन को पहले ही चालू कर दिया है, जिससे भारत में चिंताएं पैदा हो गई हैं. भारत में इस बात को लेकर चिंता है कि बांध के साइज और स्केल की वजह से चीन को जल प्रवाह को नियंत्रित करने का अधिकार मिलने के अलावा, इससे बीजिंग को भारी मात्रा में पानी छोड़ने में भी मदद मिलेगी, जिससे युद्ध के समय सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ आ सकती है. भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर एक बांध बना रहा है. भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 2006 में विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की, जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलुज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है.

### संवेदनशील क्षेत्र में बन रहा बांध

बीते साल 18 दिसंबर को भारत और चीन के सीमा संबंधी विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) एनएसए अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई वार्ता में सीमा पार नदियों के आंकड़ों को साझा करने का मुद्दा उठा था. ब्रह्मपुत्र बांध से इंजीनियरिंग से जुड़ी भारी चुनौतियां पैदा होती हैं, क्योंकि प्रोजेक्ट साइट टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है, जहां काफी भूकंप आते हैं. तिब्बती पठार, जिसे विश्व की छत माना जाता है, टेक्टोनिक प्लेटों के ऊपर स्थित होने के कारण अक्सर भूकंप का अनुभव करता है. लेकिन पिछले साल दिसंबर में एक आधिकारिक बयान में भूकंप संबंधी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा गया कि हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट सुरक्षित है तथा इसमें इकोलॉजिकल प्रोटेक्शन का ध्यान रखा गया है.

### अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया 'वाटर बम'

इसमें कहा गया है कि जियोलॉजिकल सर्वे और तकनीकी प्रोग्रेस के जरिए प्रोजेक्ट के विज्ञान-आधारित, सुरक्षित और उच्च-गुणवत्ता वाले विकास के लिए एक ठोस आधार तैयार किया गया है. ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बती पठार से होकर बहती है और पृथ्वी पर सबसे गहरी घाटी बनाती है. यह बांध सबसे ज्यादा वर्षा वाले क्षेत्रों में से एक में बनाया जाएगा. इस बीच, अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हाल ही में चीन के इस मेगा डैम को भारत के लिए 'वाटर बम' बताया था. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है. उन्होंने कहा कि इस बांध से सैन्य खतरा पैदा होगा और यह सीमावर्ती जनजातियों के जीवन, भूमि और संसाधनों को बर्बाद कर सकता है.

---

## विदेश दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 23-26 जुलाई के बीच ब्रिटेन व मालदीव के दौरे पर रहेंगे. मोदी सबसे पहले 23 को यूके पहुंचेंगे और लंदन में कई द्विपक्षीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. पीएम 24 को यूके के पीएम सर कीर स्टार्मर से मुलाकात करेंगे. सूत्रों के हवाले से खबर है कि मोदी की यात्रा के दौरान भारत और यूके के बीच फ्री ट्रेड अग्रीमेंट (एफटीए) का ऐलान भी हो सकता है. भारत और यूके दोनों के लिए एफटीए महत्वपूर्ण बताया है. यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी भारत-यूके द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर पीएम स्टारमर के साथ व्यापक चर्चा करेंगे.

## कोयला चोर कर रहे जमुनिया नदी को डायवर्ट

### अवैध खनन के सुरंगों से परियोजना में प्रवेश कर रहा नदी का पानी

- पत्थर और मिट्टी डाल रहे कोयला चोर

शुभम संदेश । महुदा/दामोदा

बीसीसीएल के ब्लॉक टू परियोजना द्वारा जमुनिया नदी को धनबाद जिले के सीमा क्षेत्र में पत्थर और मिट्टी डालकर नदी को डायवर्ट किया जा रहा है. जबकि पूरे राज्य में फिलवक्त राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल आगामी 10 जून से लेकर15 अक्टूबर तक लागू है. बताते चलें कि बीसीसीएल के



ब्लॉक टू प्रबंधन निजी ट्रेक्टर और जेसीबी के माध्यम से माट्टीगढ़ा डेम कॉलोनी के बगल में स्थित जमुनिया उत्खनन परियोजना के ओबी डंप से हजारों मैट्रिक टन पत्थर और मिट्टी उठवाकर नदी में डालकर बांध बनाने के काम हो रहा है. नदी में पत्थर और मिट्टी डालने के काम में दर्जनों ट्रेक्टर लगे हैं. जबकि फिलवक्त जमुनिया नदी उफान पर है. जिससे जमुनिया नदी में बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैल रहा है. साथ ही साथ पर्यावरण और जलकर जीवों को काफी नुकसान होने की संभावना है. इस बावत बीसीसीएल ब्लॉक टू परियोजना के महाप्रबंधक जीसी शाहा ने दूरभाष पर बताया कि जमुनिया नदी में कोयला चोरों द्वारा बनाया गया.

(शेष पेज-11 पर)

## महाराष्ट्र में नए मुद्दे पर गरमाई राजनीति

**मुंबई।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के दूसरे कार्यकाल में कृषि राज्य मंत्री का दायित्व संभाल रहे माणिकराव कोकाटे एक बार फिर विवाद में घिर गए हैं. शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने एक वीडियो साझा किया है. पवार ने आरोप लगाया है कि इसमें माणिक राव कोकाटे मोबाइल पर रमी खेलने में व्यस्त थे. पवार ने कृषि मंत्री कोकाटे की कड़ी आलोचना की है कि वे विस में बैठकर रमी खेल रहे हैं क्योंकि उनके पास कोई काम नहीं बचा है.

## स्लीपिंग प्रिंस की 20 साल कोमा में रहने के बाद मौत

- सऊदी के प्रिंस 15 की उम्र में हुए थे कार हादसे का शिकार

शुभम संदेश । नई दिल्ली

दुनियाभर में 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से मशहूर सऊदी प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद की शनिवार को 35 साल की उम्र में मौत हो गई. करीब 20 साल पहले एक दर्दनाक कार हादसे का शिकार होने के बाद से वह कोमा में थे और इसी वजह से उन्हें 'स्लीपिंग प्रिंस' के नाम से जाना जाता था. 1990 में जन्मे प्रिंस अल वलीद, प्रिंस खालिद बिन तलाल



अल सऊद के सबसे बड़े बेटे थे, जो एक प्रमुख सऊदी शाही और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे. साल 2005 में जब अल वलीद सिर्फ15 साल के थे, तब वह लंदन में मिलिट्री कैडेट के तौर पर पढ़ाई कर रहे थे, इस दौरान हुए एक भयावह कार हादसे में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं.

(शेष पेज-11 पर)






## ऐतिहासिक होगा विश्व आदिवासी दिवस

# अरिजीत-श्रेया से लेकर झारखंडी कलाकारों का दिखेगा संगम

शुभम संदेश। रांची

इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस झारखंड में नई भव्यता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा. राज्य सरकार ने 7 से 9 अगस्त तक राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान या प्रभात तारा मैदान में विशाल स्तर पर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है. इस उत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए बॉलीवुड और झारखंडी कलाकारों का जबरदस्त संगम देखने को मिलेगा. आयोजन की कमान इस बार आदिवासी कल्याण विभाग की बजाय सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को सौंपी गई है, जो पूरे आयोजन को एक नई पहचान देने की तैयारी में जुटा है.



### क्या होगा खास

- रात के आसमान में लाइट्स की कोरियोग्राफी के साथ आदिवासी नायकों के इतिहास और योगदान को दर्शाया जाएगा. ब्रांड और लोगो एनिमेशन, एरियल म्यूजिकल डिस्प्ले भी दर्शकों को रोमांचित करेगा.
- संगीत की धुन पर इको-फ्रेंडली ग्रीन फायरक्रैकर का मनमोहक प्रदर्शन किया जाएगा.
- कार्यक्रम की शुरुआत हाई-टेक लेजर और स्पेशल इफेक्ट्स से की जाएगी, जिसमें आदिवासी सभ्यता को तकनीक के माध्यम से जीवंत किया जाएगा.



- मंच पर शिरकत करेंगे संगीत जगत के दिग्गज - अरिजीत सिंह, श्रेया घोषाल, जुबिन नौटियाल और सुनिधि चौहान. इनके साथ ही झारखंड के लोक कलाकार और रॉक बैंड्स भी अपनी संस्कृति की झलक पेश करेंगे.
- राज्य की 32 जनजातियों की परंपरागत वेशभूषा और सांस्कृतिक पहचान को फैशन रैंप पर प्रस्तुत किया जाएगा.
- इसके साथ ही रांची शहर को आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा जाएगा। आयोजन स्थल को थीम लाइटिंग, होर्डिंग्स और पारंपरिक कलाकृतियों से सजाया जाएगा.
- साथ ही मंच संचालन न केवल हिंदी में होगा, बल्कि आदिवासी भाषाओं के एंकर भी पहली बार कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे.

**तैयारियों में जुटा है प्रशासन**

इस बार का आयोजन पूरी तरह से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की देखरेख में होगा. सभी संबंधित विभागों को सहयोग हेतु पत्र जारी कर दिए गए हैं. इवेंट एजेंसी का चयन 23 जुलाई तक कर लिया जाएगा. कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रस्तुत की जाएगी और अंतिम मुहर उन्हीं की स्वीकृति से लगेगी. यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देगा, बल्कि झारखंड की समृद्ध आदिवासी विरासत को देशभर में गौरव के साथ प्रस्तुत करने का अवसर बनेगा.

---

### आजसू पार्टी को लग रहे झटके पर झटके

## केंद्रीय महासचिव विजय साहू का इस्तीफा पवन और सुरेंद्र ने थामा जयराम का हाथ



शुभम संदेश। रांची

विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करने के बाद आजसू पार्टी अपनी खोयी ताकत समेटने के लिए जद्दोजहद कर रही है, लेकिन तमाम जद्दोजहद के बीच उसे झटके पर झटका मिलता दिख रहा है. पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय कुमार साहू ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया. साहू पूर्व में रामगढ़ जिलाध्यक्ष भी रहे हैं. मांडू, रामगढ़, बड़कागांव विस क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए उन्होंने लंबे समय तक संघर्ष किया और कार्यकर्ताओं, समर्थकों को समेटने का काम किया. ओबीसी चेहरा विजय साहू आगे किस पार्टी के साथ नई पारी की शुरुआत करेंगे, इसका खुलासा फिलहाल उन्होंने नहीं किया है.

उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को भेजे इस्तीफे को अपने फेसबुक अकाउंट पर भी साझा किया है. इसमें उन्होंने लिखा है, 24 सालों से पार्टी के लिए काम किया. जिस सोच के साथ संगठन को सींचा, वह पूरा होता नहीं दिख रहा. जनहित के मुद्दों पर भी पार्टी का स्टैंड क्लीयर नहीं रहने से दुविधा होती रही है.

**युवा नेता पवन साहू ने थामा जयराम का हाथ:** रविवार को ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाड़ी के रहने वाले और आजस पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता पवन साह ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का दामन थाम लिया है. पवन साहू के अलावा सुरेंद्र महतो समेत कई और युवा जेएलकेएम में शामिल हुए. पवन साहू ने शनिवार को ही संकेत दे दिया था कि आजसू पार्टी से उनका मोह भंग हो गया है. मांडू क्षेत्र के केदला में आयोजित जेएलकेएम के कार्यक्रम में पार्टी के विधायक जयराम महतो और नेता बिहारी महतो ने पवन साहू और सुरेंद्र महतो का पार्टी में स्वागत किया. पवन साहू अपने समर्थकों के साथ केदला पहुंचे थे.



---

### झारखंड सरकार की जरूरतमंत छात्रों के लिए बड़ी पहल

# 10वीं पास छात्रों को मेडिकल-इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने अब 10वीं पास के विद्यार्थियों को बड़ी खुशखबरी दे दी है. दरअसल राज्य सरकार अब इन विद्यार्थियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराएगी. जहां एससी, एसटी और पिछड़ा विभाग के द्वारा इस कोचिंग को संचालित किया जाएगा. वहीं कोचिंग की शुरुआत रांची स्थित पुराने कल्याण विभाग के भवन में की जाएगी. विभाग के द्वारा भवन का मजबूतीकरण का कार्य अंतिम चरण में है. इस कोचिंग में हॉस्टल की सुविधा भी मिलेगी, जहां विद्यार्थियों के लिए रहने खाने से लेकर शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठाएगी. इस कोचिंग में 10वीं पास विद्यार्थियों का नामांकन होगा. इसके बाद 11 वीं का भी नामांकन सरकार के द्वारा ही कराया जाएगा. इसके तहत 300 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाएगा. नामांकन के लिए राज्य से आवेदन जमा किये जाएंगे. इसके बाद प्रवेश परीक्षा के जरिए मेरिट लिस्ट के आधार पर विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा.

सरकार 10वीं के अलावे 12वीं पास विद्यार्थियों का भी नामांकन लेने पर विचार कर रही है. वहीं इस कोचिंग में जैक बोर्ड के अलावे सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों को भी अवसर दिया जाएगा. कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को दिल्ली में स्थित मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों का भ्रमण किया और वहां के विद्यार्थियों की सफलता सहित शिक्षकों की योग्यता के बारे में जानकारी ली. कोचिंग संस्थान को राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को देने पर भी विचार किया जा रहा है जिसका टेंडर जारी कर दिया गया है. इसके लिए दिशा निर्देश की भी प्रकिया अंतिम चरण में है. यहां आपको बता दें कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा भी मेडिकल, इंजीनियरिंग व क्लैट परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग का संचालन किया जाता है. वहीं कोचिंग में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा जैक द्वारा ली जाती है.



### चमरा लिंडा ने दिल्ली में की केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव से मुलाकात

**रांची।** झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की. इस अवसर पर झारखंड के जनजातीय समाज से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन और सार्थक चर्चा हुई.

बैठक में झारखंड के जनजातीय छात्रों को केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियों को रोके जाने के मुद्दे पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई. चमरा लिंडा ने आग्रह किया कि छात्रवृत्तियों के लंबित भुगतान को शीघ्र जारी किया जाए, ताकि राज्य के लाखों जरूरतमंद छात्र प्रभावित न हों और उनकी शिक्षा बाधित न हो.



---



### आजसू पार्टी ने ट्रिपल टेस्ट सर्वे में लगाया व्यापक गड़बड़ी का आरोप

## ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश में लगी है झामुमो-कांग्रेस

शुभम संदेश। रांची

आजसू पार्टी ने झारखंड में नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण देने हेतु आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया में व्यापक गड़बड़ी का आरोप लगाया है. पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर और युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि झामुमो–कांग्रेस ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश रच रहे हैं. प्रभाकर ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि डोर टू डोर सर्वे नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से पहले राज्य सरकार इस टेस्ट की प्रक्रिया की पूरी जानकारी जनता को उपलब्ध करवाए क्योंकि इसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव दिख रहा है. उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए. कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है, जिसमें डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से पिछड़े वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का आकलन किया जाना है.

प्रभाकर ने कहा कि विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों से यह जानकारी सामने आ रही है कि धरातल पर सर्वे हुआ ही नहीं है और राज्य सरकार बंद कमरे में रिपोर्ट तैयार करवा रही है ताकि पिछड़ों का हक मारा जा सके. युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि सरकार बताए कि ट्रिपल टेस्ट में संग्रह किए गए डाटा को सरकार कैसे सत्यापित करेगी. संस्थाओं का चयन किस आधार पर किया गया है और कैसे किया गया है. ट्रिपल टेस्ट का सैंपल कैसे संग्रह किया जा रहा है कौन कर रहा है यह बताया जाए. प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान और युवा आजसू संयोजक बबलू महतो भी उपस्थित थे.

---

### लातेहार स्कूल में यौन हिंसा को लेकर भाजपा का सरकार पर तीखा हमला

# राज्य में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अफसर ही कर रहे: अजय साह

शुभम संदेश। रांची

लातेहार जिले के एक मिशनरी स्कूल में सामने आए मास लेवल यौन अपराध के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है. रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारी, विशेष रूप से शिक्षा सचिव और जिला प्रशासन, पूरे प्रकरण को दबाने और लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं. अजय साह ने स्पष्ट किया कि पॉक्सो एक्ट की धारा 19 और 21 के अनुसार, यदि किसी नाबालिग के साथ यौन अपराध की जानकारी किसी को भी होती है तो उसे लिखित रूप में पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है. साथ ही, पुलिस को यह मामला 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी और पॉक्सो कोर्ट में दर्ज करना होता है.



अजय ने प्रेस वार्ता के दौरान एक ऑडियो क्लिप सुनाते हुए कहा कि छात्राओं ने साफ तौर पर आरोप लगाए हैं कि स्कूल के एक फादर द्वारा पिछले दो वर्षों से यौन अपराध किया जा रहा है, वह भी एक से अधिक छात्राओं के साथ. इसके बावजूद अब तक पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज नहीं किया गया है, जो कानून की खुली अवहेलना है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा – क्या अब झारखंड में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अधिकारी करेंगे? पॉक्सो एक्ट की किस धारा के तहत शिक्षा सचिव या अन्य अफसर जांच और निर्णय का अधिकार रखते हैं? क्यों एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पॉक्सो कोर्ट में मामला दर्ज नहीं हुआ?

प्रदेश प्रवक्ता ने मांग किया कि इस गंभीर यौन हिंसा के मामले में तत्काल पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए. इसके अलावा झारखंड हाई कोर्ट के “जुवेनाइल जस्टिस कम पॉक्सो कमिटी” की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच हो. कहा कि जो भी पदाधिकारी मामले को दबाने में संलिप्त पाए जाएं, उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 21 और अन्य आपराधिक धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाए.

---

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने की धान रोपनी



शुभम संदेशष। रांची

झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की रविवार को अपने पैतृक गांव बनहोरा में फिर एक बार किसान की भूमिका में नजर आए. बंधु तिर्की सुबह-सुबह हल बैल के साथ अपने खेत में उतरे. सबसे पहले उन्होंने पानी से भरे खेत को जोतने का काम किया, फिर उन्होंने धान की रोपनी भी की. बंधु तिर्की ने कहा कि मेरा मानना है कि आधुनिकता के दौर में बदलाव जरूरी है पर अपनी जमीन और परम्परा से जुड़ाव उससे भी ज्यादा जरूरी है. खेत-खलिहान से ही समृद्ध झारखंड के निर्माण का रास्ता प्रशस्त होता है. ये मिट्टी और इस मिट्टी की उपज ही हमारे जीवन का मूल आधार है. इसके बगैर मनुष्य का जीवित रहना असंभव है.

---

### भाजपा की शर्मनाक सियासत: बच्चों के आंसुओं पर भी कर रही राजनीति

## ओडिशा-राजस्थान की घटनाओं पर मौन क्यों: आलोक दूबे

शुभम संदेश। रांची

लातेहार जिले के एक मिशनरी स्कूल में सामने आए यौन शोषण के मामले पर भाजपा द्वारा सरकार पर किए जा रहे तीखे हमले को प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने शर्मनाक और दोहरे चरित्र वाली राजनीति करार दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में बच्चों के साथ हुए अपराध को लेकर जितनी सक्रिय दिख रही है, उतनी ही खामोशी उसने ओडिशा और राजस्थान में बच्चों और छात्राओं पर हुए अमानवीय अपराधों पर बरती है. यह दर्शाता है कि भाजपा को बच्चों की सुरक्षा या न्याय से नहीं, बल्कि सिर्फ सत्ता की भूख और राजनीतिक लाभ से मतलब है.



आलोक ने बताया कि ओडिशा के बालासोर में एक बीएड छात्रा ने कॉलेज के विभागाध्यक्ष समीर साहू द्वारा यौन संबंध बनाने के दबाव और बार-बार उत्पीड़न से तंग आकर आत्मदाह कर लिया. यह मामला सनसनीखेज है, लेकिन भाजपा ने एक शब्द नहीं बोला. इसी तरह राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक शंभू लाल धाकड़ पर 50 नाबालिग छात्राओं के साथ यौन शोषण और अश्लील संदेश भेजने के गंभीर आरोप लगे हैं. एक बहादुर छात्रा ने शिक्षक का वीडियो बनाकर पूरे मामले का पर्दाफाश किया. भाजपा इस पर चुप क्यों है? क्या इन मासूम बच्चियों की इज्जत इसलिए कम महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये घटनाएं भाजपा शासित राज्यों में हुईं? बिहार में हाल ही में बाल यौन शोषण के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है. पटना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों की आर्केस्ट्रा समूहों द्वारा तस्करी और यौन शोषण के आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा है.

यहां तक कि झारखंड में जब भाजपा सत्ता में थी, तब 2018 में पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के एक स्कूल में छात्राओं ने अपने शिक्षक पर महीनों से छेड़छाड़ और उत्पीड़न का आरोप लगाया था. तब भी मामले को दबाने की कोशिश की गई और कोई कड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई. उस समय भाजपा सरकार मौन रही और महिला सुरक्षा के सवालों पर कोई सख्त रुख नहीं अपनाया गया. उन्होंने भाजपा से सवाल पूछा कि क्या अब पॉक्सो कोर्ट की भूमिका भी भाजपा प्रवक्ताओं को दे दी गई है? क्या हर जांच, हर एफआईआर, हर न्यायिक प्रक्रिया भाजपा के इशारे पर होगी?

---

### बड़ी कार्रवाई | गूगल और मेटा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नोटिस

# ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में आज किया तलब

शुभम संदेश। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े एक बड़े मामले में टेक दिग्गज गूगल और मेटा (फेसबुक की मूल कंपनी) को नोटिस जारी किया है. इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा गया है. ईडी का आरोप है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने अवैध सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े ऐप्स के विज्ञापन और प्रचार में अप्रत्यक्ष रूप से सहायता की है. यह पहली बार है जब भारत में कार्यरत किसी प्रमुख टेक कंपनी को अवैध सट्टेबाजी से संबंधित मामले में सीधे तौर पर ज़िम्मेदार ठहराया गया है.




**सट्टेबाजी के नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग का खेल**

ईडी के अनुसार, इन ऐप्स के ज़रिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई है, जिसे हवाला चैनलों के माध्यम से विदेशी खातों में ट्रांसफर किया गया. जांच एजेंसी अब इस पूरे नेटवर्क के डिजिटल लिंक और भुगतान स्रोतों को ट्रैक कर रही है.



**बढ़ा जांच का दायरा, टेक कंपनियां भी रडार पर**

ईडी की यह कार्रवाई ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के खिलाफ चल रहे एक व्यापक अभियान का हिस्सा है. एजेंसी अब सिर्फ ऐप्स और उनके प्रमोटर्स ही नहीं, बल्कि उन डिजिटल प्लेटफार्मों की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रही है, जिन्होंने इन ऐप्स के विज्ञापन चलाए. इनमें गूगल एड्स और मेटा के विज्ञापन प्लेटफॉर्म पर दिखाए गए प्रचार शामिल हैं, जिससे ये सट्टेबाजी ऐप्स अधिकतम दर्शकों तक पहुंचने में सक्षम हुए.

**बॉलीवुड सितारे और इन्फ्लुएंसर भी जांच के घेरे में**

ईडी ने बीते सप्ताह 29 हस्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिनमें कई प्रसिद्ध अभिनेता, टीवी होस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हैं. इन पर आरोप है कि इन्होंने अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार किया और इसके बदले में उन्हें मोटी रकम दी गई. प्रकाश राज, राणा दग्गुबाती और विजय देवरकोंडा जैसे नामों का भी इस मामले में उल्लेख हुआ है. ये सभी उस नेटवर्क का हिस्सा बताए जा रहे हैं, जिसने अवैध ऐप्स को “स्किल गेम्स” के रूप में पेश कर के उन्हें वैधता का लुक देने की कोशिश की.

---

### 25 लाख के टर्नओवर वालों के पास भी लाल और पीला राशन कार्ड

**रांची ।** झारखंड में 25 लाख रुपए का टर्नओवर करने वाले लोगों के पास भी लाल और पीला राशन कार्ड है. इतना ही नहीं, जिन परिवारों की कमाई सालाना लाखों रुपए में है और जो कार से चलते हैं, वे भी गरीबों को मिलने वाला चावल हर माह उठा रहे हैं. यह खुलासा तब हुआ जब आधार कार्ड को राशन कार्ड से लिंक किया गया. परिवार का जब आंकड़ा सामने आया तो अधिकारी भौचक्के रह गए. कुछ होटल मालिक, कुछ गोदाम मालिक और कुछ खनन व्यवसाय से जुड़े लोग भी इस सूची में शामिल हैं. झारखंड के कई जिलों में ऐसे परिवारों की संख्या हजारों में है, जो राशन कार्ड धारक हैं और गरीबों को मिलने वाले मुफ्त अनाज का लाभ उठा रहे हैं. अब विभाग ने यह कहते हुए कि ये सब गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं, अपात्र परिवारों की सूची बनानी शुरू कर दी है.

---

## रांची में 24 घंटे में 73 बार बिजली गुल रहती है : बाबूलाल मरांडी

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में लगातार हो रही बारिश से बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है. बीते 24 घंटे में 73 बार बिजली कटौती हुई, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी. कई ज़रूरी काम ठप हो गए हैं और आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. इस मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घेरते हुए बिजली व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करने की मांग की है. बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा, बिजली व्यवस्था की यह बदहाल स्थिति शर्मनाक है. रांची में 24 घंटे में 73 बार बिजली गई. जबकि ऊर्जा विभाग खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधीन है.



उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्काडा सिस्टम बीते एक हफ्ते से खराब है, और बारिश के चलते हालात और बिगड़ गए हैं. मरांडी ने सीएम से तत्काल अधिकारियों को निर्देश देकर व्यवस्था सुधारने की मांग की है.

**लोगों की नाराजगी**

लगातार बिजली जाने से न सिर्फ घरों में दिक्कत हो रही है, बल्कि ऑफिस, अस्पताल और ऑनलाइन क्लासेज़ भी प्रभावित हो रहे हैं. नागरिकों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराज़गी भी जताई है.




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, सोमवार 21 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष दशमी, संवत 2082




एक्सक्लूसिव


## मस्टररोल में एक ही फोटो का बार-बार इस्तेमाल और गलत हाजिरी जैसी कई गड़बड़ियां

# तोपचांची प्रखंड में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

- सरकारी राशि के दुरुपयोग का संदेह, जांच हुई तो फंसेगी कइयों की गर्दनें

**अमित सिन्हा**

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत चल रही योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं. विभिन्न पंचायतों में किए गए कार्यों में मस्टररोल और फोटो के दुरुपयोग के कई मामले उजागर हुए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि योजना के कार्यान्वयन में भारी मनमानी की जा रही है. एक ही फोटो का बार-बार इस्तेमाल कर अलग-अलग मजदूरों के नाम पर हाजिरी बनाई गई है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग का संदेह उजागर हो रहा है. इस गड़बड़ी का सबूत आज भी विभाग के साइट पर मौजूद है. मामले की सही ढंग से जांच पड़ताल की गई तो कईयों की गर्दनें फंसने से इनकार नहीं किया जा सकता है.







### व्यापक अनियमितताओं का संदेह

ये गड़बड़ियां केवल भुइयो चितरो और चितरपुर पंचायतों तक सीमित नहीं हैं. तोपचांची प्रखंड की लगभग सभी पंचायतों में मनरेगा योजनाओं में इस तरह की अनियमितताएं देखी जा रही हैं. मस्टररोल में फर्जी हाजिरी, एक ही फोटो का बार-बार उपयोग, और गलत नामों का इस्तेमाल जैसे मामले सामने आए हैं. यह स्थिति न केवल योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, बल्कि ग्रामीण रोजगार गारंटी के उद्देश्य को भी कमजोर करती है.

### केस स्टडी 1: भुइयो चितरो पंचायत में दो मस्टररोल, फोटो एक

भुइयो चितरो पंचायत में 15 अप्रैल को चेक डैम निर्माण कार्य के लिए दो मस्टररोल (क्रमांक 366 और 367) बनाए गए. दोनों में 10-10 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की गई, लेकिन दोनों में एक ही फोटो का इस्तेमाल हुआ, जिसमें मजदूर समान दिख रहे हैं. हालांकि, मजदूरों के नाम अलग-अलग दर्ज किए गए, जो फर्जी हाजिरी और धन के दुरुपयोग को दर्शाता है.

### केस स्टडी 2: चितरपुर पंचायत में महिला मजदूरों के नाम पर गलत हाजिरी

चितरपुर पंचायत में मस्टररोल संख्या 360 में महिला मजदूरों के नाम पर हाजिरी दर्ज की गई, लेकिन फोटो में कोई महिला नहीं दिखी. यह लैंगिक समानता के नियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ फर्जीवाड़े का मामला है.

### केस 3: भुइयो चितरो के तीन मस्टररोल में एक ही फोटो

20 अप्रैल को भुइयो चितरो पंचायत में चेक डैम निर्माण के लिए तीन मस्टररोल (767, 768, और 769) बनाए गए, प्रत्येक में 10-10 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की गई. तीनों मस्टररोल में एक ही समूह की महिलाओं का फोटो इस्तेमाल हुआ, जिससे साफ है कि 10 मजदूरों से काम लेकर 30 के नाम पर हाजिरी बनाई गई.

### केस 4: नेरो पंचायत में मस्टररोल में गड़बड़ी

नेरो पंचायत में 13 अप्रैल को हुए एक कार्य के लिए दो मस्टररोल (क्रमांक 415 और 416) जेनरेट किए गए. जांच में पाया गया कि दोनों मस्टररोल के फोटो में कोई महिला मजदूर नहीं दिख रही है, जबकि हाजिरी में महिला मजदूरों के नाम दर्ज हैं. इसके अलावा, कार्य समाप्त होने के बाद लिए गए फोटो में दो महिलाओं को दिखाया गया है, जो दोनों मस्टररोल में समान हैं. यह स्पष्ट करता है कि एक ही फोटो का उपयोग कर फर्जी हाजिरी बनाई गई, जिससे मजदूरों की संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया.

## बराती-सराती विवाद : भाई के निकाह में पहुंचे युवक की चाकू मारकर हत्या

**गोड्डा (शुभम संदेश)।** खाने को लेकर बारातियों और घरातियों के बीच हुए विवाद के बाद हुई चाकूबाजी की घटना में दूल्हे के भाई की मौत हो गई. यह घटना शनिवार रात करीब एक बजे के आसपास महगामा थाना क्षेत्र के ग्राम माल भंडारीडीह में हुई. बारात दुमका जिले के नोनीहाट के पास बेलटिकरी गांव से आई थी. बारात में दूल्हे का फुफेरा भाई मो. तौसीफ (उम्र 22 वर्ष, ग्राम रनिया, ज़िला बांका, बिहार) भी शामिल था. बताया जाता है कि निकाह होने के बाद जब खाने की तैयारी हो रही थी, तो बारातियों की अधिक संख्या और खाने को लेकर लड़की पक्ष वालों के साथ कुछ कहासुनी हो गई. दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते लात-घूंसे चलने लगे और जो मिला उसी से एक-दूसरे पर हमला करने लगे. इसी बीच, किसी ने लाइट बंद कर अंधेरा कर दिया और चाकूबाजी शुरू हो गई. मो. तौसीफ के पेट के ऊपरी हिस्से में चाकू लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके अलावा, चार-पांच अन्य लोग भी घायल हुए. इलाज के दौरान तौसीफ की मौत हो गई.

## जिले में एंटी क्राइम अभियान : पुलिस बल ने की शहर में गश्ती

**धनबाद (शुभम संदेश)।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार जिले में एंटी क्राइम अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज शाम पुलिस केंद्र से पुलिस बल का काफिला शहर के विभिन्न इलाकों में गश्त के लिए रवाना हुआ. गश्त के दौरान लगभग 50 सिटी हॉक्स बाइक पेट्रोलिंग, पीसीआर वैन, विभिन्न थानों की टीमें, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर लव कुमार के साथ-साथ कई थाना प्रभारी भी मौजूद थे. विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज बड़ी संख्या में पुलिस टीमें सड़कों पर गश्त के लिए निकलीं. टीम ने रणधीर वर्मा चौक, स्टेशन रोड, बैंक मोड़, धनसार, नया बाजार, वासेपुर, आजाद नगर, भूली, विनोद बिहारी चौक, मेमको मोड़, गोल बिल्डिंग, सरायढेला, और हीरापुर का भ्रमण किया. इस अभियान का उद्देश्य विधि-व्यवस्था बनाए रखना और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना था. यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा.

## बंगाल पुलिस ने गिरिडीह में की छापेमारी अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** पश्चिम बंगाल के रानीगंज थाना की पुलिस रविवार को गिरिडीह पहुंची और मुफ़्फ़सिल थाना पुलिस के सहयोग से अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के निशानदेही पर चोरी की तीन बाइक जब्त की. रानीगंज थाना के एसआई प्रीतम पाल के नेतृत्व में एक एएसआई और तीन सिपाहियों ने मुफ़्फ़सिल थाना पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के झगरी में मोना खान के ठिकानों पर छापेमारी कर तीनों बाइक जब्त कीं. हालांकि, बंगाल और मुफ़्फ़सिल थाना पुलिस के आने की भनक लगते ही गिरोह का अपराधी मोना खान फ़रार हो चुका था. इस दौरान प्रीतम पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि धनबाद के निरसा निवासी अपराधी फैज खान को पकड़ा गया. सख्ती से पूछताछ करने पर फैज खान ने रानीगंज थाना पुलिस को बताया कि वह एक इंटरस्टेट बाइक चोर गिरोह का सदस्य है. वह गिरिडीह के मोना खान और बंगाल के एक मास्टरमाइंड के इशारे पर बंगाल के आसनसोल, दुर्गापुर और रानीगंज से पहले रेकी कर बाइक की चोरी करता था. फिर बंगाल के मास्टरमाइंड के संकेत पर फैज चोरी की बाइक को गिरिडीह में मोना खान के ठिकानों पर पहुँचाया करता था.

### जोरिया का जलस्तर अचानक बढ़ा

## 5 लाख क्यूबिक मीटर पानी ओबी ढेर के साथ आरके रिसोर्स के कार्यस्थल में घुसा

**झरिया (शुभम संदेश)।** कुसुंडा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण ऐना कूवारी नदी (जोरिया) का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे शनिवार देर रात तटबंध टूट गया. जोरिया के तेज बहाव के साथ करीब 5 लाख क्यूबिक मीटर ओबी (ओवरबर्डन) ढेर स्लाइड करते हुए 200 फीट गहरे आरके रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड के ऐना आउटसोर्सिंग कार्यस्थल में घुस गया. खतरे को भांपते हुए आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने सायरन बजाकर कर्मचारियों को सतर्क किया. सायरन की आवाज सुनते ही मजदूरों में भगदड़ मच गई और सभी मशीनें छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए भागे. सौभाग्यवश, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. हालांकि, तेज बहाव और ओबी के ढेर से चार मोटर, पांच 10-इंच रेंज पाइप, 25 यूएम पाइप बहकर क्षतिग्रस्त हो गए. इसके अलावा, तीन ड्रिल मशीन, एक हिटाची मशीन और एक डोजर ओबी के ढेर में दब गए, जिससे आउटसोर्सिंग कार्य पूरी तरह ठप हो गया.

### संसद का मानसून सत्र आज से, दोनों पक्ष तैयार, सरकार बोली

# हर सवाल का जवाब देंगे

### रिजिजू बोले- हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार, विपक्ष से सहयोग की अपेक्षा

**एजेंसियां । नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र से पहले हुई रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई. सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए. हम मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं. उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर सांसदों के हस्ताक्षरों की संख्या पहले ही 100 को पार कर चुकी है. सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के नेताओं की एक बैठक हुई. इस सत्र में कुल 51 राजनीतिक दल और स्वतंत्र सांसद भाग लेंगे. इन 51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया. 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी. यह बहुत रचनात्मक थी. सभी नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों को बताया जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी की बातों पर ध्यान दिया है. हमने अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए. हम अलग-अलग विचारधाराओं वाले राजनीतिक दल हो सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि संसद सुचारू रूप से चले. संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के मुद्दे पर सरकार संसद में उचित जवाब देगी. कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर पार्टियों ने कहा है कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए.

(शेष पेज-11 पर)



### सभी को मिलेगा समय

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है. लेकिन हमने इसका संज्ञान लिया है. हम छोटे दलों को पर्याप्त समय आवंटित करने पर सहमत हुए हैं. हम इसे लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे और फिर हम इस मुद्दे को कार्य मंत्रणा समिति में उठाएंगे.

### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आएगा महाभियोग प्रस्ताव

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा मामले में सभी पक्ष मिलकर प्रक्रिया अपनाएंगे. यह अकेले सरकार का कदम नहीं है. मामले को लेकर हस्ताक्षर की प्रक्रिया चल रही है और यह पहले ही 100 को पार कर चुका है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने साझा किया जाना चाहिए. हमें इसका स्वागत करना चाहिए.

## हमारे देश में पढ़कर विदेश में दे रहे सेवा : जर्नल दास



- रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन के इलेक्ट्रॉनिक और कम्यूनिकेशन सिस्टम के डायरेक्टर है जर्नल डा. बीके दास

**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इकाई इलेक्ट्रॉनिक और कम्यूनिकेशन सिस्टम के डायरेक्टर जर्नल डॉ बीके दास ने रविवार को राज विलास रिसोर्ट कौआबांध में कहा कि विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक में इंजीनियरिंग करना चाहिए और देश की सेवा करनी चाहिए. इस क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं पर आज के विद्यार्थी इलेक्ट्रॉनिक में इंजीनियरिंग करना नहीं चाहते. आज कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करने की होड़ लगी हुई है. सभी कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर विदेश की ओर रुख कर रहे हैं. देश के विभिन्न आईआईटी और एनआईटी में कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग कर देश के अनेक प्रतिभावान बच्चे विदेश में जाकर सेवा दे रहे हैं. यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है. हमारे देश के विद्यार्थी यहां पढ़कर अभियंता बन रहे हैं पर सेवा विदेश में दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भी डीआरडीओ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की. इसके अभियंताओं ने हमले में अपना मार्गदर्शन दिया और मार्गदर्शन सफल रहा भारत ने पाकिस्तान के मंसूबे ध्वस्त कर दिए. इसमें देश के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरों ने भी कमाल दिखाया था. उन्होंने कहा कि डीआरडीओ के अधिकारी रक्षा अनुसंधान और इसके विकास में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, दास ने कहा कि देश के युवाओं को गर्व के साथ जीना चाहिए और देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने में भी पीछे नहीं रहना चाहिए.







# मिसाल : लायंस क्लब रघुनाथ खरकिया अस्पताल चिरकुंडा का 1000 वां मुफ्त नेत्र जांच शिविर

## 30 साल पहले स्वर्गीय बसंत अग्रवाल एवं जगदीश अग्रवाल ने रखी थी अस्पताल की नींव



**शुभम संदेश। चिरकुंडा**

लायंस क्लब रघुनाथ खरकिया मेमोरियल नेत्र अस्पताल चिरकुंडा में रविवार को एक हजारवां नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि लायंस क्लब के वीणा चटर्जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप चटर्जी द्वारा फीता काटकर एवं स्वर्गीय रघुनाथ खरकिया के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया. उसके बाद सभी अतिथियों को अस्पताल कमिटी द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. सभी ने अस्पताल द्वारा किये जा रहे सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी. शिविर में 228 लोगों का नेत्र जांच की गई, जिसमें 12 से अधिक लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिनका आपरेशन नेत्र अस्पताल में किया जाएगा. साथ ही 63 लोगों को जांच के बाद दवा भी दी गई. अस्पताल के निदेशक विनोद अग्रवाल ने कहा कि 30 साल पहले उनके बड़े भाई स्वर्गीय बसंत अग्रवाल एवं जगदीश अग्रवाल ने इस अस्पताल का नींव लायंस क्लब के सहयोग से रखा था. तब से आज तक यह अस्पताल अपने निस्वार्थ कामों के लिए जाना जाता है. यह कहते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है कि पूरे देश में यह पहला ऐसा अस्पताल है जो एक हजारवां मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगा रहा है. इस मौके पर समाजसेवी सह उद्धोगपति बिनोद अग्रवाल,सीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कृष्ण लाल रूंगटा, श्रवण अग्रवाल, अजय शर्मा, अमीत अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सत्यनारायण चौधरी, सुनील गढ़याण, निरंजन अग्रवाल, अनिल दारूका, डा नारायण, अरबिंद साह, निर्मल सिंह रखराय, प्रणव गढयाण, सुनिल हड्डा, महेन्द्र अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मोहिनी शर्मा, उमा शंकर राजपुरिया, संतोष चुलानिया, सुरेश शर्मा, बिनोद शर्मा के अलावे मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा के अध्यक्ष सीमा अग्रवाल,ललिता अग्रवाल,रेणु अग्रवाल, कुशुम खरकिया,सीमा अग्रवाल, रीता गढ़याण आदि थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन अमर राजपुरिया ने किया.

# नियोजन के लिए शव के साथ धरना-प्रदर्शन

## विधायक की पहल पर पुत्र को मिला नियोजन

**शुभम संदेश। मधुबन**



गोविंदपुर एरिया-3 बीसीसीएल के महेशपुर कोलियरी में स्टोर कीपर के पद पर कार्यरत 56 वर्षीय रामरंजन बाउरी का निधन रविवार को इलाज के दौरान एशियन जलान हॉस्पिटल धनबाद में हो गया. दिल का दौरा पड़ने से हुई उनकी मृत्यु से पूरे कोलियरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई. रामरंजन बाउरी की तबीयत 9 जुलाई को अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें सेंट्रल हॉस्पिटल, धनबाद में भर्ती कराया गया. हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें एशियन जलान अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उन्होंने अंतिम सांस ली.

दिवंगत रामरंजन अपने पीछे पत्नी साधना देवी और तीन बेटे मृत्युंजय कुमार, सनोज कुमार और संदीप कुमार को छोड़ गए हैं. परिवार में आपसी सहमति के बाद यह तय किया गया कि सबसे छोटे पुत्र संदीप कुमार को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए. रविवार की शाम परिजन एटक के बैनर तले शव के साथ महेशपुर कोलियरी कार्यालय, सिनिडीह पहुंचे और नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण भी इस दुख की घड़ी में एकजुट होकर खड़े रहे. बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से महेशपुर कोलियरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर बी. विजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की. मौके पर पहुंचे बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा नेता गौरचंद बाउरी, नेपाल रवानी, दिनेश महतो समेत कई जनप्रतिनिधियों ने बीसीसीएल प्रबंधन से बातचीत कर स्थिति का समाधान कराया. वार्ता के सकारात्मक परिणामस्वरूप दिवंगत कर्मचारी के पुत्र संदीप कुमार को प्रोविजनल नियोजन पत्र सौंपा गया. विधायक शत्रुघ्न महतो ने स्वयं संदीप को नियुक्ति पत्र सौंपा, जिससे परिजनों की आंखें नम हो गईं. इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे जिनमें गोपाल बाउरी, आनंद बाउरी, लाला बाउरी, दिलीप बाउरी, सुनील हांडी, सिनिडीह मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान, ललन यादव, अर्जुन सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे.

## ब्रीफ खबरें

### मथुरा महतो के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट, शिकायत

**धनबाद** । विधायक मथुरा महतो के प्रतिनिधि जगदीश कुमार चौधरी ने तोपचांची थाने में आमटाल बलियापुर निवासी अमित महतो के खिलाफ शिकायत की है. बताया है कि अमित महतो ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है. जिसमें उन्होंने झारखंड सरकार के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो के बारे में अपमानजनक बातें की हैं. अमित के इस कृत से टुंडी की जनता में काफी आक्रोश है. जगदीश चौधरी ने मामले में अमित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

### झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष आज धनबाद में

**चासनाला** । झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव सोमवार को धनबाद में रहेंगे. बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल इम्प्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी कोलियरी से जुड़े पदाधिकारी बीसीसीएल, ईसीसीएल, टिस्को तथा असंगठित मजदूरों के एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मदन राम के नेतृत्व में अध्यक्ष जानकी यादव से मुलाकात करेंगे. मदन राम ने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि सर्किट हाउस में समय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं. यह जानकारी बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल इम्प्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राम नारायण ने दी है.

### मधुबन थाना परिसर में सफाई अभियान

**मधुबन** । थाना परिसर और आसपास के इलाके में रविवार को मधुबन पुलिस के अधिकारियों और जवानों द्वारा साफ सफाई की गई. मधुबन थाना परिसर में रखे विभिन्न कांडों में जप्त की गई गाड़ियों को सुरक्षित ढंग से सुव्यवस्थित रखा गया. महीनों से जाम नालियों को भी पुलिस के जवानों द्वारा साफ किया गया.बता दें कि धनबाद के एसपी प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया था कि सभी भी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना परिसर को स्वच्छ रखें. रविवार को मधुबन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की देखरेख में पूरे थाने की साफ-सफाई की गई. जिसमें एसआई शिबू सोरेन, एएसआई चमन शर्मा सहित आधा दर्जन पुलिस के जवान सक्रिय रहे.

### चिरकुंडा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**चिरकुंडा**। वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार चिरकुंडा पुलिस ने शनिवार की रात्रि वाहन जांच अभियान चलाया. इसी के तहत पुलिस द्वारा दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई. इस दौरान चिरकुंडा थाना द्वारा नेहरू रोड पर जांच अभियान चलाया गया. जहां पुलिस को देखते ही कुछ वाहन चालक उल्टे पाव भागने लगे, वहीं कुछ मोटरसाइकिल पर सवार ट्रिपल लोड पुलिस को देखते ही रास्ते बदल लिए. मौके पर जांच का नेतृत्व कर रहे चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर ड्रिंक एन्ड ड्राइव के तहत जांच अभियान चलाया जा रहा है. जिसमे दो पहिया एवं चार पहिया आने जाने वाले सभी गाड़ियों के कागज़ात, हेलमेट एवं डिक्की की तलाशी ली जा रही है.खास कर वाहन चालक नशे की हालत में गाड़ी तो नहीं चला रहा है, इसकी भी जांच की जा रही है.

# बाघमारा विधायक ने लेढ़ी डूमर हरिजन टोला का किया दौरा

## समस्याओं के समाधान का ग्रामीणों को दिया भरोसा



**शुभम संदेश। बरोरा**

बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने रविवार को लेढ़ी डूमर हरिजन टोला का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ नाली, सड़क और जर्जर आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया. विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी जरूरतों को समझा. निरीक्षण के दौरान विधायक महतो ने नाली देखा. उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा. ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में नाली की समस्या के कारण जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है. जर्जरआंगनबाड़ी की मरम्मत का वादा जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने के बाद विधायक ने कहा कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जल्द करवाई जाएगी. उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों के लिए सुरक्षित और बेहतर वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा. ग्रामीणों ने विधायक के इस पहल की सराहना की और अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई. यह दौरा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण लेकर आया है, और विधायक के आश्वासनों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है.

### बाघमारा में करमा महोत्सव समिति की बैठक

**विधायक शत्रुघ्न महतो भी हुए शामिल, कहा- हमारी सांस्कृतिक धरोहर**



**बरोरा।** बाघमारा प्रखंड स्तरीय करमा महोत्सव समिति की बैठक सिंदवारटांड सीएम प्लाजा में आयोजित की गई . जिसमें बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए . इस अवसर पर उन्होंने करमा पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक प्राकृतिक महापर्व है, जो प्रकृति और जीवन के चक्र का प्रतीक है . उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पर्व को पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ मनाया जाना चाहिए . विधायक महतो ने कहा कि करमा पर्व हमें प्रकृति के साथ एकरूप होने का संदेश देता है . यह हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है . हमें एकजुट होकर इसकी महत्ता को समझना चाहिए और इसे सहेजने के लिए प्रयास करना चाहिए .बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक ने पत्रकारों से बातचीत की और करमा पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया . उन्होंने कहा, श्यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है . इसे संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी है . इस अवसर पर समिति के सदस्यों सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता मौजूद थे . बैठक में करमा महोत्सव के आयोजन को लेकर विभिन्न तैयारियों पर भी चर्चा की गई . मौके पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो प्रखण्ड प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख रंजीत सिंह डुमरा मुखिया आनंद कुमार,बरोरा मुखिया प्रतिनिधि देवानंद साव, मुकेश कुमार राय, मदन मोहन, आशा शर्मा, जीवन रवानी,दीपक प्रसाद, शकुन्तला देवी, अरुण खेदू,बेबी वर्णवाल, नीलम वर्णवाल, आशा देवी, नितेश कुमार सिन्टु साव रमेश रजवार, प्रेम कुमार, दामोदर साव,सत्यजीत सोनू सहित अन्य मौजूद थे .

# मजदूरों के पक्ष में आवाज उठाने पर हुआ झूठा मुकदमा : उमेश गोस्वामी



**शुभम संदेश। निरसा बाजार**

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कोलियरियों में प्रबंधन द्वारा सुरक्षा को ताक पर रखकर मजदूरों से काम लिया जा रहा है.इसके चलते ही दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं तथा मजदूर घायल हो रहे हैं. जब यह मामला डीजीएमएस के पास वे ले गए तो उल्टे कोलियरी हरिया जाम कोलियरी प्रबंधन द्वारा रंगदारी मांगने का झूठा मामला दर्ज करवाया गया है. इन सभी बातों से डरने वाला नहीं हूं बल्कि लड़ाई और मजबूत होगी. उक्त बातें झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के केंद्रीय सचिव उमेश गोस्वामी ने रविवार को निरसा भामल स्थित अपनी आवासीय कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही.उन्होंने कहा कि हरियाजाम कोलियरी के 27 नंबर भूमिगत खदान में 2024 से अभी तक तीन-तीन घटना घटी हुई. जिसमें मजदूर घायल हुए। 11 अगस्त को नव गोपाल बाउरी की मृत्यु हो गई थी. मार्च महीने में रविलाल मांझी जो ड्रेसर मजदूर थे. उससे वहां के प्रबंधक विजय सिंह एवं तथाकथित एक मजदूर नेता द्वारा जबरन रवि लाल मांझी से ड्रीलर का काम लिया जा रहा था. इस कारण गिरने से घायल हो गया था. इसकी सूचना खान सुरक्षा निदेशक को नहीं दी गई. जबकि कोलियरी के श्रमिकों द्वारा शिकायत किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है. इस दिशा में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी कोई ठोस पहल नहीं की गई.उनके द्वारा 19 मार्च को खान सुरक्षा महानिदेशक की लिखित शिकायत दी गई और इस घटना की विस्तृत जानकारी दी गई. इसके आलोक में खान सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा 16 जुलाई को जांच का तिथि निर्धारित की गई और जांच में सहयोग करने के लिए वे भी पत्र देकर बुलाया गया था. उसी तिथि को कोलियरी गया भी था. काफी देर इंतजार करने के बाद भी डीजीएमएस की ओर से कोई भी पदाधिकारी नहीं आए तो तब वापस चला आया. मेरे द्वारा डीजीएमएस में से की गई शिकायत से घबरा कर अपनी गलती की छुपाने के लिए प्रबंधक विजय सिंह, सहायक प्रबंधक आनंद मौर्य के द्वारा निरसा थाना में रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई गई है. यह आरोप सरासर गलत है. यदि प्रबंधन के पास पुख्ता सबूत है तो वह सामने लाये. मैं झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन का केंद्रीय सचिव हूं. साथ ही मुगमा क्षेत्र जेसीबी का सदस्य भी हूं. सुरक्षा एवं मजदूरों के हित को लेकर वे हमेशा आवाज उठाते रहेंगे.

# अखिल भारतीय ब्रह्मभट्ट महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह

**शुभम संदेश। महुदा**



अखिल भारतीय ब्रह्म भट्ट महासभा धनबाद-बोकारो द्वारा कपुरिया में समाज के बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान सह प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें वर्ग एक से नवम तक अध्ययनरत बच्चे, मैट्रिक व इंटर के 79 छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने एवं लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से उपहार देकर सम्मानित किया गया. वक्ताओ ने कहा कि शिक्षा के साथ समय प्रबंधन, बड़ों और गुरूजनो का सम्मान, लक्ष्य पर ध्यान देना जरूरी है. इसपर अमल किया जाए तो बच्चों का भविष्य हमेशा उज्ज्वल होगा. कहा कि समाज को जागरूक करने की दिशा में ये एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है. निरंतर ये कार्य जारी है. सभी गांवों में ये कार्यक्रम चलेगा. धनबाद-बोकारो में कुल 34 समाज से जुड़े ग्राम है. ऐसे गांवों में सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है. कहा कि इससे बच्चे एवं उनके अभिभावकों में भी उत्साह का संचार होगा, चेतना जागृत होगी. ऐसे कार्यक्रम जीवन में कुछ करने का जज्बा पैदा करता है. कुछ करने की ललक के साथ अपने अंदर प्रतिस्पर्धा आएगी. कहा कि जो जितना घिसेगा, तपेगा वही चमकेगा. इसलिए खुद को बेहतर करने के लिए झोंक देना चाहिए. समारोह की अध्यक्षता बोकारो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद दसौंधी, संचालन शिवपुजन शर्मा व स्वागत रंजीत दसौंधी ने की. मौके पर शिबु हजारी, मुक्तेश्वर दसौंधी, नरेश दसौंधी, भागवत दसौंधी, दीप नारायण शर्मा, अशोक दसौंधी, आदित्य दसौंधी, फुलचंद दसौंधी, रामस्वरूप हजारी, विजय दसौंधी, सतीस राय, सुनिल हजारी, रामविकास दसौंधी, गौरी दसौंधी, शिशिर हजारी, अशोक हजारी, भोला नाथ दसौंधी आदि मौजूद थे.

# 125 बाल कांवरियों ने कांवर उठा किया जलाभिषेक, महादेव के लगे जयकारे

**शुभम संदेश। गोविंदपुर**



आपणो घर सेवा समिति के तत्वावधान रविवार को आपणो घर परिसर में बाल कांवड़ यात्रा निकाली गई. इसमें 125 बाल कांवरियों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया. कांवड़ लेकर बाल कांवरियों ने पूरे अपने घर परिसर का भ्रमण किया और परिसर स्थित मंदिर में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण किया. इस कांवड़ यात्रा को लेकर बच्चों में भारी उत्साह था. रंग बिरंगे परिधान में सुसज्जित होकर बच्चे परिसर में एकत्र हो गए और बोल बम के जयघोष के साथ यात्रा शुरू की. कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रा हाथी ना घोड़ा ना कौनो सवारी, पैदल ही अयबो हो बाबा तोरे द्वारी.. ओ भोलेनाथ, ओ भोलेनाथ, महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है, सारे गांव का दूध मंगा कर बाबा भोले को नहलाओ, बाबा भोले को नहलाओ, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, आदि भजनों से पूरा परिसर शिवमय हो गया. बाल कांवड़ यात्रियों को आपणो घर सेवा समिति, क्रेडो वर्ल्ड स्कूल और मैनफोर्ट एकेडमी ने उपहार प्रदान किये. इस मौके पर आपणो घर के निदेशक प्रदीप देवरलिया, साधना देवरालिया, किशोर साह, राजू खेतान, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अनूप डालमिया, संजय केडिया, विकास अग्रवाल, सुरेंद्र कनोडिया, संदीप सांवरिया, बबलू केजरीवाल, बुलबुल केजरीवाल, चंदन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शिव राउत, प्रमोद अग्रवाल, अरुण सिंह, मनोज अग्रवाल, देवेंद्र पिलानिया, मोहित बंसल विनोद शर्मा आदि मौजूद थे. सोमवार को मंदिर परिसर में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन में पूरी सोसाइटी का योगदान है.

# चिड़का धाम में शिवभक्तों की भीड़, किया जलाभिषेक



**शुभम संदेश। महुदा**

सावन माह के प्रथम सोमवार में चिड़का धाम स्थित भगवान बाबा गौरीनाथ को जल चढ़ाने के लिए रविवार को तेलमच्चो ब्रीज स्थित दामोदर नदी के घाट से सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने कांवर में जल उठाया. सोमवार को बाबा का जलाभिषेक करने के लिए रविवार दोपहर से ही जल उठाने का सिलसिला शुरू हुई. नदी तट पर श्रद्धालुओं द्वारा बोल बम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा. दामोदर नदी से लेकर चिड़का धाम जाने वाली मुख्य पथ पर जगह जगह केसरियामय पंडाल लगा हुआ है. जहाँ भक्तजनों की सेवा में समाजिक कार्यकर्ता लगे हुए हैं. श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पुलिस के जवान तैनात दिखे.

### कारगिल कांवरिया संघ सुल्तानगंज के लिये रवाना



**निरसा ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कारगिल कांवरिया संघ निरसा भलजोरिया से 60 कांवरिया जत्थे के साथ सुल्तानगंज के लिये रवाना हुये . बोल बम के नारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था . सुल्तानगंज पहुंच मां गंगा की पूजा अर्चना कर वहां से पवित्र जल लेकर कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम पहुंच जलाभिषेक करेंगे . सप्ताहव्यापी कार्यक्रम में संघ द्वारा खाने, पीने व चिकित्सा सेवा की व्यवस्था की गई है . कांवरिया जत्थे में महेंद्र प्रसाद, विजय श्रीवास्तव, मनोज पांडे, तरुणी कुंभकार, नकुल यादव, रूप कुंभकार, बसंत कुंभकार,बंटी साहब राजू सिंह, रमेश दास, संतोष दास, रोहित साव, देवाशीष गोप, अजीत दास सहित अन्य कांवरिया शामिल हैं .

# नावाडीह बीडीओ की धर्मपत्नी अनुराधा बनीं नर्सिंग ऑफिसर



**बरोरा (शुभम संदेश)।** नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी ( बीडीओ ) के पद पर पदस्थापित दारदा निवासी प्रशांत कुमार हेमब्रम की धर्मपत्नी अनुराधा सोरेन ने उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित ईएसआईसी की प्रतियोगी परीक्षा में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर सफलता प्राप्त की है.अनुराधा सोरेन की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है. परिजनों, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी. घर पर बधाइयों का तांता लग गया, हर कोई उनके मेहनत और लगन की सराहना करते नहीं थक रहे हैं.बताया जा रहा है कि अनुराधा ने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह सफलता अर्जित की है. उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरा बाघमारा और नावाडीह प्रखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है.सामाजिक एवं प्रशासनिक हलकों में भी इस खबर को लेकर उत्साह है.

## बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शुभम संदेश। देवघर**



सावन माह के शुरू होते ही देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. रविवार को सुबह दसवें दिन सुबह 04:17 से मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया है. बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूंज से पूरा रूट लाइन गुंजायमान है और सभी कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं. देश के हर कोने और विदेश से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे है. जिला प्रशासन के अनुसार शनिवार रात श्रद्धालुओं की कतार बीएड कॉलेज तक पहुंच गई थी, जिसके बाद तड़के सुबह 04:19 बजे से जलार्पण शुरू हुआ. शनिवार रात तक जलार्पण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 1,90,161 थी. साथ ही बाह्य अर्घा के माध्यम से 48,965, आंतरिक अर्घा से 1,29,756 एवं शीघ्र दर्शनम कूपन 11440 से श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया था. वहीं, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की ओर से रविवार को जानकारी दी गई है कि सावन मेला के अवसर पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों की ओर से अपनी अस्वस्थता का कारण दिखाते हुए मेला ड्यूटी से विमुक्ति का अनुरोध पत्र काफी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं. ऐसे में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि इस निमित्त एक त्रिसदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए उपायुक्त कार्यालय को इसकी सूचना उपलब्ध करायी जाए, ताकि पूर्व अस्वस्थता के आधार पर प्रतिनियुक्ति से मुक्त किये गये दण्डाधिकारी, कर्मी (सूची संलग्न) को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर अस्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देशित किया जा सके. साथ ही आगे इस प्रकार के आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से अस्वस्थता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही आवश्यक निर्णय लिया जा सकेगा. इस प्रकार विमुक्त किये गये दण्डाधिकारी, कर्मी एवं अन्य अभ्यावेदनकर्ता को मेडिकल बोर्ड की ओर से निर्गत अस्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर वे नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के पात्र होंगे.

### दहेज हत्या के वारंटियों के घर चिपका इश्तिहार

**गांडेय (शुभम संदेश)।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के कोलड़ीह गांव में दहेज हत्या के प्राथमिकी अभियुक्तों के घर कोर्ट के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया गया. अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुसैनी अपने दल-बल के साथ ढोल और बैंड बाजा बजाते हुए कोलडीह गाँव पहुँचे और अभियुक्तों के घर इश्तिहार चिपकाया.

गौरतलब है कि कोलडीह गाँव निवासी मालती देवी और संतोष राणा के खिलाफ अहिल्यापुर थाना में कांड संख्या 19/24 के तहत दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था. कोर्ट द्वारा दोनों के खिलाफ वारंट भी निकल चुका था, इसके बावजूद दोनों आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए. जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के घर इश्तिहार चिपकाया.

## नाइजर आतंकी हमले में मृत गणेश के परिजनों से मिले एसडीएम

**शुभम संदेश। बोकारो**



उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर के दोस्सो क्षेत्र में 15 जुलाई को हुए आतंकी हमले में मृत हुए गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया पंचायत के दनिया (कारीपानी) गांव निवासी प्रवासी श्रमिक गणेश करमाली के परिवार से बेरमो के एसडीएम मुकेश मछुआ ने मुलाकात की. उन्होंने दिवंगत गणेश करमाली के परिजनों को ढांढस बंधाया और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया. एसडीएम के नेतृत्व में परिजनों को तत्काल राहत के तौर पर 2 बोरा चावल, 20 किलो आटा, दाल, नमक, एक बोरा आलू तथा 10,000 रुपया नकद सहायता राशि प्रदान की गई. गौरतलब है कि उपायुक्त ने पहले ही पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन कर यथासंभव मदद सुनिश्चित करने का आदेश दिया था. जिला प्रशासन इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. इस अवसर पर गोमिया के बीडीओ महादेव महतो, मुखिया और अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### मुख्य सचिव झारखंड का डीसी ने किया स्वागत

**बोकारो।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी और पूर्व मुख्य सचिव डी.के. तिवारी का बोकारो जिला बॉर्डर तेलमोच्चो ब्रिज के समीप उपायुक्त अजय नाथ झा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. मुख्य सचिव अपनी यात्रा के क्रम में धनबाद से राँची लौट रही थीं. इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, एसी मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, एनडीसी प्रभाष दत्ता, प्रोटोकॉल पदाधिकारी पीयूष और सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

#### आजसू पार्टी के मिलन समारोह को लेकर बैठक

**नावाडीह।** बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम नावाडीह में आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो और संचालन प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो ने किया. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव सह डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, केंद्रीय सचिव जयलाल महतो और नावाडीह प्रखंड प्रभारी सह युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो शामिल हुए. बैठक में आगामी 26 जुलाई 2025 को बोकारो टाउन हॉल में होने वाले आजसू पार्टी के मिलन समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया गया. इस अवसर पर डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी ने कहा कि बोकारो का यह मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसमें हजारों लोग आजसू पार्टी में शामिल होंगे.

#### हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन

**डुमरी (गिरिडीह)।** जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी इसरी बाजार के प्रोफेसर कॉलोनी शिव मंदिर के पास, पुराने ब्लॉक के नजदीक शिव मंदिर के पास, इसरी बस स्टैंड के पास और इसरी मथुरासिनी भवन के पास स्थापित हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया. जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने अपनी 15वें वित्त जिला परिषद मद के अलावा अन्य विभागों से भी समन्वय स्थापित कर योजनाएं लाई हैं. इसी क्रम में, जरेडा (झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी) से संपर्क कर डुमरी प्रखंड के कई स्थानों पर हाई-मास्ट स्ट्रीट लाइटें लगवाने में वह सफल रही हैं, जिनमें से कई का आज विधिवत उद्घाटन किया गया. उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के उनके प्रयास आगे भी जारी रहेंगे.

#### अभाकुक्ष महासभा की जिला स्तरीय बैठक

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ के बाबुपाड़ा स्थित विवाह भवन में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रीय महासभा की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. संघ के अध्यक्ष प्रेम उर्फ मंटा मंडल ने बैठक की अध्यक्षता की. बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में चर्चा कर सुझाव प्राप्त करना था. बैठक का संचालन रमन राय ने किया. अध्यक्षीय भाषण के दौरान मंटा मंडल ने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति उसके संगठन में ही निहित होती है. उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक सक्रिय सदस्य चाहे, तो संगठन एक भव्य रूप धारण कर सकता है. उन्होंने यह भी बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार की सामाजिक व आर्थिक उन्नति करना है. उन्होंने जोर दिया कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक एक-दूसरे को जान नहीं सकेंगे और जब एक-दूसरे को जान ही नहीं सकेंगे.

## बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**शुभम संदेश। गांडेय (गिरिडीह)**

गांडेय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में शनिवार शाम को जमीन विवाद में हुई मारपीट में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही गांडेय थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह दल-बल के साथ गोविंदपुर गांव पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. मृतक की पहचान 65 वर्षीय जीवन टुडू के रूप में हुई है. मृतक की पुत्री पार्वती देवी के लिखित आवेदन के आधार पर रविवार को गांडेय पुलिस ने गोविंदपुर गांव निवासी 35 वर्षीय बिश्वेश्वर टुडू और 55 वर्षीय चंदेश्वर टुडू के खिलाफ कांड संख्या 44/25 के तहत हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है. पुलिस ने दोनों आरोपी पिता-पुत्र को रविवार को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार, जीवन टुडू ने अपने खेत में धान का बिछड़ा (पौधा) लगाया हुआ था. वह अपने खेत की रखवाली कर रहे थे. इसी दौरान, चंदेश्वर टुडू की गाय खेत में आकर फ़सल चरने लगी, जिसका विरोध जीवन टुडू ने किया. इसी क्रम में जीवन टुडू के साथ पिता-पुत्र की बहस शुरू हो गई. बहस के दौरान दोनों आरोपियों ने जीवन टुडू पर लाठी से हमला कर दिया और उन्हें जमीन पर पटक कर घसीटा. जीवन टुडू के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण पहुँचे और उन्हें बचाया. घटना की सूचना मिलने पर उनके परिजन घटनास्थल पहुंचे और जीवन टुडू को घर ले गए, जहां घर में ही उनकी मौत हो गई.

### टोटो की बैटरी चार्ज करने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत



**गोड्डा।** मोतिया थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. टोटो गाड़ी की बैटरी चार्ज करने के दौरान करंट लगने से चालीस वर्षीय हीरालाल मंडल की मौत हो गई. हीरालाल अपने घर पर टोटो गाड़ी की बैटरी चार्ज कर रहे थे. इसी दौरान वे विद्युत प्रवाहित हो रहे एक खुले तार के संपर्क में आ गए और छटपटाने लगे. जब तक घर के लोग और पड़ोसी इकट्ठा होकर तार हटाते, तब तक उनका शरीर काला पड़ चुका था और वे शिथिल हो गए थे. उन्हें आनन-फानन में नजदीकी निजी अस्पताल लाइफ़ केयर ले जाया गया, लेकिन वहां से उन्हें सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया. गोड्डा पहुंचने पर जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया गया. इस घटना के बाद मृतक की पत्नी और घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल था. हीरालाल अपने घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे और टोटो गाड़ी चलाकर ही परिवार का भरण-पोषण करते थे.

### सुरक्षित बचपन के लिए कार्यशाला आयोजित

**ललमटिया (शुभम संदेश)।** सुरक्षित बचपन के लिए 'दामिन पहल' के अंतर्गत बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी और मानव तस्करी के विरुद्ध हितधारकों और प्रशासन के बीच ललमटिया थाना परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन को एक मंच पर लाकर बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरुकता बढ़ाना था. कार्यशाला में पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून और मानव तस्करी रोकथाम से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी गई. मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विशेष रूप से आवागमन की असुविधा और बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने में पड़ने वाले असुरक्षित मार्गों को लेकर चिंता व्यक्त की. इस संदर्भ में उन्होंने पुलिस गश्ती दल की मांग की, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक अमर कुमार और प्रखंड समन्वयक स्टेनिस लुईस मुर्मू ने उपस्थित जनसमूह को बाल अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ कानूनी संरक्षण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया. उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं न सिर्फ जागरुकता फैलाती हैं, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच विश्वास का पुल भी बनाती हैं, जिससे बच्चों को एक सुरक्षित और सशक्त बचपन मिल सके.

## एसडीओ ने किया शिव हॉस्पिटल को सील

### लिंग परीक्षण की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**शुभम संदेश। बोकारो**

चास स्थित आईटीआई मोड़ पर संचालित शिव हॉस्पिटल के अल्ट्रासाउंड कक्ष को जिला प्रशासन ने देर रात सील कर दिया. यह कार्रवाई चास के एसडीओ प्रांजल ढांडा और जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई. दो दिन पहले अस्पताल के अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के खिलाफ शिकायत मिली थी कि यहां बिना वैध लाइसेंस के अल्ट्रासाउंड जांच की जा रही है और गुप्त रूप से लिंग परीक्षण भी किया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को यह सूचना मिली थी कि शिव हॉस्पिटल में नियमों को ताक पर रखकर अल्ट्रासाउंड सेवाएं दी जा रही हैं, जबकि संबंधित जांच के लिए जरूरी लाइसेंस नहीं है. सूचना के आधार पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसके बाद क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के उल्लंघन के तहत अल्ट्रासाउंड कक्ष को सील कर दिया गया. सूत्रों की मानें तो अस्पताल के पास सामान्य चिकित्सकीय सेवाओं का लाइसेंस है, लेकिन अल्ट्रासाउंड सेवाओं के लिए अलग से कोई वैध पंजीकरण नहीं था. साथ ही, लिंग परीक्षण जैसे गंभीर आरोपों की भी जांच की जा रही है. कार्रवाई के दौरान प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया. अब इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है.

### जिला स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक

**साहिबगंज।** पोखरिया टाउन हॉल परिसर में जिला स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई. सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का उद्घाटन सिविल सर्जन और डीएस ने दीप प्रज्वलित कर किया. बैठक में ट्यूबरक्यूलोसिस, एएनसी, ईमू इम्यूनाइजेशन, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, मलेरिया, डायरिया, आयुष्मान भारत, आरोग्य मंदिर (एनक्यूएएस), आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम), एनसीडी (गैर-संचारी रोग), लेप्रोसी (कुष्ठ रोग), एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट), एमटीसी (मालन्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर) जैसे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई.

## फसल लगाने गए ग्रामीणों को पीटा, तीन घायल



**शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)**

लगभग चार महीने पहले तेनुघाट कोर्ट के आदेश पर एक जमीन विवाद में दखल-दिहानी दिए जाने के बावजूद, रविवार को कसमार थाना क्षेत्र के कुरको में जमीन पर खेती करने गए डिग्रीधारी ग्रामीणों को विपक्षी ग्रामीणों ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. इस संदर्भ में रांगामाटी निवासी अशोक ठाकुर ने कसमार थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह और उनकी जमीन के अन्य रैयत रविवार को खेती के लिए फसल लगाने और बीज बुवाई करने गए थे. इसी दौरान, कुरको निवासी विश्वनाथ महतो के बेटे रामपद महतो, विष्णु महतो, सृष्टिधर महतो, गुणा महतो और दिलीप महतो, साथ ही जगदीश महतो ने हरवे-हथियार से लैस होकर जान से मारने की नीयत से रांगामाटी निवासी स्वर्गीय दिलीप चटर्जी के बेटों प्रणब चटर्जी, प्रभाष चटर्जी, प्रकाश चटर्जी और अन्य लोगों के साथ जमकर मारपीट की. इससे सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. सभी घायलों का इलाज कसमार सीएचसी में किया गया. इस संदर्भ में थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने बताया कि दोनों ही पक्षों से मारपीट की शिकायत मिली है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी.

## भाजपा नेता ने खाद्य आपूर्ति विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

- दाल चोरी का शक

**शुभम संदेश। जमुआ (गिरिडीह)**



जमुआ का प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है. बिना अनाज भेजे अंगूठा लगवाने, समय पर अनाज न भेजने, गोदाम में अनाज सड़ने और वजन करते समय पैर दबाकर वजन बढ़ाने जैसे कई मामले पहले भी सामने आते रहे हैं. इन मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अनशन, धरना और जनप्रदर्शन भी किए गए हैं. अब भाजपा नेता परमेश्वर यादव ने एक बार फिर विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी आवाज़ बुलंद की है.

**निजी वाहन से दाल भेजने पर उठे सवाल :** परमेश्वर यादव ने इन तमाम मुद्दों पर उपायुक्त को पत्राचार भी किया है. ताज़ा मामला 18 जुलाई का बताया जा रहा है. श्री यादव ने आरोप लगाया है कि जब सरकारी डी.एस.डी. (डोर स्टेप डिलीवरी) वाहन मौजूद था, तब भी 18 जुलाई को करीब 26 बोरा दाल प्राइवेट गाड़ी से भेजी जा रही थी. उन्होंने सवाल उठाया कि यह किस नीयत से भेजा जा रहा था और सीधा आरोप लगाया कि माल को बेचने की तैयारी थी. परमेश्वर यादव का यहां तक कहना है कि जब उन्होंने फोन पर गोदाम प्रबंधक वसंत हाजरा से इस मामले में बात की, तो उन्होंने तुरंत हरकत में आकर गोदाम में वापस खाली करा दिया.

**नियमों के उल्लंघन का आरोप :** इस मामले में गोदाम प्रबंधक बसंत हाजरा का कहना है कि डीलर खुद टेम्पो लेकर आए थे, इसलिए उन्होंने उसे दाल दी थी. लेकिन, भाजपा नेता परमेश्वर यादव ने यह भी बताया कि सादे कागज पर बसंत हाजरा के हस्ताक्षर युक्त कागज पर दाल की डिलीवरी भेजी जा रही थी, जो कि नियमों के विरुद्ध है. इस संबंध में श्री यादव ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी को व्हाट्सएप पर मैसेज भी किया है. इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी अमलजी का कहना है कि कई बार गाड़ी उपस्थित नहीं रहने पर प्राइवेट गाड़ी से भी माल भेजा जाता है.

## रोटरी क्लब में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण

**शुभम संदेश। बोकारो**




रोटरी क्लब बोकारो स्टील सिटी ने अपने सेक्टर चार परिसर में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण और छात्र शिक्षा परियोजना कार्यक्रम का आयोजन किया. यह पहल जनस्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति रोटरी क्लब की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है. महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया. इस शिविर में 84 छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन की दूसरी खुराक दी गई. सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाले सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है, जिसका मुख्य कारण हाई-रिस्क एचपीवी संक्रमण होता है. एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षित और प्रभावी बचाव उपाय है, जो किशोरावस्था में दिए जाने पर सबसे अधिक प्रभावी होता है. यह शिविर मुस्कान हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. एस.सी. मुंशी (निदेशक) ने किया. इस दौरान वंदना सहाय (उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), संतोष कुमार गोप, सुचिता सिंह और पुष्पा भी उपस्थित रहे. दूसरे आयोजन में एक छात्रा की शिक्षा परियोजना पर कार्यक्रम किया गया. रोटरी क्लब के सचिव घनश्याम दास ने एक छात्रा की स्नातक तक की संपूर्ण शिक्षा को प्रायोजित करने की जिम्मेदारी ली है. इसके तहत उन्होंने उस छात्रा को 11वीं कक्षा की पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं. दास ने कहा कि शिक्षा, विशेष कर बालिकाओं की शिक्षा, समाज में स्थायी बदलाव लाने की कुंजी है. इस अवसर पर घनश्याम दास (सचिव), प्रदीप राय (उपाध्यक्ष), डॉ. राजदीप (कोषाध्यक्ष), शाइनी जकारिया (परियोजना चेयरपर्सन), पी.डी.जी. महेश केजरीवाल, अशोक तनेजा, अशोक जैन, अशोक केडिया, महेश गुप्ता, प्रदीप नारायण, उत्पल मुखर्जी, संजय जैन, नरेश लोधा और महेश कुमार लाल उपस्थित रहे.

### कारगिल विजय माह पर रक्तदान शिविर

**बोकारो (शुभम संदेश)।** कारगिल विजय की 26वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कारगिल विजय माह के अंतर्गत सदर अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. सदर अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. एन.पी. सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बोकारो महानगर संघ चालक रंजीत बर्नवाल ने स्वयं रक्तदान कर समाज में इसके प्रति जागरुकता फैलाने की अपील की. उन्होंने पिछले 13 वर्षों से लगातार कारगिल माह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो की सराहना भी की. शिविर में अमित कुमार, अभिषेक कुमार, शत्रुघ्न सिंह, संजीव कुमार, सरयू शर्मा, नीरज कुमार तिवारी, रंजय कुमार सिंह, राकेश मिश्रा, अमरनाथ लाल दास, अभय कुमार राय सहित कई अन्य लोगों ने रक्तदान किया. वेटरन राकेश मिश्रा ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. मैथिली ठाकुर, धनंजय कुमार और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया.

### न्यूज अपडेट

#### नाबालिग लापता, परिजनों को मिल रही धमकी

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है. घटना के संबंध में परिजनों ने बेंगाबाद थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है. बताया गया कि यह घटना 11 जुलाई की है, जब खेत में काम कर रहे परिजनों के लिए पानी लाने घर गई नाबालिग वापस नहीं लौटी. परिजनों के अनुसार, नाबालिग के पिता ने उसे दोपहर में खेत से पानी लाने घर भेजा था. काफ़ी देर बीत जाने के बावजूद जब वह वापस नहीं आई तो चिंतित परिजन घर पहुंचे. वहाँ पहुंचने पर देखा कि नाबालिग घर में भी नहीं थी. उसके बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों में व्यापक स्तर पर खोजबीन की, लेकिन कई दिन गुजर जाने के बाद भी अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है. इस संबंध में परिजनों ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया. थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 107/25 के तहत अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है. लापता नाबालिग के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों से उन्हें लगातार धमकी दी जा रही है. अज्ञात युवक द्वारा फोन पर कहा जा रहा है कि आपकी बेटी को हमने भगा कर ले गये हैं, जेल जाने से मुझे कोई डर नहीं है, मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा. परिजनों ने तीनों मोबाइल नंबरों को लिखित आवेदन में पुलिस को सौंपा है.

#### जंगली फूल खाने से चार बच्चों की हालत बिगड़ी

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोलबंदा गांव में जंगली फूल खाने से एक ही परिवार के चार बच्चों की हालत गंभीर हो गई. सभी बच्चों को उनके परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. बताया जा रहा है कि सोलबंदा गांव निवासी मनोहर मुसहर के दो बेटे 8 वर्षीय विष्णु कुमार और 7 वर्षीय कार्तिक कुमार तथा सदानंद के दो बच्चे 15 वर्षीय नैना कुमारी और 10 वर्षीय रवीना कुमारी की तबीयत खराब हुई. ये सभी बच्चे एक ही घर के हैं. जानकारी के अनुसार बच्चे अपने परिजनों के साथ खेत में गए हुए थे, जहाँ परिजन धान की रोपाई कर रहे थे. घर लौटते समय चारों बच्चे रास्ते में मिले छतरी जैसे दिखने वाले जंगली फूल को मशरूम समझ कर घर ले आए और खा लिया. इसे खाने के बाद चारों बच्चों की हालत गंभीर हो गई. सभी बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है.

#### बीज वितरण में अनियमितता पर डीसी से शिकायत

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के किसानों ने खरीफ फसल के लिए बीज वितरण में अनियमितता की शिकायत जिले के उपायुक्त से की है. किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग से जुड़े प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) ने बिना पूर्व सूचना दिए मनमाने तरीके से बीज बांट दिए, जिससे सैकड़ों किसान बीज से वंचित रह गए और उनकी बुवाई प्रभावित हो रही है. कृषक मित्र राजीव रंजन और अक्षय कुमार के नेतृत्व में किसानों ने बोकारो उपायुक्त को ज्ञापन भेजा है. ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बीटीएम अरुण कुमार ने समय पर और सही तरीके से बीज वितरण नहीं किया. जरूरतमंद किसानों को अब तक बीज नहीं मिल पाया है, जिससे उन्हें भारी नुकसान की आशंका है. किसानों ने पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से बीज वितरण की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की अपील की है.

#### मंत्री ने सुनी जनसमस्याएं, निदान के निर्देश

**बोकारो (शुभम संदेश)।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मुरुबन्दा स्थित अपने आवास पर क्षेत्र से आए बड़ी संख्या में लोगों से मुलाकात की. इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और आवश्यकताएं मंत्री के समक्ष रखीं. मंत्री ने सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और तत्काल समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का निवारण करना, उन्हें गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करना और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. मंत्री ने आगे कहा कि जनभागीदारी के साथ वे विकास के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता के सहयोग से वे इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं.

ब्रीफ खबरें

### पाथरडीह चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक

**चासनाला।** नुनुडीह स्थित होंडा शो रूम के समीप रविवार की शाम पाथरडीह चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई. धनबाद जिला चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका व महा सचिव अजय नारायण लाल उपस्थित थे. इस दौरान बैठक में संगठन को मजबूत व शसक्त बनाने, संगठन के व्यापारियों को एकजुट करने पर जोर दिया गया. चेतन प्रकाश गोयनका ने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा, जब आपस में एकता होगी. हमारी एकता ही हमारी समस्याओं का हल है. धनबाद में चेम्बर्स आफ कॉमर्स की संख्या 60 है जिसे और बढाना हमारा लक्ष्य है, जिसे लेकर हमलोग एक विराट महासम्मेलन करने की तैयारी कर रहे हैं.व्यपारियों की समस्याओं व उसके निदान को लेकर 24 जुलाई गुरुवार को धनबाद एसएसपी में मुलाकात करेंगे. महासचिव अजय नारायण लाल ने कहा कि चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स का गोमो, निरसा चिरकुंडा सिंदरी राजगंज,तक विस्तार हो गया है जिसका और भी विस्तार करना है.

# मुख्य सचिव ने मुनिडीह प्रोजेक्ट का किया भ्रमण

- अंडरग्राउंड माइनिंग की प्रक्रिया से हुई रूबरू

शुभम संदेश। पुटकी

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने रविवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के पश्चिमी झरिया क्षेत्र के मुनिडीह प्रोजेक्ट अंतर्गत मुनिडीह कोलियरी में अंडरग्राउंड माइनिंग का भ्रमण किया.इस दौरान उन्होंने बीसीसीएल के पदाधिकारियों से सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की. इसके बाद अंडरग्राउंड माइन्स में कोयला खनन की प्रक्रिया देखी. उन्होंने बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से उत्पादन व डिस्पैच की जानकारी ली. कोयले की गुणवत्ता पर चर्चा की. मुनिडीह पहुंचने पर बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मुख्य सचिव का स्वागत किया. मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी, उपायुक्त



आदित्य रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (तकनीकी ऑपरेशन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी, प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, पुटकी के अंचल अधिकारी विकास आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# पत्रकार लोकतंत्र की नींव को करते हैं मजबूत : राजकुमार

## मारवाड़ी युवा मंच, झरिया ने पत्रकारिता के मूल्यों को किया नमन

शुभम संदेश। झरिया

मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा रविवार बालिका विद्या मंदिर, झरिया में जनध्वनि सम्मान नामक एक विशेष सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया. यह आयोजन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को समर्पित था, जिसमें समाज की नब्ज़ को पकड़ने वाले निर्भीक, निष्पक्ष और जन-जागरूक पत्रकारों को मंच द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल अध्यक्ष, मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया थे. विशाल पाडिया अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा तथा मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओपी अग्रवाल मंच पर विराजमान थे. मुख्य अतिथि राज कुमार अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार समाज की आंख, कान और ज़मीर होते हैं. वे सच को निडरता से सामने लाकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करते हैं. ऐसे प्रयासों से ही समाज में विचार और संवाद जीवित रहते हैं. पत्रकार अशोक शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता आज एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है, लेकिन जब समाज पत्रकारों के योगदान को सम्मान देता है, तो यह एक उम्मीद जगाता है कि सच बोलने वाले अब भी सराहे जाते हैं यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, विचार का है. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने अपने 40 वर्ष पूरे किए हैं — हम सबने मिलकर रूबी जयंती मनाई. इन चार दशकों की यात्रा में पत्रकार बंधुओं का हमें निरंतर सहयोग मिला है, उन्होंने हमारे हर प्रयास को जन-जन तक पहुँचाया है.आज का दिन हमारे लिए इस बात का अवसर है कि हम उनके इस साथ को नमन करें और उन्हें समाज के एक सशक्त मंच से सम्मानित करें.कार्यक्रम संयोजक गौरव मोदी ने बताया कि यह आयोजन केवल सम्मान नहीं, बल्कि पत्रकारिता में निहित सेवा, सत्य और सरोकार के मूल्यों का एक जीवंत उत्सव था. इस अवसर पर झरिया क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को प्रतीक चिह्न और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य अतिथि, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश केजरीवाल, प्रांतीय कोसाध्यक्ष विकाष झाझरिया, प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव सांवन्तिया, प्रांतीय मुख्यालय सचिव श्वेता भाला, प्रांतीय संयोजक नीरज अग्रवाल, अमित शर्मा, बालिका स्कूल की प्रिंसिपल पूनम गोयल, असीम अग्रवाल, विवेक लिल्हा, अमित अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद कासट, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु एवं मंच सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन उर्वी शर्मा द्वारा प्रभावशाली और भावनात्मक शैली में किया गया, जिसने आयोजन को गरिमा और भाव से भर दिया. समापन पर सभी उपस्थितजनों ने पत्रकारिता की गरिमा और सामाजिक ज़िम्मेदारी को नमन करते हुए आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की.

## मंडल कारा में जेल अदालत




शुभम संदेश। धनबाद

झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के आदेशानुसार रविवार को मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि रविवार को जेल अदालत में के लिए चिन्हित कुल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी सुरेश उरांव के समक्ष हाजिर कराया गया. इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी व एलएडीसीएस की टीम ने बंदियों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी. वहीं चिकित्सकों की टीम द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य जांच की गई.

### बंगाली वेलफेयर सोसाइटी की संगीतमयी शाम

**धनबाद (शुभम संदेश)।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक बेहद खास और संगीतमय पहल की गई. सीएमपीएफ दुर्गा मंदिर परिसर में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें जिले भर के बंगला भाषी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता हाई कोर्ट के जज आलोक राज चौधरी मौजूद रहे. उन्होंने न सिर्फ बच्चों का उत्साहवर्धन किया बल्कि इस प्रयास की सराहना भी की. बच्चों की छुपी प्रतिभा को सामने लाने में मददगार साबित होते हैं, प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में बांटा गया है. बंगाली वेलफेयर सोसाइटी का उद्देश्य है कि समाज में छिपी कला और संगीत की प्रतिभा को सही मंच मिले और उन्हें निखारने का अवसर प्राप्त हो. इस मंच ने कलाकारों को आत्मविश्वास से भर दिया.

> प्रतिभा खोज में पहुंचे हाइकोर्ट के जज

## सावन महोत्सव में थिरकीं महिलाएं



शुभम संदेश। धनबाद

राइजिंग महिला सेवा समिति द्वारा आयोजित सावन मिलन का कार्यक्रम स्थानीय उत्सव भवन,लुंबी सर्कुलर रोड में संपन्न हुआ. कुल 65 महिलाओं ने जमकर मस्ती की. कार्यक्रम में कोलकाता से महिला एंकर ने समा बांधा और महिलाओं ने कई प्रकार के खेल खेलकर आंनद उठाया. साथ ही सभी महिलाओं ने जमकर डांस भी किया. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष से राइजिंग चेरिटेबल सोसाइटी की महिला विंग सावन मिलन के कार्यक्रम को आयोजित करता आ रहा है. कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनंदा मेसी,रंजना साहू, नविता झा, मिनल तायल, मनिता चौरसिया, सरिता मालाकार, शिल्पी जैन, नीता सिन्हा, नीतू सिन्हा एवं अन्य कई सदस्यों ने प्रमुख भूमिका निभाई.

## बांसफोर समाज ने विधायक राज को किया सम्मानित



शुभम संदेश। धनबाद

रविवार को धनबाद के रागाटांड़ कब्रिस्तान के समीप बांसफोर जाति एकता संघ के बैनर तले एक विशेष आयोजन किया गया. इस मौके पर क्षेत्रीय कमेटी द्वारा निर्वाचित जिला अध्यक्ष महेन्द्र बांसफोर, उपाध्यक्ष विनोद बांसफोर एवं महासचिव राजू बांसफोर की उपस्थिति में धनबाद विधायक राज सिन्हा को पगड़ी पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में समाज के लोगों की भारी उपस्थिति रही, जिसमें समाज की एकजुटता और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई. इस दौरान कई लोगों ने बांसफोर जाति एकता संघ की सदस्यता भी ग्रहण की. नवगठित सदस्यों में सेमफूल, सुरेश, गणेश, राजू, रमेश, रामाशंकर, सुरेश कुमार, मनोज, महेश, गुड्डू, दिनेश, विक्की, राकेश, मनोज कुमार, कुणाल बांसफोर और सत्या बांसफोर शामिल हैं। कार्यक्रम ने समाज में नई ऊर्जा और संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया.

# आसनसोल

# कोलकाता - दिल्ली हाईवे पर भू-धंसान, बना 25 फीट गड्ढा

- मचा हड़कंप, मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित

शुभम संदेश। आसनसोल

आसनसोल के रघुनाथ बाटी इलाके में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो, जिसे ₹उन्नीस₹ के नाम से भी जाना जाता है, पर रविवार तड़के लगभग पांच बजे अचानक एक तेज धमाके के साथ भू-धसान की घटना हुई. इस हादसे में सड़क के बीचों-बीच एक बड़ा गड्ढा (गोफ) बन गया है, जिसकी गहराई 25 फीट से अधिक बताई जा रही है, जबकि इसकी चौड़ाई लगभग 6 से 8 फीट है. यह घटना कोलकाता को दिल्ली से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर घटी, जिससे सड़क पर यातायात पूरी तरह से



बाधित हो गया है. फिलहाल, आसनसोल नॉर्थ ट्रैफिक पुलिस द्वारा गड्ढे की घेराबंदी कर दी गई है और वहां पुलिस बल की तैनाती भी कर दी गई है. यह घटना सुबह लगभग 5 बजे की बताई जा रही है, लेकिन चार घंटे बीत जाने के बाद भी सड़क पर बने इस कुएं जैसे गड्ढे की भराई नहीं हो सकी है. इसी कारण, मालवाहक ट्रक चालकों समेत अन्य वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुए सड़क के किनारे से अपने वाहन निकालने को मजबूर हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके इलाके में ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) कंपनी द्वारा भूमिगत कोयला खनन का कार्य किया गया है, लेकिन खदान की भराई नहीं की गई है. इसी वजह से बरसात के समय इस प्रकार की घटनाएं बार-बार होती रहती हैं. लोगों ने बताया कि इस इलाके में ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है. इससे पहले भी एक भू-धसान की घटना में इलाके का एक क्लब पूरी तरह ध्वस्त हो गया था. स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के दिनों में उन्हें हमेशा यह डर सताता रहता है कि कहीं उनका घर भी भू-धसान की चपेट में न आ जाए और जमींदोज न हो जाए.

# बराकर में ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप

- 180 खिलाड़ियों ने मुकाबले में लिया भाग

शुभम संदेश। बराकर

बराकर अग्रसेन भवन में एक दिवसीय तृतीय स्वर्गीय ओम प्रकाश केशरी मेमोरियल ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता का आयोजन पश्चिम बर्दवान ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रसनजीत चक्रवर्ती द्वारा किया गया, जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के पूर्व ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं. प्रसनजीत चक्रवर्ती चार बार ब्लैक बेल्ट से सम्मानित हो चुके हैं और वर्तमान में ताइक्वांडो शिक्षक के रूप में सक्रिय हैं. वे स्कूली छात्र-छात्राओं, कॉलेज के युवाओं और जरूरतमंद लोगों को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो की विधियां सिखाते हैं. प्रसनजीत हर वर्ष इस प्रकार की चैंपियनशिप का आयोजन करते हैं, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच मिल सके और समाज में यह संदेश पहुंचे कि ताइक्वांडो न केवल



आत्मरक्षा का एक माध्यम है, बल्कि यह भविष्य में एक सफल करियर विकल्प भी बन सकता है. प्रतियोगिता के दौरान प्रसनजीत चक्रवर्ती ने ताइक्वांडो खेल के कुछ प्रमुख नियमों की जानकारी भी दी. उन्होंने बताया किः ताइक्वांडो मैच अष्टकोणीय क्षेत्र में आयोजित किए जाते हैं. एक मैच तीन राउंड का होता है, प्रत्येक राउंड 2 मिनट का होता है और राउंड के बीच 1 मिनट का विश्राम दिया जाता है. धड़ या सिर पर किक या पंच मारने पर अंक मिलते हैं. नॉकआउट से भी मुकाबला जीता जा सकता है. कमर के नीचे वार करना और चेहरे पर हाथ से प्रहार करना प्रतिबंधित है. यदि किसी खिलाड़ी को 4 पेनाल्टी अंक मिलते हैं, तो वह अयोग्य घोषित कर दिया जाता है. सुरक्षात्मक जैकेट और हेलमेट पहनना अनिवार्य होता है. उन्होंने यह भी बताया कि मुकाबले की शुरुआत से पहले प्रतियोगी और रेफरी एक-दूसरे को प्रणाम करते हैं, और पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना और एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखना चाहिए. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे एक रैली के साथ हुई, जिसमें सभी प्रतिभागी शामिल थे. यह रैली बराकर चेकपोस्ट से शुरू होकर अग्रसेन भवन तक पहुँची. चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह 11 बजे प्रारंभ हुआ और प्रतियोगिता का समापन शाम 7 बजे हुआ. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. साथ ही, कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को एसोसिएशन की ओर से अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

## नेत्र जांच शिविर में पहुंचे मंत्री मलय घटक

- मंच के कार्यों की प्रशंसा की

शुभम संदेश। बर्नपुर

आसनसोल हिंदी जनकल्याण मंच महिलाओं के सशक्तिकरण और हिंदी भाषियों के कल्याण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है. इसी क्रम में रविवार को मंच द्वारा लाइफ सेवर के सहयोग से ध्रुव डंगाल फ्री प्राइमरी स्कूल में एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री मलय घटक उपस्थित हुए. उनका स्वागत मंच के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं सचिव रामाधार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया. इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय पार्षद बबीता दास का भी मंच के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मलय घटक ने मंच द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और यह आश्वासन दिया कि वे आगे भी



मंच के सभी सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे तथा उसे सफल बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे. शिविर में नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया. इस शिविर में 200 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 113 लोगों को निःशुल्क चश्मा दिया जाएगा, जबकि 42 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा. इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह, सचिव रामाधार सिंह, शाहिदा परवीन, इकबाल सिंह बाली, गांधी प्रसाद नोनिया, मधु, प्रभु, राजीव सिंह, दयानंद पासवान, राजेश सिंह, गुलशन सिंह, रामाकांत सिंह यादव समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### संस्था 'साथी' ने स्कूलों में किया पौधरोपण

**पुरुलिया।** स्वयंसेवी संस्था साथी की ओर से संस्था के सदस्यों द्वारा पुरुलिया ब्लॉक नंबर 2 के लेदा बेरा प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरुलिया के ब्लॉक नंबर 2 के पुकुर गरिया, विभूतिनाथ हाई स्कूल और ब्लॉक नंबर 1 के लेदा बेरा प्राथमिक विद्यालय में लगभग 100 पेड़ लगाए गए. इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र, शिक्षक और संस्था के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए. उन्होंने विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार और छायादार पौधे रोपित किए. संस्था की ओर से दिब्येंदु दत्ता और सुब्रत मित्रा ने बताया कि इन दो स्कूलों में पेड़ लगाने के साथ-साथ छात्रों को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है. यह पौधरोपण कार्यक्रम संस्था द्वारा पूरे वर्ष की जाने वाली सामाजिक सेवा गतिविधियों का एक भाग है. विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने इस पहल की सराहना की और संस्था के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए आश्वस्त किया कि वे विद्यालय परिसर में लगाए गए.

## आयुष ने बनाई स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक

- वायब्रेशन से सचेत करेगी स्मार्ट स्टिक

शुभम संदेश। बर्नपुर

बर्नपुर शास्त्रीनगर निवासी और आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र आयुष कुमार भगत ने दृष्टिहीन दिव्यांगजनों के लिए एक अत्याधुनिक स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक का निर्माण किया है. यह स्टिक चलते समय सामने आने वाली बाधाओं की जानकारी ध्वनि (वीप) और वाइब्रेशन के माध्यम से देती है, जिससे उपयोगकर्ता सतर्क हो जाता है और किसी भी दुर्घटना से बच सकता है. इस स्मार्ट स्टिक को बनाने में आयुष को लगभग दो महीने का समय लगा. उन्होंने बताया कि कॉलेज की ओर से उन्हें एक नवाचारात्मक प्रोजेक्ट बनाने का कार्य सौंपा गया था. उन्होंने काफी सोच-विचार के बाद यह तय किया कि वह ऐसा कुछ बनाएँ जिससे दृष्टिहीन लोगों को वास्तविक लाभ मिल सके. इसी सोच के तहत उन्होंने यह स्मार्ट स्टिक तैयार की.



आयुष ने बताया कि बाजार में भले ही कई प्रकार की छड़ियाँ उपलब्ध हैं, लेकिन यह स्मार्ट स्टिक विशेष रूप से इस उद्देश्य से बनाई गई है कि दृष्टिहीन व्यक्ति बिना किसी सहारे के स्वतंत्र रूप से कहीं भी जा सकें. यह स्टिक चलने के दौरान सामने किसी भी अवरोध की स्थिति में वीप अलर्ट के साथ ध्वनि करती है, जिससे व्यक्ति को आगे खतरा होने का संकेत मिल जाता है. अगर उपयोगकर्ता सिर्फ दृष्टिहीन ही नहीं, बल्कि श्रवण बाधित भी हो, तो यह स्टिक वाइब्रेशन अलर्ट के माध्यम से चेतावनी देती है. आयुष ने बताया कि इसमें विशेष इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और कोडिंग का इस्तेमाल किया गया है. इसे तैयार करने में कुल 3 से 4 हजार रुपये का खर्च आया. इस प्रोजेक्ट में आयुष के साथ उनके सहपाठी सुशांत ओराव और देवजीत सिंघा ने भी तकनीकी सहयोग किया. आयुष का यह नवाचार दृष्टिहीन दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है.

न्यूज अपडेट

### राजस्थानी महिलाओं ने मनाया तीज पर्व



**रानीगंज (शुभम संदेश)।** राजस्थानी महिलाओं की सामाजिक संस्था देवी शक्ति की ओर से सराफ धर्मशाला में तीज महोत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पारंपरिक राजस्थानी लोकनृत्य, गीत, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी मनोज सराफ ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रानीगंज की खासकर राजस्थानी महिलाएं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं और हर पर्व-त्योहार को महानगरों की तर्ज पर पारिवारिक और आनंदमय माहौल में मनाती हैं. कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि इनर व्हील क्लब महिला विंग की अध्यक्ष अनीशा भुवालका दुबे ने कहा कि रानीगंज के लोग सामाजिक कार्यों के लिए समय निकालते हैं और महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान देती हैं.

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** जिले के मानबाजार थाना अंतर्गत जीतूजुरी इलाके के नडीहा गांव में रविवार दोपहर करीब 3 बजे खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार, नडीहा गांव निवासी भागवत महतो प्रतिदिन की तरह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत में काम कर रहे थे. उसी दौरान अचानक तेज गरज के साथ बिजली गिरी और वे मौके पर ही गिर पड़े. परिजन उन्हें तत्काल मानबाजार अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया सरकारी अस्पताल भेज दिया है.

# औषधीय फसल स्टीविया आमदनी बढ़ाये



## स्टीविया मूलतः

**पेरुग्वे का पौधा है परंतु इसकी खेती मुख्यतः कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब तथा राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले में प्रारंभ हो चुकी है। इसके पत्तों का स्वाद मीठा होता है, सूखी हुई पत्तियों में 3 से 20 प्रतिशत स्टीवियोसाइड होता है। यह मधुमेह रोगियों में इन्सुलिन की मात्रा को घटाता है साथ ही त्वचा के कैंसर की दवाई, दंत मंजन बनाने व रक्त चाप कम करके उसे नियंत्रित करता है।**

## जलवायु एवं मिट्टी

स्टीविया की फसल वर्षा को सहन कर लेती है उचित जल निकास आवश्यक है। मिट्टी रेतीली दोमट जिसका पीएच 6 से 7.5 के मध्य हो उपयुक्त रहती है।

## भूमि की तैयारी तथा पौध रोपण

स्टीविया की खेती एक पंचवर्षीय फसल के रुप में की जाती हैं अतः खेत की जुताई दो से तीन बार कर उसमें 3 टन केचुंआ खाद अथवा 6 टन कम्पोस्ट खाद के साथ 120 किग्रा प्रॉम जैविक खाद खेत मे मिलानी चाहिए। मिट्टी जनित रोगों तथा दीमक से सुरक्षा के लिए प्रति एकड़ 150 से 200 किग्रा नीम की पिसी हुई खल भी खेत की तैयारी के समय मिला दी जाती है।

नर्सरी में इसकी पौध को कटिंग, बीज अथवा टिश्यू कल्चर से तैयार किया जाता है। कलम से तैयार पौधे अच्छे चलते हैं। स्टीविया का रोपण मेड़ों पर किया जाता है ये 1 से 1.5 फीट ऊंची व 2 फीट चौड़ी रखी जाती है। पौधे से पौधे के मध्य 6 से 9 इंच व कतार से कतार 40 सेमी की दूरी रखते हैं। इस प्रकार एक एकड़ में 30 से 40 हजार पौधे लग जाते हैं। रोपण का उपयुक्त माह जुलाई–अगस्त व मार्च–अप्रैल है।



## प्रजातियां

विश्वभर में स्टीविया की लगभग 90 प्रजातियां हैं। वर्तमान में स्थानीय जलवायु में एसआरबी–123 जिसकी वर्ष में 5 कटाई ली जा सकती है तथा एसआरबी–512 (चार कटाई) व एसआरबी 120 प्रमुख हैं।



## सिंचाई

इसकी फसल को वर्ष भर निरंतर सिंचाई की आवश्यकता होती है। स्प्रिंकलर के उपयोग के अलावा इसकी सिंचाई ड्रिप विधि से अधिक फायदेमंद है।

## कटाई व पत्तियों को सुखाना

रोपण के लगभग चार माह के उपरांत भूमि से 15 से 20 सेमी की ऊंचाई तक फसल की कटाई करें। कटाई का कार्य पौधों पर फूल आने से पूर्व करें। आगे की कटाई प्रथम कटाई से 3–3 माह पर करते हैं। कटाई के बाद प्रायः 3 से 4 दिन तक पत्तों को छाया में सुखाया जाता है जिससे ये पूर्णतया नमी रहित हो जाते हैं।

## उपज

बहुवर्षीय फसल होने के कारण स्टीविया की उपज में प्रत्येक कटाई के साथ बढ़ोत्तरी होती जाती है। चार कटाईयों से लगभग 2 से 4 टन पत्तियां प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। औसतन फसल से वर्ष भर में लगभग 2.5 टन सूखे पत्ते प्राप्त होते हैं।

## पैकिंग व शुद्ध लाभ

सूखी हुई पत्तियों को प्लास्टिक के बैगों में सील पैक कर भर दिया जाता है। इसकी खरीद देश की कई प्रमुख कंपनियां कर रही हैं तथा कई इसे पुर्नखरीदी आधार पर प्रोत्साहित भी कर रही हैं। इसकी बिक्री दर 80 से 120 रुपये प्रति किग्रा तक है। लागत को घटाकर एक अनुमान के मुताबिक करीब एक लाख रुपये प्रति हैक्टेयर शुद्ध लाभ बनता है। अच्छी तकनीक से उपजायी गयी सूखी पत्तियों के पाउडर का मूल्य कृषक को दो सौ रुपये प्रति किलो तक मिल सकता है।



## खरपतवार नियंत्रण एवं निराई-गुड़ाई

खरपतवार निकालने का कार्य हाथों से ही किया जाना चाहिये तथा इस हेतु रसायनिक खरपतवारनाशी काम में न लें।

## पोषक तत्वों की आवश्यकता

फसल की निरंतर वृद्धि के लिए खाद के साथ–साथ प्रत्येक कटाई के बाद 500 किग्रा केचुंआ खाद व 30 किग्रा प्रॉम जैविक पौधों के पास डालना चाहिए। फसल में रसायनिक उर्वरकों एवं टॉनिकों का प्रयोग न करें।

## पौध संरक्षण

नियमित अंतरालों पर गोमूत्र अथवा नीम तेल का पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल रोगों व कीटों से मुक्त रहती है।



# सही बकरी ज्यादा मुनाफा

वैज्ञानिक ढंग से बकरी पालन के लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ज्यादातर बकरियां मांस हेतु पाली जाती हैं अतः ऐसी बकरियां चुननी चाहिए जिनका जन्म के समय शरीर भार अच्छा यानि 3 से 4 किलोग्राम के दरम्यान होना चाहिए क्योंकि ऐसे सुदृढ़ मेमने तेजी से बढ़ते हैं और जल्द ही बाजार में विपणन (बिक्री) हेतु तैयार हो जाते हैं। इसके अलावा उनका शरीर भार वृद्धि दर भी अच्छा होना चाहिये और वो 9 माह की उम्र में कम से कम 25 किलोग्राम तथा 12 माह की उम्र में 30 किलोग्राम तक पहुंच जाना चाहिये। प्रयोगों के आधार पर पाया गया कि दो नस्लों के संकर नस्ल के मेमनों का शरीर भार अच्छा होता है तथा उसका शरीर भार वृद्धि दर भी अच्छा होता है। अतः देशी नस्ल की अवर्णित बकरियों की अपेक्षा वर्णित नस्ल की शुद्ध नस्ल की बकरियां जैसे मारवाड़ी, कच्छी, जमुनापारी, उस्मानाबादी, संगमनिरी आदि नस्लों की बकरियां या संकर नस्ल की बकरियाँ पालना चाहिए।

कोई भी बकरी चुनाव करने से पहले उसके माता–पिता की वंशावली यानि माता–पिता के बारे में तथा उनके पुर्नउत्पादन/प्रजनन तथा उत्पादन क्षमता के बारे में जानकारी उपलब्ध हैं तो अवश्य देखनी चाहिए। बकरी फार्म पर सभी बकरियों का शरीर भार हर माह नाप–तौलकर उसे अंकित कर रख लेना चाहिए। इससे उनकी बढ़वार, शरीरभार वृद्धि के बारे में सही जानकारी मिल जाती हैं।

एक खास बात यह है कि जिस मादा बकरी से भूतकाल में 3 से 4 मेमने प्राप्त हुए हैं यानि प्रसव उपरांत ज्यादा मेमने पैदा हुए हैं ऐसी बकरी से प्राप्त नर तथा मादा मेमनों का चुनाव करें क्योंकि उनमें उनकी माता में मौजूद ज्यादा मेमने पैदा करने के गुणसूत्र मौजूद होते हैं। ऐसी बकरियां पालने से भविष्य में ज्यादा लाभ अर्जित कर सकते हैं। इन मूलभूत आनुवांशिक बातों के अलावा अनुभव के आधार पर कुछ शारीरिक बाह्यस्वरूपी लक्षण होते हैं उन्हें मद्दे नजर रखते हुए बकरियों का चुनाव करें तो ऐसी बकरियों की बढ़वार, शरीर वृद्धि दर उत्पादन तथा पुर्नउत्पादन क्षमता अच्छी हो सकती है तथा उन्हें पालने से अच्छा लाभ कमाया जा सकता है।

नर बकरा हष्ट–पुष्ट, ऊंचा बलवान, मजबूत तथा एक समान पैर तथा खुरवाला, उसकी आंखें सजीली चमकदार होनी चाहिए। चमड़ी नर्म मुलायम, चमकदार होनी चाहिए। सींग पूर्ण रूप से विकसित, जननांग पूर्ण रूप से विकसित, बिना किसी विकृति होने चाहिए। उसकी लैंगिक क्षमता, कामेच्छा बढ़िया होनी चाहिए तथा वह फुर्तीला होना चाहिए। उसे कोई भी लैंगिक रोग जैसे ब्रुसेल्लोसिस, ट्राइकोमोनियासिस आदि नहीं होने चाहिए। उसकी उम्र डेढ़ से दो साल होनी चाहिए।

मादा बकरियाँ भी हष्टपुष्ट, निरोगी पूर्ण रूप से विकसित, चमकदार बाल तथा आंखें, सजग कान, तिकोना शरीरधारी, पसलियाँ चौड़ी, जांघे चौड़ी, मजबूत तथा एक समान पैर तथा खुरधारी, मेमनों को अच्छी तरह संभालने वाली, बड़े स्तन तथा अयनधारी और बिना कोई विकृति या किसी लैंगिक रोग से मुक्त होनी चाहिए।

संघटित बकरीफार्म जैसे कुछ निजी फार्म, राज्य सरकारों के अधीन पशुसंवर्धन विभागों के बकरी फार्म, कृषि विज्ञान केंद्र कृषि विश्वविद्यालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अधीन कार्यरत केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम पोस्ट फराह, जिला–मथुरा उत्तरप्रदेश जैसे कई स्थान हैं जहां से अच्छे नस्ल की बढ़िया बकरियां प्राप्त की जा सकती हैं।

ऐसी अच्छी आदर्श बकरियां वैज्ञानिक ढंग से अच्छा खानपान तथा रखरखाव करने पर ज्यादा मेमने पैदा करती हैं। उनका वृद्धिदर शरीर भार अच्छा तथा ज्यादा होता हैं। उनसे ज्यादा मांस तथा दूध प्राप्त होता है। वे ज्यादा जल्दी बिक्री योग्य हो जाते हैं और इस प्रकार ऐसी बकरियां तथा उनके उत्पादन (दूध, मांं, बाल) बेचकर ज्यादा लाभ कमाया जा सकता हैं तथा बकरी पालन व्यवसाय ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।





# पशुओं को कैसे बचाएं खुरपका मुंहपका से

यह रोग विषाणु से होने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है। यह रोग फटे खुर वाले पशुओं में होता है। इस रोग को विभिन्न जगहों पर अलग अलग नाम से जाना जाता है। खुरीसा, खुरा, खुरपका इत्यादि। सामान्यतः यह रोग गाय, भैंस, बकरी, भेंड एवं सूकर पशुओं में होता है। इस रोग से काफी संख्या में छोटी उम्र के पशु मर सकते हैं। किंतु व्यस्क पशुओं में इस रोग के कारण मृत्यु दर 5 प्रतिशत अथवा इससे भी कम होती है। यह रोग बहुत तेजी से फैलने वाला रोग है तथा कभी–कभी यह रोग पशुओं से मनुष्यों में भी फैल सकता है।

## फैलने के कारण

- रोगी पशु की लार, दूषित चारे, पानी, दूध गोबर एवं पेशाब से
- ग्वाले एवं हवा के माध्यम से, एक से दूसरे पशु में। • रोग से संक्रमित स्थान से पशु क्रय करके लाने पर। • रोगी पशु से सीधे सम्पर्क से
- इस रोग के विषाणु रोगी पशु के फेफड़ों के सूख जाने के बाद घास या चारागाह में गिर जाते हैं, जब इस संक्रमित घास को स्वस्थ पशु खाता है, तो स्वस्थ पशु में यह रोग फैल जाता है।

## लक्षण

- प्रारंभिक अवस्था में पशु सुस्त होता है। • चारा खाना कम कर देता है।
- दूध देने वाले पशुओं का दूध कम हो जाता है। • पशु को बहुत तेज बुखार आ जाता है। (106 फारेनहाइट तक)
- एक दो दिन के बाद मुंह तथा पैर में छाले पड़ जाते हैं।
- मुंह में छाले होने से लार टपकने लगती है।
- रोगी पशु लंगड़ाने लगता है, कभी–कभी घाव में छाले में कीड़े पड़ जाते हैं।
- कभी–कभी पशु के थन पर छाले पड़ जाते हैं जिससे थनैला रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। • छालों के फूटने से घाव भी बन जाते हैं।

## उपचार



खुरपका– मुंहपका रोग एक विषाणु जनित रोग है। अतः इस रोग का कोई सीधा उपचार नहीं होता है। एक बार रोग हो जाने पर केवल लक्षणों के आधार पर उपचार किया जाता है। इस रोग में रोगी पशु की प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने से पशु में अन्य रोगों के संक्रमण की संभावना हो सकती है। जिसके बचाव के लिए उपचार किया जाता है।

## उपचार के निम्न बिन्दु हैं

- रोगी पशु के मुंह तथा पैर के घावों को लाल दवा (पोटेशियम परमेंगनेट) से प्रतिदिन सुबह और शाम सफाई करें।
- पैर के घावों में यदि कीड़े पड़ गये हैं, तो फिनायल में मीठा तेल मिलाकर (1:1) उस घोल में सूती कपड़े को भिगोकर घाव में भर दें। जिससे कीड़े बाहर आ जायेंगे। इसके अलावा तारपीन का तेल भी प्रयोग कर सकते हैं।
- रोग की तीव्रता बढ़ने पर पशु चिकित्सक से सम्पर्क करें।

## रोकथाम

विषाणु जनित रोग होने से इस रोग का उपचार संभव नहीं है अतः हमें ज्यादा इस रोग की रोकथाम पर ध्यान देना चाहिए। जिससे कि यह रोग रोगी पशु से स्वस्थ में न फैले। रोग की रोकथाम निम्नानुसार करें।

- रोगी पशु को अन्य स्वस्थ पशु से अलग रखें।
- रोगी पशु को नदी, तालाब, पोखर आदि में पानी पीने नहीं दें, रोगी पशु की खान–पान की व्यवस्था अलग करें।
- बीमार पशुओं का इलाज करायें एवं स्वस्थ पशुओं को टीकाकरण करायें।
- रोगी पशुओं के बाड़े में पशुपालक अलग कपड़ों व जूतों का प्रयोग करें एवं बाहर आने पर हाथ–पैर धोकर कपड़े व जूते बदल लें।
- मृत पशुओं के शव को गहरा गढ्ढा खोदकर उसमें नमक व चूना डालकर दफनाना चाहिए अथवा जला दें।
- निकट के पशु चिकित्सक को रोग की सूचना दें।
- इस रोग के बचाव के लिए टीकाकरण अवश्य कराए, खुरपका मुह पका रोग का टीका साल में दो बार मई–जून तथा अक्टूबर–नवम्बर में लगवायें।

शुभम संदेश
धनबाद, सोमवार 21 जुलाई, 2025
08

**मंथन**

## झारखंड में मेट्रो, विकास की नई दिशा में कदम

बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का कार्य अंतिम चरण में है, और यह देखना उत्साहजनक है कि अब झारखंड में भी मेट्रो रेल को लेकर गंभीर प्रयास शुरू हो चुके हैं. रांची, जमशेदपुर और धनबाद जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों को जोड़ने वाली इस परियोजना का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है. पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा यह मुद्दा उठाया जाना राज्य के भविष्य की ओर सार्थक कदम है. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का यह कहना उचित है कि मेट्रो परियोजना न केवल शहरीकरण को गति देगी, बल्कि झारखंड के समग्र विकास का इंजन भी बनेगी. इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, यातायात की समस्या में कमी आएगी और पर्यावरणीय दबाव भी घटेगा. तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के बीच सुलभ, स्वच्छ और समयबद्ध परिवहन विकल्प की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार इस परियोजना को सिर्फ तीन शहरों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि भविष्य में राज्य के सभी पांच प्रमंडलीय मुख्यालयों तक मेट्रो सुविधा पहुंचाने की योजना बना रही है. यह दीर्घकालिक सोच झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने का सामर्थ्य रखती है. झारखंड की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद, अगर यह परियोजना योजना के अनुरूप क्रियान्वित होती है तो यह न केवल परिवहन के क्षेत्र में बल्कि विकास के सभी आयामों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है. केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इस प्रस्ताव को प्राथमिकता दे और झारखंड को मेट्रो युग में प्रवेश दिलाए.

**नजरिया**

## छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता का बड़ा सवाल

झारखंड सरकार द्वारा कोचिंग सेंटरों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लाया जा रहा कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेगुलेशन) बिल 2025 समय की जरूरत है. राज्य में तेजी से बढ़ते कोचिंग संस्थानों की संख्या के साथ-साथ उनसे जुड़ी समस्याओं ने लंबे समय से एक सशक्त नियामक कानून की आवश्यकता को रेखांकित किया है. फीस में मनमानी, बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी, और छात्रों की सुरक्षा से जुड़े सवालों को अब तक नजरअंदाज किया जाता रहा है. छोटे-छोटे किराए के मकानों में सैकड़ों छात्रों को ठूंसकर पढ़ाया जा रहा है, जहां न आग से बचाव की व्यवस्था होती है और न ही स्वच्छ शौचालय या पीने का पानी. पिछले कुछ वर्षों में कई राज्यों में कोचिंग सेंटरों में हुई घटनाएं चेतावनी देती रही हैं कि यह क्षेत्र अब निगरानी और नियंत्रण से मुक्त नहीं रह सकता. झारखंड सरकार का यह प्रस्ताव कि यह कानून उन सभी संस्थानों पर लागू होगा जो 50 या उससे अधिक छात्रों को किसी भी स्तर की कोचिंग दे रहे हैं, स्वागत योग्य है. इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोचिंग संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, बल्कि छात्रों की सुरक्षा और सुविधा को भी प्राथमिकता दें. यह विधेयक अगर प्रभावी रूप से लागू हुआ तो छात्रों और अभिभावकों दोनों को राहत मिलेगी. साथ ही शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी. यह कदम शिक्षा को व्यापार से हटाकर सेवा की दिशा में ले जाने की एक आवश्यक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए.

# विदेशी संस्कृतियों प्रभावित होती भारतीय नारी

**राजीव कुमार राज**

**नारी संपूर्ण मानवता की जन्मदात्री है. उसके बगैर सभ्य समाज नहीं बनता है.**



**आज का युग परिवर्तन का युग है. अतः नारी की दशा एवं दिशा में भी बहुत अधिक परिवर्तन हुआ है. आज आधुनिक शिक्षा एवं विदेशी संस्कृति के बहकावे में आकर नारी को अपने नारीत्व के बलिदान से बचना होगा.**

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं सर्वाधिक समृद्ध संस्कृति है. यद्यपि विश्व में सभी धर्मों एवं संस्कृतियों में नारी को उच्च स्थान दिया गया है फिर भी अन्य देशों की तुलना में भारत में पारिवारिक व सामाजिक जीवन में 'नारी' की स्थिति अत्यंत गौरवप्रद है. 'नारी' की स्थिति से किसी देश और समाज के सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर का पता चलता है. जिस देश में धर्म, समाज और पुरुष के नियमों में नारी को बांधकर रखा जाता है उस देश और समाज की स्थिति बदतर मानी जाती है. 'नारी' सम्पूर्ण मानवता की भी जन्मदात्री है क्योंकि मानवता के आधार के रूप में प्रतिष्ठित सम्पूर्ण सदगुणों की वही जननी है.
संसार को आगे चलाने के लिए 'नारी' का आदर्श होना अत्यंत आवश्यक है. अर्थववेद में कहा गया है -यस्य नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं. यही कारण है कि भारत में प्राचीन काल से ही नर का यह प्रयास रहा कि वह नारी की गरिमा को अक्षुण बनाए रखे. वह जानता है कि यदि दबाया-सताया ना जाए और समान रूप से विकसित होने का अवसर प्राप्त हो तो मानवीय सत्ता के दोनों पक्ष (नर और नारी) समान रूप से समुन्नत होंगे.
यद्यपि प्राकृतिक रूप से नर और नारी के मध्य कुछ शारीरिक और मानसिक भिन्नताएं हैं. किन्तु यह केवल एक-दूसरे के पक्ष की कमी को पूरा करने के लिए हैं. इसके कारण किसी पक्ष को छोटा या बड़ा नहीं ठहराया जा सकता. शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि नारी, नर की आत्मा का आधा भाग है अर्थात दोनों एक दूसरे के पूरक हैं. नारी की संरचना उदारता, करुणा, ममता, श्रद्धा, सेवा जैसे महान आध्यात्मिक तत्वों की बहुलता सहित हुई है जिसके कारण उसे देवी की संज्ञा दी गई है. यही कारण है की प्राचीन काल से लेकर कुछ वर्ष पहले तक भारत में नारी के नाम के साथ देवी शब्द जोड़ने का प्रचलन था, जिससे नारी सत्ता की गरिमा का सहज बोध होता था. किन्तु आज यह आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है. ऐतिहासिक दृष्टि से, प्रत्येक कालखंड में प्राचीन काल से लेकर, मध्यकाल होते हुए आधुनिक काल तक भारत में एक लम्बी श्रृंखला के रूप में महान विदूषी नारियां अपनी विशेषताओं के कारण विश्वविख्यात रही हैं. यदि हम वर्तमान समय की नारी की बात करें तो आज की नारी हर क्षेत्र में अपना सर्वोच्च दे रही है. आज प्रशासन, शिक्षा, साहित्य, संगीत, कला, विज्ञान, चिकित्सा, कृषि, व्यवसाय, राजनीति, खेल, मीडिया और युद्ध सहित विविध विधाओं में अपनी कुशलता एवं गुणवत्ता सिद्ध करते हुए, प्रत्येक प्राप्त दायित्व एवं पद को संभालकर उसे सुशोभित कर रही है.
परिवार व कैरियर, दोनों के मध्य तालमेल बैठाती आज की नारी से हर क्षेत्र प्रकाशवान हो रहा है. परंपरागत रूप से प्राप्त मां, बहन, बेटी, गृहणी, पत्नी, साध्वी आदि आयामों के साथ ही भाभी, सखी और शिक्षिका जैसे नए आयाम इसके साथ और जुड़े हैं. निश्चित रूप से नारी ही संस्कृति की सच्ची संवाहिका का होती है. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में आचार-विचार, रीति-रिवाज, खान-पान, आध्यात्मिकता, मानवीय मूल्य, संस्कार, पहनावा, अच्छी आदतें आदि नारी के माध्यम से ही हस्तांतरित होते हैं. विरासत से सीखी-समझी, संस्कारों का अद्भुत ढंग से अनुपालन करने वाली अनेक सुशील और उच्च पदों पर आसीन नारियों को हम आज विविध स्थानों पर देख सकते हैं. उनसे आदर्श ग्रहण कर सकते हैं. इसके साथ ही यत्र-तत्र ऐसी नारियों की भी कमी नहीं है जो विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए, पतित होती हुई, अपनी संस्कृति का हनन करने पर तुली हुई हैं. पाश्चात्य संस्कृति के मोहपाश में अपना विवेक खो बैठीं यह तथाकथित आधुनिक नारियां समस्त नारी लोक में कलंकित हैं. जैसे–मेरठ की मुस्कान, गढ़वा (झारखंड) की सुनीता देवी, गिरिहीड की सोनिया खातून, अलवर (राजस्थान) की अनीता राज, मेरठ की कविता राज और इंदौर की सोनम रघुवंशी इत्यादि. जिन्होंने अपने पति को मारने में किसी गैर-मर्द यानी प्रेमी या अन्य का सहारा लिया. यदि हम अपुष्ट आंकड़ों की बात करें तो प्रतिवर्ष देशभर में औसतन 225 पतियों की हत्या, उनकी पत्नियों द्वारा कर दी जाती है. परिणामस्वरूप आज का युवा विवाह नामक पवित्र संस्था को शंका की दृष्टि से देखने लगा है. उसके अंतःकरण में एक अनजाना-सा भय व्याप्त रहने लगा है. दुर्भाग्य से नारी का यह रूप देश के उच्च संभ्रांत परिवारों से लेकर मध्य एवं निम्न वर्गीय परिवारों में भी देखने को मिल रहा है.
यह आधुनिक नारी की, स्वयं की उपादेयता पर आज एक बड़ा प्रश्न चिह्न है. अंत में, नारी शब्द में इतनी ऊर्जा है कि इसका उच्चारण मात्र ही मन-मस्तिष्क को झंकृत कर देता है. मातृत्व का गौरव प्राप्त इसकी अनूठी प्राकृतिक रचना अपने लाल रक्त को श्वेत दूध के रूप में बदलकर परिपुष्ट करने की है. यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में नर की तुलना में तत्त्व दर्शियों ने नारी को अत्यंत उच्च स्थान दिया है. इतिहास-पुराणों का प्रत्येक पृष्ठ इसका साक्षी है. आज का युग परिवर्तन का युग है. अतः नारी की दशा एवं दिशा में भी बहुत अधिक परिवर्तन हुआ है. आज आधुनिक शिक्षा एवं विदेशी संस्कृति के बहकावे में आकर नारी को अपने नारीत्व के बलिदान से बचना होगा. आज यदि मानव और मानवता का अस्तित्व बचाना है तो पूर्व की भांति केंद्रीय भूमिका में नारी की गौरवमयी प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करनी होगी और इसके लिए नारी को ही स्वयं आगे आकर, इस चुनौती को सहर्ष स्वीकार करना होगा अर्थात भारतीय नारी को आज के चुनौतीपूर्ण वातावरण में अपनी सभ्यता और संस्कृति की परिधि में, समाधान की ओर अग्रसर होना होगा. और यही भारतीय संस्कृति तथा समय की मांग है. **(लेखख, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

**आज का इतिहास**

- 1883: कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर की शुरुआत हुई।
- 1884: लॉर्डस के मैदान पर पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया.
- 1960: श्रीलंका में सिरिमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं.
- 1962: भारत चीन के बीच सीमा पर युद्ध,
- 1963: काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया.
- 1988: भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह (इनसैट-1सी) का प्रक्षेपण.
- 2007: वाशिंगटन में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते का प्रारूप तैयार किया गया.
- 2007: प्रतिभा पाटिल भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं.
- 2008: भारतीय मूल के रामबरन यादव को नेपाल का पहला राष्ट्रपति चुना गया.
- 2013: बेल्जियम के महाराज अल्बर्ट ने बेटे की ताजपोशी के लिए राजगद्दी छोड़ी.

## झूठ की बुनियाद पर तो हमेशा खंडहर ही बनते हैं

**चिंतन**

एक बार बुरी आत्माओं ने भगवान से शिकायत की कि उनके साथ इतना बुरा व्यवहार क्यों किया जाता है, अच्छी आत्माएं इतने शानदार महल में रहती हैं और हम सब खंडहरों में, ये भेदभाव क्यों है, जबकि हम सब आप ही की संतान हैं. भगवान ने कहा, मैंने तो सभी को एक जैसा बनाया पर तुम ही अपने कर्मो से बुरी आत्माएं बन गयीं. पर बुरी आत्माएं भेदभाव किये जाने की शिकायत करतीं रहीं. इसपर भगवान ने सभी अच्छी-बुरी आत्माओं को बुलाया और बोले, बुरी आत्माओं के कहने पर मैंने एक निर्णय लिया है, आज से तुम लोगों को रहने के लिए मैंने जो भी महल या खंडहर दिए थे वो सब नष्ट हो जाएंगे, और आप दोनों अपने अपने लिए दो अलग शहरों का निर्माण करेंगी. तभी एक आत्मा बोली, इसके लिए हमें ईंटें कहां से मिलेंगी? जब पृथ्वी पर कोई इंसान सच या झूठ बोलेगा तो यहां पर उसके बदले में ईंटें तैयार हो जाएंगी. सभी ईंटें एक सामान होंगी, अब ये तुमको तय करना है कि तुम सच बोलने पर बनने वाली ईंटें लोगे या झूठ बोलने पर! भगवान ने उत्तर दिया. बुरी आत्माओं ने सोचा, पृथ्वी पर झूठ बोलने वाले अधिक लोग हैं इसलिए उन्होंने भगवान से झूठ बोलने पर बनने वाली ईंटें मांग ली. दोनों शहरों का निर्माण एक साथ शुरू हुआ, पर कुछ ही दिनों में बुरी आत्माओं का शहर विशाल रूप लेने लगा, उन्हें लगातार ईंटें मिलती जा रही थीं. वहीं अच्छी आत्माओं का निर्माण धीरे -धीरे चला. फिर एक दिन अजीब सी घटना घटी. बुरी आत्माओं के शहर से ईंटें गायब होने लगीं,उनका शहर खंडहर बन गया. परेशान आत्माएं भगवान के पास भागीं और पूछा, हे प्रभु, हमारे महल से ईंटें गायब क्यों हो गईं. हमारा महल तो फिर से खंडहर बन गया? भगवान बोले, अच्छा, लगता है जिन लोगों ने झूठ बोला था उनका झूठ पकड़ा गया, और इसीलिए ईंटें भी गायब हो गयीं.
मित्रों, झूठ की उम्र छोटी होती है, एक दिन झूठ पकड़ा ही जाता है. झूठ और बेईमानी के रास्ते पर चल कर सफलता पाना आसान है पर अंत में वो हमें असफल ही बनाता है. वहीं सच्चाई से चलने वाले धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं पर उनकी सफलता स्थायी होती है. अतः हमें हमेशा सच्चाई की बुनियाद पर सफलता की इमारत खड़ी करनी चाहिए, झूठ की बुनियाद पर तो खंडहर ही बनते हैं.

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #7thPayForBPSCTeachers
2. #UFC318
3. #HBDVinodTawde
4. #SpiritualSunday
5. #LifeLessons
6. Naitik Shiksha
7. Sewa Aur Sanskar
8. Bal Sanskar Kendra
9. Dustin
10. श्री विनोद

# बहुरंग

## ख्वाहिशों को समाज की तंग परिभाषाओं में समेटने की कोशिश है 'डैला बैला'

हम सबके भीतर कुछ ऐसा होता है जो बेहद अपना, बेहद खास होता है, एक अनकही-सी पहचान, जो हमें औरों से अलग बनाती है. ये भावना अक्सर शब्दों में नहीं ढलती, लेकिन इसकी एक कोमल, चुपचाप सी आहट होती है. ज़रूरत बस उसे महसूस करने की होती है. फिल्म 'डैला बैलाः बदलेगी कहानी' इसी आहट की खोज है. आशिमा वर्धन जैन का किरदार 'डैला बैला' उस संवेदनशीलता की मिसाल है, जो अपनी ही भीतरी आवाज को पहचानने और उसे दुनिया के सामने लाने की हिम्मत रखती है.यह फिल्म बताती है कि किसी को 'गलत' कह देने या उस पर अपने विचार थोपने से कहीं बेहतर है उसकी भावना को समझने की कोशिश करना, उस संवेदना तक पहुंचने की कोशिश करना, जो अभी शब्द नहीं बन सकी है, लेकिन दिलों में मौजूद है. 'डैला बैलाः बदलेगी कहानी' दरअसल एक पुकार है, सामाजिक मान्यताओं और दूसरों की अपेक्षाओं के बोझ को ढोने के बजाय अपनी आवाज़ उठाने की. ताकि वह गूंज हर किसी तक अपने-अपने तरीके से पहुंचे और बदलाव की शुरुआत बन जाए. मीडिया के साथ हुई एक खास बातचीत में आशिमा वर्धन जैन ने इस फिल्म से जुड़े कई भावनात्मक पहलुओं को बेबाकी से शेयर किया.

**सवाल**. आपको क्यों लगा कि ये फिल्म मुझे करनी चाहिए?

यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव है आत्म-खोज और पहचान की एक दिल को छू लेने वाली यात्रा. यह सिर्फ डैला बैला की नहीं, बल्कि उन तमाम लोगों की कहानी है, जिन्होंने कभी अपनी ख्वाहिशों को समाज की तंग परिभाषाओं में समेटने की कोशिश की है. मोहब्बतगंज की पृष्ठभूमि में रची गई यह कथा उस भारत की झलक दिखाती है जो एक अहम बदलाव की कगार पर खड़ा है. फिल्म की परतें गहराई से हमारे सामाजिक यथार्थ को उजागर करती हैं, कभी मासूमियत से, तो कभी सवालों से. डैला बैला के आत्मविश्वास से शुरू हुआ यह सफर हमें यह समझने पर मजबूर करता है कि सादगी में भी क्रांति छिपी होती है. यही वजह है कि यह कहानी व्यक्तिगत होते हुए भी सार्वभौमिक बन जाती है. एक छोटे शहर की लड़की के भीतर उफनते सपनों और सामाजिक सांचे के बीच टकराव की यह कहानी दर्शकों के दिल में देर तक गूंजती है.

**सवाल.** फिल्म में 'सिंपल सिनेमा' की बात की गई है, इसका मतलब क्या है?

यह वही सिनेमा है जो ज़िंदगी से आंख मिलाकर बात करता है. बिना शोर, बिना सजावट, बड़ी ही सहजता से. इसमें न कोई बनावटी किरदार हैं, न ही ओढ़ी हुई भावनाएं. हर दृश्य, हर संवाद इतना असल लगता है जैसे वो आपके ही घर, गली या मोहल्ले से उठाया गया हो. यह फिल्म रियल लाइफ का आईना है, जो जनरेशन गैप, मां-बाप की उम्मीदों और एक युवा मन की उलझनों को बड़े ही सच्चे और संवेदनशील अंदाज़ में पेश करती है. साहित्य की जुबान में कहें तो यह एक संवादधर्मी कहानी है. एक ऐसी कथा जो सिर्फ कही नहीं जाती, बल्कि आपको बातचीत के लिए बुलाती है. यह फिल्म अपने दर्शकों को सिर्फ भावनाएं नहीं देती, बल्कि उन्हें सोचने, समझने और अपने अर्थ खुद गढ़ने की जगह भी देती है. डैला बैला की यात्रा दरअसल हमारे भीतर के उस हिस्से से संवाद करती है,



जिसे हम अक्सर छिपा देते हैं, वो हिस्सा जो खुद से भी पूरी तरह जुड़ नहीं पाता. यह फिल्म उसी जीवन को सामने लाती है, जो भीतर ही भीतर कहीं बैठा है.

**सवाल.** फिल्म में आपका किरदार कैसा है?

मैं डौलू का किरदार निभा रही हूं, एक ऐसी लड़की जो डॉक्टर बनने के लिए कोचिंग करती है, लेकिन उसका दिल सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है. उसे फैशन का शौक है, आउटफिट्स, नेल आर्ट जैसी चीजें भी उतनी ही लुभाती हैं. वो ज़िंदगी को अपने अंदाज़ में जीना चाहती है. उसके दोस्त और टीचर उसे प्यार से 'डैला बैला' बुलाते हैं, और यही नाम उसकी एक खास पहचान बन जाता है. फिल्म में वह शैंकी नाम के लड़के की तरफ आकर्षित होती है. लेकिन जैसे ही वह एक सपनीली दुनिया की ओर कदम बढ़ाती है, सबकुछ बिखर जाता है. वहीं से डैला बैला की यात्रा शुरू होती है, एक लड़की की जो अपनी महत्वाकांक्षाओं और क्षमताओं पर थोपे गए सामाजिक दायरे पर सवाल उठाने लगती है. सोचिए, कितनी तकलीफ होती होगी जब आप कुछ महसूस तो करते हैं, लेकिन उसे कह नहीं सकते. यही दर्द डैला बैला अपने भीतर लिए चलती है. उसके पिता को उसकी चिंता तो है, लेकिन वह उस तक पहुंचने की कोई राह नहीं खोज पाते. क्योंकि पीढ़ियों के बीच की खाई सिर्फ भावनाओं से नहीं, समझ और बदलाव से ही पाटी जा सकती है, वो भी एक हद तक. और जब कोई लड़की समाज की तयशुदा परंपराओं और रूढ़ियों से सवाल पूछती है, तो सबसे पहले सवाल उसी की नीयत पर उठने लगते हैं. डैला बैला इन्हीं टकरावों से लड़ती है, नायक नहीं, एक आम लड़की बनकर.

**सवाल**. फिल्म डायरेक्टर नीलेश जैन के साथ काम का अनुभव कैसा रहा? उनसे क्या सीखा?

नीलेश सर ने सिर्फ एक बात कही थी, ₹जैसे हो, वैसे ही कैमरे के सामने आओ.₹ और शायद यही उनकी सबसे बड़ी खूबी है.

**सवाल.** आपने किन-किन सितारों के साथ काम किया है अब तक?

मैंने अब तक कई नामी ब्रांड्स के लिए विज्ञापन किए हैं और इस सफर के दौरान मुझे अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, मिथुन दा, मोहनलाल, चियान विक्रम और वेंकटेश सर जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है. इन सभी के साथ काम करना मेरे लिए किसी पाठशाला जैसा अनुभव रहा — हर एक के पास सीखने के लिए कुछ न कुछ था. उनके साथ सेट पर बिताए गए पल मेरे लिए अनमोल हैं. लेकिन 'डैला बैलाः बदलेगी कहानी' मेरे करियर की पहली फीचर फिल्म है, और इसका मतलब मेरे लिए सिर्फ एक डेब्यू नहीं, बल्कि एक बहुत बड़ा सपना पूरा होने जैसा है. इस फिल्म में मैंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि हर एक दृश्य में अपना दिल, अपनी मेहनत और अपनी सच्चाई डाल दी है. मैंने किरदार को सिर्फ निभाने की कोशिश नहीं की, बल्कि उसे जिया है, उसकी खुशी, उसकी उलझनें, उसका आत्म-संघर्ष, सब कुछ. यह फिल्म मेरे लिए सिर्फ एक पेशेवर मुकाम नहीं, बल्कि एक आत्मिक यात्रा भी रही है. 'डैला बैला' के ज़रिए मैंने अभिनय को और गहराई से समझा है, और कैमरे के सामने खुद को और नज़दीक से देखा है. मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को मेरी ये मेहनत दिखाई देगी और वे इस कहानी से जुड़ाव महसूस करेंगे, क्योंकि ये कहानी सिर्फ डैला बैला की नहीं, बल्कि हम सभी की है, जो अपनी पहचान और सपनों के बीच रास्ता तलाशते हैं.

**सवाल.** क्या फिल्म कोई खास मैसेज देती है?

इस फिल्म में कई ऐसे संदेश छिपे हैं, जिन्हें हर दर्शक अपने अनुभव और नजरिए से महसूस करेगा, लेकिन एक बात जो मेरे दिल को खास तौर पर छू गई, वो ये है. अब लड़कियां किसी और के लिए नहीं, खुद के लिए सजती हैं. अपनी पसंद के लिए, अपनी खुशी के लिए, अपने आत्मविश्वास के लिए. ये एक बहुत ही सशक्त बात है, जो आज की पीढ़ी की सोच को बखूबी दर्शाती है. और एक और लाइन जो वाकई दिल में उतर जाती है, हमारे फैसले, हमारे होने चाहिए. ये सिर्फ एक डायलॉग नहीं है, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आवाज़ है, जो अपने हक, अपनी पहचान और अपनी आज़ादी के लिए खड़ी हो रही है.

## अमिताभ बच्चन को 'डॉन' बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र बरोट का निधन



बॉलीवुड में 'डॉन' जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र बरोट का निधन हो गया है. चंद्र बरोट 86 साल के थे. उनके निधन से इंडस्ट्री में शौक की लहर है. एक्टर-फिल्ममेकर फरहान अख्तर ने चंद्र बरोट के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने चंद्र बरोट की फोटो शेयर करते हुए लिखा-ओरिजनल फिल्म डॉन के डायरेक्टर चंद्र बरोट अब इस दुनिया में नहीं रहे ये जानकर दुख हुआ. आरआईपी चंद्र बरोट जी. परिवार के प्रति गहरी संवेदना.चंद्र बरोट की पत्नी दीपा ने उनके निधन की जानकारी दी. उन्होंने कहा, चंद्र बरोट पिछले 7 सालों से बीमारी से जूझ रहे थे. उनका गुरु नानक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था. इससे पहले वो जसलोक हॉस्पिटल में भी भर्ती हुए थे. चंद्र बरोट की जर्नी के बारे में बात करें तो उन्होंने फिल्ममेकर मनोज कुमार के अंदर रहकर काम किया. उन्होंने कई चर्चित प्रोजेक्टर जैसे पूरब और पश्चिम में असिस्ट किया. जब उन्होंने डॉन में काम किया, तो इसके साथ उन्होंने डायरेक्शन की शुरुआत तो की साथ ही अपने करीबी दोस्त और सिनेमैटोग्राफर-निर्माता नरीमन ईरानी की मदद करने की एक कोशिश की थी. फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन लीड रोल में थे. ये फिल्म कल्ट क्लासिक फिल्म है और इससे चंद्र बरोट का नाम भी दिग्गज डायरेक्टर्स की लिस्ट में शुमार हो गया था. बता दें कि बरोट ने डॉन से डायरेक्टोरियल डेब्यू किया था. मालूम हो कि डॉन की लेगेसी आगे भी जारी रही. 2006 में शाहरुख डॉन लेकर आए. उन्होंने इस फिल्म से बरोट की ओरिजनल डॉन को ट्रिब्यूट दिया. अब डॉन पर तीसरी फिल्म आने वाली है. इस फिल्म में रणवीर सिंह और कृति सेनन होंगे.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## बड़े बजट की फिल्मों पर भारी पड़ी सैंयार



'आशिकी 2', 'आवारापन' और 'एक विलेन' जैसी रोमांटिक फिल्मों से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले निर्देशक मोहित सूरी एक बार फिर प्यार की एक नई कहानी लेकर लौटे हैं. इस बार उन्होंने पेश की है, 'सैंयार', जो शब्दों, संगीत और भावनाओं से बुनी एक दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है. इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं बॉलीवुड के नए चेहरे, अहान पांडे और अनीत पड्डा. सैंयार 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली. सैंयार के साथ एक और प्रेम कहानी ने बॉलीवुड में तहलका मचा दिया है. जहां 'सैंयार' ने रिलीज़ के पहले दिन 21 करोड़ की कमाई की थी, वहीं अब दूसरे दिन के कलेक्शन भी सामने आ गए हैं. फिल्म ने रिलीज़ के दूसरे दिन 24 करोड़ रुपये का कारोबार किया.
इस तरह 'सैंयार' का दो दिन का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब 45 करोड़ तक पहुंच चुका है. अगर ये इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही तो बहुत जल्द 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर देगी. फिल्म की शानदार ओपनिंग और लगातार बढ़ते कलेक्शन को देखकर साफ है कि दर्शकों को यह रोमांटिक ड्रामा खूब भा रहा है. अहान पांडे, बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे के छोटे भाई चिक्की पांडे उर्फ शरद पांडे के बेटे हैं. चिक्की पांडे का नाम मुंबई के प्रभावशाली और जाने-माने व्यक्तित्वों में शामिल है. अहान लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की तैयारी कर रहे थे. इसके लिए उन्होंने यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से बाकायदा ट्रेनिंग ली थी.




**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** अपने काम को प्राथमिकता से करें. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-3-5-7

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. मायूस न हो समय चक्र हैं. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. धन के लेन-देन में सतर्क रहें. शुभांक-2-5-8

**कर्क :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा. वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी. जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी. राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं. शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें. अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें. शुभांक-1-5-8

**सिंह :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्घ होगा. घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें. व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं. स्थान परिर्वतन की संभावना हैं. कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. शुभांक-2-5-7

**कन्या :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें. बातचीत में संयम बरतें. मन में चंचलता बढ़ेगी. भावुकतावश निर्णय न लें. कर्ज देने से बचें. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-2-6-8

**तुला :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा. विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. पुराना विवाद समाप्त होगा. आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा. मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं. आर्थिक योजनाएं फलित होंगी. बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं. शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** उत्साह में वृद्घि होगी. आलस्य का त्याग करें. नये आय के स्त्रोत बनेंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी. लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं. व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी. शुभांक-3-6-9

**धनु :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-3-5-7

**मकर :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा. स्वास्थ्य पर ध्यान दें. धार्मिक यात्रा शुभ है. शुभांक-3-5-8

**कुंभ :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. आज का परिश्रम आगे लाभ देगा. इच्छित कार्य सफल होंगें. शुभांक-3-6-9

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. कारोबारी यात्रा सफल होगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व लाभ मिलेगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. अनायास किसी बात को लेकर चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है. शुभांक-2-4-8

## ब्रीफ न्यूज

### सीओ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का दिया निर्देश

**पश्चिम चंपारण।** इस वर्ष माह फरवरी से अब तक लगातार अनधिकृत रूप से अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने एवं मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से संबंधित दायित्वों के निर्वहन में भी इनके द्वारा कोताही बरती जाने के कारणों को लेकर शिवम, अंचल अधिकारी, पिपरासी, पश्चिम चम्पारण के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिपरासी को दिया है. जानकारी हो कि शिवम, अंचल अधिकारी, पिपरासी विगत माह फरवरी से लगातार अनधिकृत रूप से अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हैं.

### पटना में बारिश, उत्तर बिहार के 19 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**पटना।** बिहार के कई जिलों में हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित है. गंगा, सोन समेत राज्य की प्रमुख नदियां उफान पर हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. भारतीय मौसम विभाग ने रविवार और सोमवार को राज्य के उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. रविवार को उत्तर बिहार के कई जिलों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है.

### पुलिसिंग में बदलाव, थानेदार अब नहीं रह सकेंगे निजी घर में

**पटना।** बिहार में पुलिसिंग को अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाने के लिए एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया है. रेंज आईजी जितेंद्र राणा ने स्पष्ट आदेश जारी किया है कि अब किसी भी थानेदार को ड्यूटी के दौरान अपने निजी घर में नहीं रहना होगा. उन्हें थाने परिसर स्थित सरकारी आवास में ही रहना अनिवार्य होगा. इस सख्त कदम का उद्देश्य थानेदारों की 24x7 जिम्मेदारी सुनिश्चित करना और आपात स्थितियों में उनकी तत्परता बढ़ाना है. पहले कई थानेदार रात की गश्ती के बाद अपने घर लौट जाते थे, जिससे घटनास्थल पर उनकी मौजूदगी में देर होती थी.

## राष्ट्रीय जनता दल की सोशल मीडिया पोस्ट से मचा सियासी बवाल

# अनजाने में अपने विरोधियों को ही समर्थन देती दिखी राजद



**शुभम संदेश। पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, और इसी कड़ी में सोशल मीडिया भी चुनावी अखाड़ा बन चुका है. लेकिन रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की एक फेसबुक पोस्ट ने खुद उसी को कटघरे में ला खड़ा किया.

तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली पार्टी भाजपा-नीतीश सरकार की आलोचना करने की बजाय उन्हीं को सत्ता में लाने की अपील करती नजर आई, जिससे सोशल मीडिया पर राजद का जमकर मजाक उड़ाया गया. दरअसल, रविवार सुबह 11:02 बजे राजद के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट किया गया, जिसमें लिखा था – ₹मजाक बनकर रह गया है बिहार! क्योंकि 20 सालों से यहां है निकम्मी भाजपा नीतीश सरकार! बिहार की दरकार हर कीमत पर चाहिए केवल भाजपा नीतीश सरकार! इस पोस्ट में राजद अनजाने में अपने विरोधियों को ही समर्थन देती दिखी, जिसे लेकर यूजर्स ने सवालों की बौछार कर दी.

इस गलती का अहसास होते ही राजद ने पोस्ट को सुबह 11:58 बजे एडिट किया, जिसमें नया वाक्य कुछ यूं बना – ₹बिहार की दरकार हर कीमत पर चाहिए केवल महागठ तेजस्वी लालू यादव! हालांकि यह वाक्य और भी अधिक भ्रमित करने वाला और शाब्दिक गलतियों से भरा था. राजद ने दो मिनट बाद दोपहर 12:00 बजे पोस्ट को तीसरी बार एडिट कर यह लिखा – बिहार की दरकार हर कीमत पर चाहिए केवल महागठबंधन की तेजस्वी सरकार. तब तक यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था और यूजर्स राजद की तकनीकी और बौद्धिक चूक पर तंज कसने लगे. राजद की यह सोशल मीडिया चूक विपक्ष के लिए एक हथियार बन गई है और इससे यह भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या राजद की डिजिटल टीम चुनावी अभियान की गंभीरता को समझ पा रही है.

### तेज प्रताप यादव के नाम से फर्जी व्हाट्सएप्प, दर्ज हुई एफआईआर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार उनके नाम से व्हाट्सएप पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से बातचीत करने का मामला सामने आया है. तेज प्रताप ने खुद पटना के कदमकुआं थाना में इसकी एफआईआर दर्ज कराई है. उन्होंने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उनकी तस्वीर और पहचान का दुरुपयोग कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की है.



तेज प्रताप यादव ने शिकायत में कहा है कि आरोपी युवक कदमकुआं के अमरूद्दी गली का रहने वाला है. उसने अपने व्हाट्सएप अकाउंट पर तेज प्रताप की तस्वीर (डीपी) लगाई और खुद को उनका करीबी बताकर लोगों से राजनीतिक और पारिवारिक बातें करने लगा.

इससे न सिर्फ उनकी छवि धूमिल हो रही है, बल्कि आम लोगों में भ्रम की स्थिति भी पैदा हो रही है. तेज प्रताप ने आशंका जताई है कि यह कृत्य किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा हो सकता है, क्योंकि लगातार उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने एफआईआर में आरोपी युवक और उसके पिता का मोबाइल नंबर भी पुलिस को सौंपा है, जिसकी जांच की जा रही है. कदमकुआं थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब आरोपी युवक से पूछताछ करेगी और फर्जी अकाउंट का तकनीकी विश्लेषण कर सच्चाई सामने लाने की कोशिश करेगी. गौरतलब है कि तेज प्रताप यादव को हाल ही में पार्टी और परिवार से निष्कासित कर दिया गया था. उनकी पत्नी अनुष्का यादव के साथ एक तस्वीर वायरल होने के बाद यह कदम उठाया गया. तब से तेज प्रताप लगातार साजिशों का आरोप लगाते आ रहे हैं.

### भागलपुर स्टेशन पर आधुनिक रनिंग रूम का किया गया उद्घाटन

**भागलपुर।** चालक दल के कल्याण और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भागलपुर रेलवे स्टेशन पर मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता द्वारा एक नवनिर्मित आधुनिक रनिंग रूम का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर मालदा मंडल के वरिष्ठ मंडल अधिकारीगण भी उपस्थित रहे. यह नवनिर्मित आधुनिक रनिंग रूम चालक कर्मियों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक विश्राम स्थल प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. इसमें कुल 14 पूर्ण रूप से वातानुकूलित कमरे हैं, जिनमें दो-दो बिस्तरों के साथ कुल 28 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है. महिला कर्मचारियों की गोपनीयता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो समर्पित कमरे विशेष रूप से महिला चालक कर्मियों के लिए आरक्षित किए गए हैं.

### नवादा में दुकानदार की हत्या से सनसनी

**नवादा।** बिहार में अपराध का ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र का है, जहां एक व्यवसायी की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया. मृतक की पहचान संजय कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है, जो बिजवान गांव निवासी थे. घटना शनिवार रात की बताई जा रही है. संजय कुमार अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनकी गला दबाकर और पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी. शव की स्थिति से साफ है कि हत्या सुनियोजित ढंग से की गई है.

## न्यूज अपडेट

### चांदपुरा में ट्रैक्टर ने दो बच्चों को कुचला, एक की मौत

**वैशाली।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुरा गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया. मोहनपुर रेफरल अस्पताल से दही लेकर लौट रहे दो मासूम बच्चों को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया. इस हादसे में 10 वर्षीय सन्नी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 वर्षीय अभिनंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को जब्त कर राघोपुर थाना में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल का इलाज चल रहा है. यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा की अनदेखी का ज्वलंत उदाहरण है. यह सवाल उठाता है कि कब तक मासूम जिंदगियां बेलगाम वाहनों की भेंट चढ़ती रहेंगी.

### ट्रक और गैस टैंकर की टक्कर, दो चालकों की मौत

**नालंदा।** चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-फोरलेन पर तीनी गांव के पास रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. आम लदे तेज रफ्तार ट्रक और गैस टैंकर की आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. मृतकों की पहचान भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी 45 वर्षीय उदय राम और रहुई थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी 28 वर्षीय शिव बालक यादव के रूप में हुई है. दोनों अपने-अपने वाहनों के चालक थे. वहीं घायलों में मधुबनी निवासी विनोद राम और नालंदा के भागनबिगहा गांव के सुनील कुमार शामिल हैं. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. यह दुर्घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और चालक सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े करती है.

### जहरीला पदार्थ खानेवाले पांचवें सदस्य की मौत

**नालंदा।** पावापुरी थाना क्षेत्र के पावा गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने का मामला सामने आया है. शुक्रवार शाम से शुरू हुए इस दर्दनाक घटना में परिवार के पांचवें सदस्य धर्मेंद्र प्रसाद ने शनिवार देर रात पटना के पीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इससे पहले, शुक्रवार शाम को परिवार की दो बेटियों, दीपा कुमारी और अरिका कुमारी की मौत हो गई थी. वहीं, शनिवार तड़के महिला सदस्य सोनी देवी और उनका बेटा शिवम कुमार भी अपनी जान गंवा चुके थे. यह पूरा परिवार किस वजह से इस कृत्य को करने पर मजबूर हुआ, इसकी जानकारी अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है. हालांकि, राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि कर्ज को लेकर परेशान करने वाले आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है. इस परिवार पर कितना कर्ज था और किस वजह से तनाव उत्पन्न हुआ, इसकी भी जांच की जा रही है.

### शादी का झांसा दे यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर गठित एसआईटी ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को पटना के दानापुर से गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र के नीचे बाजार निवासी मिट्ठु महतो के बेटे अमित कुमार के रूप में हुई है. वह पिछले तीन महीनों से फरार चल रहा था. पीड़िता ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर कई बार यौन शोषण करने का आरोप लगाया है. जब युवती ने शादी का दबाव डाला तो आरोपी और उसके परिजनों ने इनकार कर दिया. इससे आहत होकर पीड़िता ने 22 अप्रैल को महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. हाल ही में आरोपी द्वारा पीड़िता की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई. शुक्रवार को पीड़िता ने कीटनाशक खा लिया, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में सदर अस्पताल और फिर पावापुरी विम्स रेफर किया गया. फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है. एसपी के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय इमरान परवेज की निगरानी में एसआईटी टीम ने तकनीकी सर्विलांस और मानवीय सूचनाओं के आधार पर शनिवार तड़के आरोपी को गिरफ्तार किया. टीम में महिला थानाध्यक्ष रीना कुमारी और डीआईयू की टीम शामिल थी. आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे के जन्मदिन पर जदयू कार्यालय के बाहर लगा बड़ा पोस्टर

# निशांत कुमार को बताया भविष्य का नेता

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का आज जन्मदिन है. इस खास मौके पर सुबह से ही उन्हें जन्मदिन की बधाई दी जा रही है. लेकिन इसी बीच जदयू कार्यालय के बाहर लगे एक पोस्टर ने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है. बड़े अक्षरों में लिखे गए इस पोस्टर में निशांत कुमार को "भविष्य का नेता" बताया गया है और लिखा गया है, "बिहार की मांग सुन लिए निशांत, बहुत-बहुत धन्यवाद! पोस्टर में निशांत कुमार की बड़ी तस्वीरें छपी हैं, जिनमें उन्हें भावी नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया है. साथ ही




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी तस्वीर लगी है. इस पोस्टर को देख कर यह चर्चा तेज हो गई है कि निशांत अब सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाले हैं. राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, 2025 के विधानसभा चुनाव में निशांत मैदान में उतर सकते हैं. इतना ध्यान देने वाली बात है कि अब तक निशांत कुमार ने सार्वजनिक जीवन से दूरी बनाए रखी थी और राजनीति में आने से लगातार इनकार करते रहे हैं. इंजीनियरिंग ग्रेजुएट निशांत अपने निजी जीवन को काफी शांतिपूर्ण और कम चर्चित रखते हैं. लेकिन जदयू कार्यालय के बाहर लगे इन पोस्टरों ने अटकलों को हवा दे दी है कि वे अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हो सकते हैं.

पोस्टरों में निशांत को "बिहार की भविष्य की जरूरत" बताया गया है, जो साफ तौर पर भविष्य के नेतृत्व की ओर संकेत करता है. हालांकि जदयू की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है. लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि वरिष्ठ नेता निशांत कुमार को राजनीति में लाने के पक्ष में हैं. बताया जा रहा है कि उन्हें पटना या नालंदा से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया जा सकता है. राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि जदयू अपने संगठन को युवा नेतृत्व से मजबूत करना चाहती है और इसी रणनीति के तहत निशांत कुमार को आगे लाने की योजना बन रही है. यह कदम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा हो सकता है.

## कारोबार

### नारा भुवनेश्वरी ने एक दिन में कमाए 79 करोड़ रुपये

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी ने शेयर बाजार से एक ही दिन में लगभग 79 करोड़ रुपये की भारी कमाई की है. यह जबरदस्त मुनाफा हेरिटेज फूड्स लिमिटेड के शेयरों में आई जोरदार तेजी की वजह से हुआ. शुक्रवार को जहां शेयर बाजार में गिरावट देखी गई, वहीं हेरिटेज फूड्स का स्टॉक 7 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 493.25 रुपये तक पहुंच गया. नारा भुवनेश्वरी के पास इस कंपनी के 2,26,11,525 शेयर हैं, जो कंपनी में 24.37 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्शाते हैं.

### शेयर बाजार में निवेश हुआ आसान, स्कैम्स भी बढ़े

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेश अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है, लेकिन इसके साथ ही स्कैम्स भी तेजी से बढ़े हैं. हाल ही में अमेरिका की ग्लोबल एल्गो ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट के फ्यूचर और ऑप्शंस स्कैम ने खूब सुर्खियां बटोरीं. इसी कड़ी में एक और बड़ा स्कैम है—पंप एंड डंप स्कीम, जो लंबे समय से मार्केट में सक्रिय है और रिटेल निवेशकों को बड़ा नुकसान पहुंचा रही है. इस स्कीम में स्कैमर किसी कम कीमत वाले शेयर (पेनी स्टॉक) को चुनते हैं और बड़ी मात्रा में खरीद कर उसकी कीमत बढ़ाते हैं.

### शेयर बाजार में 10 कंपनियां करेंगी दस्तक, सुनहरा मौका

**नयी दिल्ली।** देशभर में मानसून की जोरदार बारिश के बीच शेयर बाजार में भी इस हफ्ते पैसों की बारिश देखने को मिलेगी. अगले सप्ताह निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर आने वाला है क्योंकि मेनबोर्ड और एसएमई प्लेटफॉर्म पर कुल 10 कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करने जा रही हैं. मेनबोर्ड से एंथम बायोसाइंसेज सोमवार, 21 जुलाई 2025 को शेयर बाजार में डेब्यू करेगी. इसके बाद इंडिक्यूब स्पेस और जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स आईपीओ बुधवार, 23 जुलाई को लॉन्च होंगे. ब्रिगेड होटल वेंचर्स का आईपीओ 24 जुलाई को जबकि शांति गोल्ड इंटरनेशनल का आईपीओ शुक्रवार, 25 जुलाई को खुलेगा.

## एनवीडिया बनी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टेक कंपनी

# मार्केट कैप 4.2 ट्रिलियन डॉलर के पार

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया की दिग्गज एआई चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया ने एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है. कंपनी का मार्केट कैप 4.2 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो भारत की जीडीपी (4.19 ट्रिलियन डॉलर) से भी ज्यादा है. इस असाधारण उपलब्धि ने एनवीडिया को दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में शीर्ष पर पहुंचा दिया है. एनवीडिया की शुरुआत 1993 में हुई थी, जब ताइवान में जन्मे इंजीनियर जेंसन हुआंग को डिनर के दौरान अपने दोस्तों के साथ बैठकर कंपनी का आइडिया आया. दिलचस्प बात यह है कि जिस रेस्टोरेंट में यह आइडिया आया, वहीं वह पहले बर्तन धोया करते थे. आज उसी व्यक्ति की कंपनी पूरी दुनिया की एआई इंडस्ट्री की रीढ़ बन चुकी है. शुरुआत में एनवीडिया सिर्फ वीडियो गेम ग्राफिक्स चिप्स बनाती थी, लेकिन बाद में कंपनी ने ऐसा सॉफ्टवेयर




विकसित किया, जिससे उनके जीपूयू का इस्तेमाल क्लाउड कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विजन और क्रिप्टो माइनिंग में होने लगा. एआई तकनीक के विकास ने एनवीडिया को हर सेक्टर में बेहद जरूरी बना दिया. जेनरेटिव एआई के तेजी से बढ़ते प्रभाव के चलते एआई चिप्स की मांग में जोरदार इजाफा हुआ. एनवीडिया की हॉपर सीरीज की एच100 चिप्स को बड़े पैमाने पर अपनाया गया. 2023 में कंपनी ने करोड़ों चिप्स बेचे, जिससे उसके शेयरों में जबरदस्त उछाल आया और मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर पार कर गया.

2024 में कंपनी ने अपना सबसे पावरफुल माइक्रोचिप जारी किया, जिसे खरीदने के लिए मेटा, ओपनएआई और गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट तक लाइन में लग गईं. एनवीडिया का सफर आसान नहीं रहा. चीन के डीपसीक सिस्टम में 2,000 एच800 चिप्स के इस्तेमाल की खबर से शेयरों में 20% गिरावट आई. इसके बाद अमेरिका ने भी चीन को एच800 और एच20 चिप्स की बिक्री पर पाबंदी लगा दी, जिससे कंपनी को लगभग 5.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ. लेकिन मजबूत रणनीति और टेक्नोलॉजी के बल पर एनवीडिया ने इन झटकों से उबरते हुए अपनी पकड़ और मजबूत कर ली. पिछले दो सालों में एनवीडिया का रेवेन्यू भी आसमान छूने लगा. मई 2022 में 7.2 अरब डॉलर का रेवेन्यू अब 2024 में बढ़कर 44.1 अरब डॉलर हो गया. कंपनी अब हर साल नई चिप लॉन्च करने की रणनीति पर काम कर रही है.

जेंसन हुआंग, जो अब दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति बन चुके हैं, की नेटवर्थ 151 अरब डॉलर हो गई है. वह रोजाना 14 घंटे काम करते हैं और छुट्टियों में भी काम से जुड़ाव बनाए रखते हैं. वह मानते हैं कि दुनिया में कुछ भी हासिल करने के लिए संघर्ष जरूरी है.

हुआंग ने कभी कहा था कि 1990 के दशक के अंत में कंपनी दिवालिया होने के कगार पर थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. यही जज्बा आज एनवीडिया को एसएंडपी 500 की 214 कंपनियों के संयुक्त मार्केट कैप के बराबर पहुंचा चुका है. एनवीडिया अब चीन के 50 अरब डॉलर के संभावित एआई बाजार को ध्यान में रखते हुए सबसे एडवांस्ड चिप्स की पेशकश की योजना बना रही है. जैसे-जैसे चैटबॉट्स और एआई टूल्स का चलन बढ़ेगा, एनवीडिया की मांग और बढ़ेगी. आज एनवीडिया सिर्फ एक टेक कंपनी नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली टेक्नोलॉजिकल क्रांति का नेतृत्व कर रही है.

## चिंता

## चीन पर अमेरिकी टैरिफ का संकट गहराया, उद्योग खतरे में

# नौकरियों पर मंडराने लगा है खतरा

**एजेंसी। बीजिंग**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ से चीन की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है. ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स की नई रिपोर्ट के अनुसार, चीन के अधिकांश उद्योग वर्तमान 40% टैक्स दर को झेलने की स्थिति में नहीं हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 में चीन के उद्योगों का औसत मुनाफा केवल 14.8% है, जो टैरिफ की दर से काफी कम है. यह अंतर कंपनियों को कीमतें घटाने के लिए विवश करेगा, जिससे उनका मुनाफा और गिरेगा. विश्लेषकों का मानना है कि इससे नौकरियों में कटौती, दिवालियापन और यहां तक



कि उद्योगों के बंद होने तक की नौबत आ सकती है. रिपोर्ट में 33 उद्योगों का विश्लेषण किया गया, जिनमें टेक्सटाइल, आईटी व कम्युनिकेशन उपकरण और फर्नीचर उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित बताए गए हैं. केवल पांच उद्योग ही ऐसे हैं जो मौजूदा टैक्स दर से अधिक मुनाफा कमा रहे हैं — इनमें दवा, तंबाकू और तेल-गैस निष्कर्षण शामिल हैं. ब्लूमबर्ग के वरिष्ठ विश्लेषक चांग शू और उनकी टीम ने लिखा है कि अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भर कुछ चीनी कंपनियां शायद ही इस संकट से उबर सकें. जबकि अन्य कंपनियां लागत में कटौती, कर्मचारियों की छंटनी और सस्ते उत्पादों के जरिये बाजार में टिकने की कोशिश करेंगी. दूसरी तिमाही में चीन की जीडीपी 5.2% बढ़ी है, जो अनुमान से बेहतर है. लेकिन यह वृद्धि कंपनियों द्वारा तेजी से सामान भेजने और कीमतें घटाने के कारण हुई है — जो लंबे समय तक संभव नहीं है. चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात पर अत्यधिक निर्भर है. रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50% उद्योगों को अपनी 10% या अधिक बिक्री के लिए विदेशी बाजारों की जरूरत होती है. अमेरिका अभी भी चीन का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है. यदि टैरिफ बढ़ते रहे, तो अमेरिकी कंपनियां विकल्प के तौर पर दूसरे देशों से आयात बढ़ा सकती हैं. हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ उपाय चीन के लिए राहत ला सकते हैं. जैसे — उन देशों को निर्यात बढ़ाना जहां टैरिफ कम हैं, घरेलू मांग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर कब्जा जमाए उद्योगों की मजबूती. इसके अलावा, चीनी सरकार भी सब्सिडी और वित्तीय सहायता के माध्यम से संकटग्रस्त उद्योगों की मदद कर सकती है. अमेरिकी टैरिफ से चीन की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है. यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो यह संकट न केवल उद्योगों बल्कि आम लोगों की नौकरियों और आय पर भी असर डाल सकता है.

### ट्रंप की टैरिफ जिद से एफपीआई ने जुलाई में निकाले 5,524 करोड़

**नयी दिल्ली।** बीते कुछ हफ्तों से बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, और इसके पीछे अहम वजह मानी जा रही है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर आक्रामक नीति. ट्रंप ने भारत को पहले ही 'टैरिफ किंग' कह दिया था, और अब 1 अक्टूबर तक व्यापार समझौता नहीं होने की स्थिति में भारत के खिलाफ टैरिफ लेटर जारी करने की चेतावनी दी है. इस तनावपूर्ण माहौल का सीधा असर विदेशी निवेशकों पर पड़ा है. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई 2025 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से कुल 5,524 करोड़ की निकासी की है. यह साल 2021 के बाद पहली बार है जब जुलाई के महीने में एफपीआई ने इतनी बड़ी निकासी की है.

## न्यूज अपडेट

### युवाओं का रुझान फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस की ओर बढ़ रहा

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में निवेश का तरीका तेजी से बदल रहा है. कुछ साल पहले तक जहां निवेशक एसआईपी और स्टॉक्स के जरिए लंबी अवधि के लिए निवेश करते थे, वहीं अब युवाओं का रुझान तेजी से ऑप्शन ट्रेडिंग यानी फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस की ओर बढ़ रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20-25 साल की उम्र के युवा बड़ी संख्या में इस हाई-रिस्क, हाई-रिवार्ड सेगमेंट में कदम रख रहे हैं. इसके पीछे मुख्य कारण है – 'ऑन-डिमांड' जीवनशैली. जहां एसआईपी के ज़रिए 20-25 साल इंतज़ार करना मुश्किल लगता है, वहीं ऑप्शन ट्रेडिंग में कुछ सौ रुपये लगाकर भी शुरू किया जा सकता है और जल्द मुनाफा कमाने की उम्मीद की जाती है. यही तात्कालिक रिटर्न का लालच युवाओं को इस ओर आकर्षित कर रहा है. सोशल मीडिया इस ट्रेंड को और बढ़ावा दे रहा है. इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब वीडियो, और टेलीग्राम ग्रुप्स पर रोजाना ट्रेडिंग स्ट्रैटेजीज, सपोर्ट-रेजिस्टेंस लेवल और एक्सपायरी बेट्स शेयर किए जाते हैं. साथ ही, कई ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स ने ऑप्शन चेन, बैकटेस्टिंग और स्ट्रैटेजी बिल्डर जैसे टूल्स को इतना सरल बना दिया है कि कोई भी शुरुआत कर सकता है. हालांकि, इस तेजी से बढ़ते क्रेज के पीछे जोखिम भी छुपा है, क्योंकि ऑप्शन ट्रेडिंग में अधिकांश नए निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है. लेकिन फिर भी, युवाओं में ट्रेडिंग सीखने और खुद की रणनीति बनाने की चाह पारंपरिक निवेश के मुकाबले कहीं अधिक दिख रही है.

### फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी का भंडाफोड़

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने 15,851 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है. यह राशि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 29 प्रतिशत अधिक है. हालांकि, इस दौरान फर्जी कंपनियों की संख्या में गिरावट देखी गई है, जो यह दर्शाती है कि फर्जी पंजीकरण के खिलाफ चलाया गया अभियान प्रभावी साबित हो रहा है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस तिमाही में केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने कुल 3,558 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह संख्या 3,840 थी. यानी औसतन हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश किया गया. सख्त कार्रवाई के तहत इस तिमाही में 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो पिछले साल की समान अवधि में हुई 26 गिरफ्तारियों से दोगुना है. साथ ही, इस दौरान 659 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई, जो पिछले वर्ष के 549 करोड़ रुपये से अधिक है. अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई जीएसटी प्रणाली की पारदर्शिता बढ़ाने और कर चोरी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. इस प्रकार, जीएसटी अधिकारियों की मेहनत से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है.

### रिलायंस को अब जियो और रिटेल से ज्यादा कमाई

**नयी दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के बेहतरीन नतीजे घोषित किए हैं. कंपनी ने इस तिमाही में रिकॉर्ड 58,024 करोड़ रुपये का ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) और 30,783 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है. हालांकि, इस बार का सबसे बड़ा संदेश सिर्फ आंकड़ों में नहीं, बल्कि कमाई के बदलते स्रोतों में छिपा है. लंबे समय से रिलायंस को एक ऊर्जा कंपनी के रूप में जाना जाता था, जिसकी आमदनी मुख्यतः तेल, गैस और पेट्रोकेमिकल कारोबार से होती थी. लेकिन अब तस्वीर बदल रही है. पहली तिमाही के नतीजों से स्पष्ट है कि रिलायंस अब ऊर्जा पर केंद्रित कंपनी नहीं रही. अब जियो टेलीकॉम सर्विस, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और रिटेल कारोबार कंपनी की कमाई के नए स्तंभ बन चुके हैं. जियो और डिजिटल सेवाओं की मजबूत ग्रोथ, रिटेल स्टोर्स के विस्तार और उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के कारण कंपनी की प्रोफाइल में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है. इससे यह साफ हो गया है कि रिलायंस अब भविष्य की टेक्नोलॉजी और कंज्यूमर ड्रिवन कंपनी बनती जा रही है, जो पारंपरिक तेल और गैस कारोबार से आगे निकल चुकी है.

### तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया

# चोटिल अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर बुलाए गए

एजेंसी। मैनचेस्टर

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है. टीम प्रबंधन ने चोटिल अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर कंबोज को टीम में जगह दी है. हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है. भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट मैच खेला जाना है.



**अर्शदीप को अब तक नहीं मिल सका है मौका**

अर्शदीप सिंह को अब तक खेले गए तीन मैचों में प्लेइंग-11 में मौका नहीं दिया गया था. भारत इस सीरीज में फिलहाल 1-2 से पीछे चल रहा है. अर्शदीप को हाल ही में अभ्यास के दौरान चोट लगी थी. हालांकि, न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, कंबोज को अर्शदीप के कवर के तौर पर बुलाया गया है. कंबोज भारत ए टीम का हिस्सा थे जिन्होंने सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक मैच खेला था. कंबोज ने इन मैचों में पांच विकेट लिए थे और दूसरे मैच में अर्धशतक भी लगाया था.

**आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए खेले थे कंबोज :** कंबोज आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेले थे और उन्हें मेगा नीलामी में 3.40 करोड़ रुपये में खरीदा गया था. का यह तेज गेंदबाज उस वक्त सुर्खियों में आया जब उन्होंने एक पारी में सभी 10 विकेट लिए थे. कंबोज रणजी ट्रॉफी इतिहास के तीसरे गेंदबाज बने थे जिन्होंने एक पारी में 10 विकेट लिए हैं.

उन्होंने यह उपलब्धि 2024-25 सीजन में केरल के खिलाफ मुकाबले के दौरान हासिल की थी.

अर्शदीप का चौथे टेस्ट के लिए मैनचेस्टर पहुंची थी. इससे पहले टीम के सदस्यों ने बेकेनहैम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया था. जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंध के कारण अगर आराम दिया जाता तो अर्शदीप के लिए मौका बन सकता था. लॉर्ड्स टेस्ट में भारत बुमराह, सिराज और आकाश दीप की तेज गेंदबाज तिकड़ी के साथ उतरा था.

**बुमराह-आकाश दीप को लेकर स्पष्ट नहीं स्थिति**

इस बारे में अभी स्पष्ट नहीं है कि बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट में खेलेंगे या नहीं. मालूम हो कि बुमराह ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वह इस सीरीज में तीन मैच ही खेलेंगे. उन्होंने लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था, जबकि बर्मिंघम में हुए दूसरे टेस्ट से उन्हें आराम दिया गया था. बुमराह तीसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में शामिल थे और अब देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें अगले मैच में चुना जाता है या नहीं. दूसरी ओर, आकाश दीप में ग्रोइन चोट से जूझ रहे हैं और उनकी उपलब्धता को लेकर भी स्पष्टता नहीं है. सिराज ने अब तक तीनों मैच में हिस्सा लिया है, इसलिए यह भी देखना होगा कि टीम प्रबंधन उन्हें आराम देता है या नहीं.

## भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. मिश्रित टीम ने अमेरिका को मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं, वैष्णवी अदकर भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं. भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम ने अमेरिका को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका मुकाबला मलेशिया से होगा जिससे वे देश के लिए पदक पक्का करने से एक कदम दूर हैं. सतीश करुणाकरण और वैष्णवी खाडेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने आर्थर ली और कैटेलिन न्गो को 13-15, 15-3, 15-12 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई. सनीथ दयानंद ने रयान मा को 15-8, 10-15, 15-7 से हराकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई. उभरती हुई महिला एकल खिलाड़ी देविका सिहाग हालांकि एला लिन से 11-15, 20-21 से हार गईं जिससे स्कोर 2-1 हो गया. सनीथ दयानंद और सतीश करुणाकरण की पुरुष युगल जोड़ी ने आंद्रे चिम और सैमुअल वेल्स ली को 15-9, 15-9 से हराकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. टेनिस में 20 वर्षीय वैष्णवी अदकर को फिनलैंड की वेनला एलिसा अहती को 6-2, 6-4 से हराकर प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश करने में ज़्यादा परेशानी नहीं हुई.

## भारत अंतिम-8 में, यूएई को दी मात

**नयी दिल्ली।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. भारत ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराया था.टूर्नामेंट में 17 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है जिसमें से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुचेंगी. भारत का ग्रुप में तीसरा मुकाबला हांगकांग से होगा. इससे ग्रुप पर शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम का फैसला होगा. पिछले साल मलयेशिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 2-3 से हारने के बाद भारत पदक से चूक गया था. इसलिए टीम का फोकस सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर रहेगा.

### चौथे टेस्ट के लिए मैनचेस्टर पहुंची भारतीय टीम

# 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में पांच मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाएगा

एजेंसी। मैनचेस्टर

शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम चौथे टेस्ट मैच के लिए मैनचेस्टर पहुंच गई है. भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में पांच मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जाएगा. भारतीय टीम फिलहाल सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही है और उसकी नजरें अब सीरीज में वापसी करने की होगी. भारत को अगर सीरीज में बने रहना है तो यह मैच हर हाल में जीतना होगा.



**टीम ने बेकेनहैम में किया था अभ्यास :** इंग्लैंड में लॉर्ड्स टेस्ट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने गुरुवार को बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में नेट अभ्यास किया था. भारत इस मैच को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है, लेकिन उसके लिए मैनचेस्टर में राह आसान नहीं होगी. उसका सामना इंग्लैंड से एक ऐसे मैदान पर है, जहां हमने कभी कोई टेस्ट नहीं जीता. एक से एक बड़े कप्तानों के नेतृत्व में भारत ने मैनचेस्टर में टेस्ट खेला, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके. अब गिल के पास इतिहास रचने का मौका है.

**तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा भारत ? :** मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम तीन स्पिनरों को उतार सकती है. तेज गेंदबाज आकाश दीप लॉर्ड्स में फिटनेस को लेकर संघर्ष करते नजर आ रहे थे. माना जा रहा है कि ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होगी और कलाई के स्पिनरों को इससे मदद मिल सकती है. इंग्लैंड टीम के नियमित स्पिनर शोएब बशीर चोट लगने के बाद सीरीज से बाहर हो चुके हैं. उनकी जगह टीम ने डॉसन को बुलाया है.ऐसे में भारतीय टीम चौथे टेस्ट मैच में अब तक बाहर बैठे कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को मौका दे सकती है. पांच गेंदबाजों की थ्योरी में दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हो सकते हैं.

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का भी मानना है कि पाटा विकेट स्पिनरों का रास आ सकता है. ऐसे में भारत बुमराह और सिराज के साथ तीन स्पिनरों वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को मौका दे सकता है. हालांकि उनका कहना है कि मैनचेस्टर में मौसम से खेल प्रभावित हो सकता है लेकिन यह भारतीय टीम प्रबंधन को देखना है.

**पंत के खेलने पर संशय :** मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है. तीसरे टेस्ट में पंत ने 74 और 9 रन की पारी खेली थी. खेल के दौरान उन्हें बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे. वह मैच के बाकी समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए. उनकी अनुपस्थिति में ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी. हालांकि, चौथे टेस्ट के लिए टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि पंत खेलने के लिए फिट होंगे.

**मैनचेस्टर में भारत का रिकॉर्ड**

भारत ने अब तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल नौ टेस्ट खेले हैं. इसमें से चार टेस्ट इंग्लैंड जीतने में कामयाब रहा है, जबकि पांच टेस्ट ड्रॉ रहे हैं. टीम इंडिया के पास हार और ड्रॉ के इस सिलसिले को तोड़ने का बेहतरीन मौका है और एक जीत सीरीज को दिलचस्प बना देगी. भारत अगर मैनचेस्टर में 2-2 से बराबरी करने में कामयाब रहता है तो इंग्लैंड के ऊपर दबाव आ जाएगा. फिर सबकुछ 31 जुलाई से केनिंग्टन ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट से तय होगा. टीम इंडिया का कुछ ऐसा ही रिकॉर्ड बर्मिंघम के एजबेस्टन में भी था, लेकिन गिल की टीम इतिहास रचने में कामयाब रही थी. अब मैनचेस्टर में एक बार फिर भारतीय टीम पूरा दमखम लगाने की कोशिश करेगी.

### वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 टूर्नामेंट

# इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच मुकाबला रद्द



एजेंसी। नई दिल्ली

इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का बहुप्रतीक्षित मुकाबला रद्द हो गया है. यह मैच रविवार को भारतीय समय के अनुसार रात 9 बजे से एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना था, लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने इस मुकाबले में खेलने से साफ इनकार कर दिया.डब्ल्यूसीएल ने इस मुकाबले को लेकर एक बयान जारी करते हुए लिखा, ₹हम डब्ल्यूसीएल में हमेशा क्रिकेट से प्रेम करते आए हैं. हमारा एकमात्र उद्देश्य खेल प्रेमियों को खुशनुमा और यादगार पल देना रहा है. जब हमें यह पता चला कि इस साल पाकिस्तान की हॉकी टीम भारत आ रही है, और हाल ही में भारत-पाकिस्तान की वॉलीबॉल प्रतियोगिता सहित अन्य खेलों में भी दोनों देशों के बीच मुकाबले हो रहे हैं, तो हमने सोचा कि डब्ल्यूसीएल में भारत और पाकिस्तान का मैच आयोजित करते हुए एक सकारात्मक याद लोगों को दी जा सके, लेकिन हो सकता है कि इसी प्रक्रिया में हम अनजाने में कई लोगों की भावनाएं आहत कर बैठे.बयान में आगे कहा गया,हमने अनजाने में भारत के उन महान क्रिकेटर्स को असहज कर दिया, जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया है. इसीलिए, हमने फैसला लिया है कि भारत और पाकिस्तान के मैच को रद्द किया जाए. क्षमा चाहते हैं कि हमारी किसी भी पहल से किसी की भावनाएं आहत हुईं. आशा है आप हमारी भावना को समझेंगे.भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन शनिवार देर रात भारत-पाकिस्तान के मुकाबले से अपना नाम वापस लेने का ऐलान कर चुके थे.शिखर धवन ने एक्स पर एक ई-मेल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा,जो कदम 11 मई को लिया, उस पर आज भी वैसे ही खड़ा हूं. मेरा देश मेरे लिए सब कुछ है, और देश से बढ़कर कुछ नहीं होता. जय हिंद !धवन ने जिस ई-मेल का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया, उसमें लिखा है, यह पत्र औपचारिक रूप से इस बात की पुनः पुष्टि और स्मरण हेतु है कि शिखर धवन आगामी डब्ल्यूसीएल लीग में पाकिस्तान टीम के खिलाफ किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लेंगे. यह फैसला 11 मई 2025 को कॉल और व्हाट्सएप पर हमारी चर्चा के दौरान पहले ही बता दिया गया था. भारत और पाकिस्तान के बीच जियोपॉलिटिकल सिचुएशन और व्याप्त तनाव को मद्देनजर रखते हुए, धवन और उनकी टीम ने सोच-समझकर यह फैसला लिया है. उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे. इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी. इसके बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया था.

## भारत-पाक के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का मैच रद्द कर दिया गया



एजेंसी। नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाला वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्लूसीएल) का मैच रद्द कर दिया गया है. कई भारतीय खिलाड़ियों के मैच से नाम वापस लेने के बाद आयोजकों ने यह फैसला किया.वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के आयोजकों ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाला मैच रद्द कर दिया गया है. डब्लूसीएल ने भारतीय खिलाड़ियों और फैंस से अनजाने में भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी है.भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद डब्लूसीएल को यह कदम उठाना पड़ा.टीम इंडिया के दिग्गज खिलाड़ी रहे युवराज सिंह की कप्तानी में इंडिया चैंपियंस का अगला मैच 22 जुलाई को साउथ अफ्रीका के साथ होगा. पाकिस्तान के साथ रविवार को होने वाला मैच भारत का इस टूर्नामेंट में यह पहला मुकाबला था. भारतीय टीम में हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू जैसे भारत के कई पूर्व स्टार खिलाड़ी हैं. इनमें से ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ मैच खेलने को लेकर इनकार करते हुए अपना नाम वापस ले लिया था.

# वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 घोषित

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है. प्लेइंग 11 में युवा खिलाड़ी मिचेल ओवेन को जहां डेब्यू का मौका मिला है, तो वहीं मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैट शॉर्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जेक फ्रेजर मैकगर्क को शामिल किया है.



ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर हैं. दौरे की शुरुआत तीम मैचों की टेस्ट सीरीज से हुई थी, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से अपने नाम किया. टेस्ट सीरीज अपने नाम करने के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई टीम 21 जुलाई (भारतीय समयानुसार) से मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी.

सीरीज का पहला मुकाबला जमैका के किंग्स्टन के सबीना पार्क में खेला जाएगा.इस बीच किंग्स्टन में खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग 11 का ऐलान कर दिया है, जिसमें युवा खिलाड़ी मिचेल ओवेन को डेब्यू का मौका दिया गया है. वहीं, मैट शॉर्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं. जमैका में ट्रेनिंग के दौरान शॉर्ट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था. हालांकि मांसपेशियों में खिंचाव ज्यादा गंभीर नहीं है लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें घर वापस भेज दिया गया है. इस वजह से जेक फ्रेजर-मैकगर्क पहले मैच में बतौर सलामी बल्लेबाज खेलते नजर आएंगे. हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे टिम डेविड को भी शुरुआती मैच के लिए आराम दिया गया है तथा कूपर कोनोली को सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रखा गया है.ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिच मार्श ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा, ₹सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, हम यहां सीरीज जीतने के लिए हैं और हम इसी तरह आगे बढ़ना चाहते हैं.उन्होंने कहा कि इस श्रृंखला के लिए उनके कुछ खिलाड़ी अनुपस्थित हैं, जिन्हें पर्याप्त आराम की आवश्यकता है, लेकिन वे चाहते हैं कि खिलाड़ी लचीले, गतिशील हों, एक टीम के रूप में एकजुट हों. हम नहीं चाहते कि कोई भी यहां आकर यह सोचे कि उसे खुद को साबित करना है. हमारे पास वाकई एक मजबूत टीम है.

**वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 :** मिचेल मार्श (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शिस, सीन एबॉट, नाथन एलिस, एडम जम्पा.

### इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बोले

# तेंदुलकर के साथ अपना नाम ट्रॉफी पर देखता हूं तो...

एजेंसी। मैनचेस्टर

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने स्वीकार किया कि सचिन तेंदुलकर के साथ ट्रॉफी पर अपना नाम देखकर वह अजीब महसूस करते हैं और उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में से एक के साथ अपना नाम होना बहुत बड़ा सम्मान है. इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है. पहले इसका नाम पटौदी ट्रॉफी था जो भारत के पूर्व कप्तान इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर था.एंडरसन ने स्काय स्पोटर्स से कहा, यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है,



बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम है, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं.उन्होंने कहा , मैं ट्रॉफी पर अपने साथ उनका नाम देखता हूं तो बड़ा अजीब लगता है. मैं उनका काफी सम्मान करता हूं. मैने बचपन से उन्हें देखा है और उनके खिलाफ खेला है . वह इतने महान क्रिकेटर रहे हैं जिन्होंने पूरे देश की उम्मीदों का बोझ अपने पूरे कैरियर में उठाया है. उनके साथ इस तरह का कुछ साझा करना बहुत बड़ा सम्मान है.

**शतरंज**

### फ्रीस्टाइल शतरंज के पहले खिताब से चूके अर्जुन एरिगेसी

# अमेरिका के अरोनियन ने एकतरफा अंदाज में हराया

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम का खिताब अपने नाम करने से चूक गए. फ्रीस्टाइल शतरंज के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने अर्जुन को अर्मेनिया मूल के अमेरिकी खिलाड़ी लेवोन अरोनियन के खिलाफ 0-2 की हार मिली. अर्जुन ने प्रारंभिक राउंड में विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन और क्वार्टर फाइनल में हिकारू नकामुरा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी.



अंतिम-4 के पहले गेम में अर्जुन के पास जीत का मौका था, लेकिन अरोनियन ने कठिन स्थिति में शानदार बचाव कर मैच जीत लिया. दूसरे गेम में, जहां अरोनियन को केवल ड्रॉ की जरूरत थी, उन्होंने शुरुआती चालों में मामूली बढ़त बनाई. खेल ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन जीत की तलाश में अर्जुन ने जोखिम उठाया जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ा. अब अरोनियन का फाइनल मुकाबला अमेरिका के ही हंस मोके नीमन से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन फैबियानो कारुआना को 2.5-1.5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई.

**हंपी ने सोंग को हराया, दिव्या-हरिका ने खेला ड्रॉ**

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल के पहले गेम में चीन की युक्सिन सोंग को हराकर फिडे विश्व महिला शतरंज कप के अंतिम चार चरण में पहुंचने की ओर कदम बढ़ाया. हंपी ने 53 चाल में चीन की खिलाड़ी को हराया. भारतीय खिलाड़ियों दिव्या देशमुख और डी हरिका के बीच 31 चाल के बाद मुकाबला ड्रॉ रहा. दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आर वैशाली ने पूर्व विश्व महिला चैंपियन चीन की झोंगयी टैन से 73 चाल के बाद ड्रॉ खेला. इसमें अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालिफाइंग स्थान भी दांव पर हैं जिससे अगले महिला विश्व चैंपियनशिप मैच में मौजूदा चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा.

### सीरीज 1-1 से बराबर, सोफी एक्लेस्टोन बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

# दूसरे वनडे में इंग्लैंड को हराया

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिला टीम को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है. इस जीत में इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं.बारिश के चलते मैच को 29 ओवर प्रति पारी तक सीमित कर दिया गया था. इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया. टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही. सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल सिर्फ



3 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर मात्र 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं. स्मृति मंधाना ने अनुभव का परिचय देते हुए 42 रनों की अहम पारी खेली, जबकि दीप्ति शर्मा ने अंत तक टिके रहकर नाबाद 30 रन बनाए. हालांकि मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया, और भारतीय टीम 29 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बना सकी.लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत दी. एमी जोन्स ने नाबाद 46 रन और टैमी ब्यूमोंट ने 34 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने भी उपयोगी 21 रन जोड़े. भारत की ओर से स्नेह राणा और क्रांति गौड़ को एक-एक विकेट मिला.इंग्लैंड ने महज 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम किया. इस जीत के साथ ही सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर आ गई है.

## ब्रीफ न्यूज

### बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुआ जयभवानी गंझू का घर

**कुन्दा।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत बनियाडीह गांव निवासी जयभवानी गंझू का घर शनिवार देर रात मूसलाधार बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है. जयभवानी गंझू एक गरीब परिवार से हैं. और वह दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. जयभवानी गंझू की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है, जिसके कारण वे अपने क्षतिग्रस्त घर का मरम्मत कार्य नहीं कर सकते हैं. दिहाड़ी मजदूरी से होने वाली सीमित आय से वे अपने परिवार का मुश्किल से भरण-पोषण कर पाते हैं,भुक्तभोगी ने प्रशासन से अपील की है. क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत के लिए मदद की जाए.

### झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक

**प्रतापपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय प्रतापपुर के प्रांगण में झारखंड से सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई प्रतापपुर की एक बैठक मोर्चा के अध्यक्ष नागेंदर कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई. जबकि बैठक का संचालन मोर्चा के प्रदेश स्तरीय सदस्य मिथलेश कुमार के द्वारा किया गया. बैठक में अपनी वेतन मांग के समर्थन में प्रखंड के सैकड़ो सहायक अध्यापकों ने सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में 19 एवं 20 जुलाई को अपने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी विधायकों को मांग पत्र सौपा जाएगा . वहीं दूसरी ओर 4 अगस्त से 7 अगस्त तक मानसून सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा .

### बारिश ने छीना गरीब परिवारों का आशियाना

**चौपारण ।** प्रखंड के जवनपुर पंचायत अंतर्गत 15 जुलाई की रात मूसलधार बारिश में दो अत्यंत गरीब परिवारों का मिट्टी का बना घर अचानक ढह गया. संतोष यादव (पिता रामबली यादव) और चक्रासर निवासी कदम देवी (पति संदीप कुमार राणा) का घर गिर जाने से वे अपने छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ बेघर हो गए हैं. सौभाग्यवश कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई, लेकिन भीषण बारिश में सिर से छत का छिन जाना उनके लिए किसी बड़ी त्रासदी से कम नहीं है.वर्तमान में दोनों परिवार पड़ोसियों की मदद से किसी तरह दिन काट रहे हैं. मुखिया जानकी यादव ने हालात की गंभीरता स्वीकार करते हुए बताया कि प्रशासन से जल्द सहायता की आवश्यकता है.

हरियाली अभियान के तहत विधायक ने बांटे पौधे, गांधी मैदान का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# पौधों को परिवार का सदस्य मानकर देखभाल करें : प्रदीप प्रसाद

शुभम संदेश ।हजारीबाग



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वर्ष 2025 में एक लाख इक्यावन हजार पौधे लगाने और वितरित करने का संकल्प लिया है. इस संकल्प के तहत वे न केवल स्वयं पौधे लगाएंगे बल्कि आम नागरिकों को भी प्रेरित करेंगे की वे अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाकर हजारीबाग को हरा-भरा बनाने में सहभागी बनें.

रविवार को इस अभियान के तहत मटवारी गांधी मैदान में विधायक प्रदीप प्रसाद ने सैकड़ों नागरिकों के बीच फलदार पौधों का वितरण किया. कार्यक्रम में आम, अमरूद, कटहल, आंवला समेत विभिन्न प्रकार के पौधों का वितरण किया गया. पौधों को प्राप्त करते हुए नागरिकों ने संकल्प लिया की वे इन पौधों को अपने बच्चों की तरह पालेंगे और उनकी उचित देखभाल कर हजारीबाग की हरियाली को संरक्षित करेंगे.

इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हरियाली ही जीवन का आधार है. पौधा लगाना केवल एक कर्म नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर छोड़ने का प्रयास है. उन्होंने कहा की हजारीबाग की हरियाली और पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. यह अभियान केवल पौधा लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी देखभाल कर हरियाली बनाए रखना हमारा कर्तव्य है. विधायक ने यह भी बताया की वर्ष 2024 में उन्होंने एक लाख पौधों के रोपण का संकल्प लिया था,जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया. उनके इस कार्य की प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी. इस वर्ष भी अभियान हरियाली महोत्सव के रूप में चलाया जा रहा है. पौधे वितरण कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रदीप प्रसाद ने गांधी मैदान का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, शौचालय सफाई, लाइटिंग व्यवस्था और मैदान की विधि व्यवस्था को लेकर गहन समीक्षा की. इसके बाद नगर निगम के नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद भी गांधी मैदान पहुंचे. विधायक ने उन्हें मौके पर बुलाकर वहां मौजूद समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया.कार्यक्रम में एक सकारात्मक वातावरण देखने को मिला जहां हर आयु वर्ग के लोग पौधों के महत्व को समझते हुए आगे आए. इस मौके भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव, अधिवक्ता श्री प्रकाश झा, समाजसेवी बाटेश्वर मेहता,बलराम शर्मा, भाजपा नेत्री व पूर्व महिला जिला अध्यक्ष रेणुका साहु, इन्दर गोप, माथुर प्रसाद, नकुलदेव सिहं सहित सैकडों लोग उपस्थित थे.

# मारपीट व चेन छिनतई का मामला दर्ज, सात गिरफ्तार



शुभम संदेश। कोडरमा

कोडरमा जिले में खुले आम बस स्टैंड में चुंगी के नाम मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है.इस बाबत बताया जाता है कि जिले के कोडरमा थाना अंतर्गत दिबोर मेघातरी बस स्टैंड में वहां के गुर्गो के जरिये रात में मालवाहक, बड़े वाहनों और बाहरी निजी वाहनों से रात के अंधेरे में चुंगी के रूप में सरकार की ओर से निर्धारित दर से कई गुना अवैध रूप से वसूली की जा रही थी.इसका वीडियो पटना से लौट रहे झुमरीतिलैया के संजीव कुमार ने बनाया.इसे देख जान मारने की नियत से मारपीट और मोबाइल तोड़ने तथा उनकी पत्नी का सोने का चेन छीनने की घटना को अंजाम दिया गया।इस बाबत पत्रकार संजीव कुमार ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर कहा कि वे अपनी पत्नी के साथ सीतामढ़ी से लौट रहे थे तभी देखा कि अवैध रूप से दिबोर मेघातरी बस स्टैंड के पास वाहनों की जाम लगी थी और बस स्टैंड में कार्यरत लोगों के जरिये मालवाहक ट्रको सहित दूसरे अन्य वाहनों से नियम विरुद्ध चुंगी की वसूली जबरदस्ती लिए जा रहे थे .इसके बाद उक्त घटना की विडियो क्लिप तैयार की जा रही थी तब बस स्टैंड में कार्यरत 10-15 की संख्या में लोगों ने जान मारने की नियत से मारपीट करते हुए मोबाइल फोन को तोड़ दिया.थाना में दिए आवेदन के बाद कोडरमा पुलिस ने (कांड संख्या 131/ 25) दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त जगह पर छापेमारी की. इस दौरान वीरेंद्र प्रसाद , सुबोध कुमार , सूरज कुमार , सतीश कुमार , अविनाश कुमार, सिकंदर रजवार, मंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया.कोडरमा थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि थाना में दिए आवेदन के बाद पुलिस ने कार्रवाई की .इसमें सात लोगों को पकड़ा गया है.

### जंगली हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में दहशत

**गोला।** गोला वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है. शुक्रवार की रात दर्जन भर हाथियों का झुंड सुतरी, रोला, धोरधोरीया आदि गांव के आस पास विचरण करते नजर आया है. जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है. इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की हाथी भागाओ टीम हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रही है. साथ ही ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक एक माह से सुतरी के जंगलों में 20 से अधिक हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं. इससे जंगल के आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है.बीती रात हाथियों के दल दर्जनों किसानों के है. ग्रामीणों ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोग डर के साये में जीवन बसर करने के लिए मजबूर हैं. ग्रामीणों के राजमर्रा का जीवन भी प्रभावित हो गया है. काम करते समय हाथियों के आने की सुगबुगाहट मिलती है तो सारा काम छोड़ कर खुद को बचाने के लिए सुरक्षित ठिकानों की ओर भागना पड़ता है. यह एक दिन की समस्या नहीं है, उन्हें अक्सर ये दिन देखना पड़ता है. जब उन्हें पता चलता है कि हाथी जंगल की ओर चले गए हैं.

### दादी सेना का द्वितीय वार्षिक महोत्सव संपन्न



**हजारीबाग ।** धर्म और आस्था से ओतप्रोत दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक महोत्सव का समापन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ. इस विशेष अवसर पर दादी सेना की सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में पधारे सभी दादी भक्तों का हृदय से आभार जताया. श्री रानी सती दादी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष फतेचंद मुनका समेत सभी पदाधिकारी व सदस्यों का आभार !कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसमें भाग लेने वाली सभी बहुओं का विशेष धन्यवाद किया गया, जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. धनबाद से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक मनीष अग्रवाल और उनकी टीम को भावपूर्ण भजनों के लिए धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने अपने संगीत से भक्तों को भावविभोर कर दिया.इसी क्रम में, कोलकाता से आई नृत्य-नाटिका टीम को भी विशेष रूप से धन्यवाद प्रकट किया गया, जिन्होंने अपनी सुंदर प्रस्तुति के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक संदेश को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया.कार्यक्रम की सफलता में मीडिया की भूमिका को भी सराहा गया और सभी मीडिया प्रतिनिधियों का दिल से आभार व्यक्त किया गया.

## हज़ारीबाग में जल्द होगा मछली बाजार का निर्माण : सुदिव्य कुमार



शुभम संदेश ।हजारीबाग

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने झारखण्ड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात कर हज़ारीबाग में एक मछली बाजार बनाने की माँग की .झारखण्ड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा की बहुत जल्द हज़ारीबाग में मछली बाज़ार का निर्माण किया जायेगा . माननीय मंत्री ने हज़ारीबाग नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि हज़ारीबाग में स्थान निर्धारित करके अविलम्ब मछली बाजार का निर्माण किया जाये . झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने कहा कि हज़ारीबाग नगर निगम क्षेत्र में मछली विक्रेताओं के लिए एक मछली बाज़ार बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है . मछली बाज़ार बन जाने से सभी मछली विक्रेता एक मार्केट भवन में ही मछली की दूकान लगायेंग जिससे हज़ारीबाग शहर में गन्दगी भी नहीं फैलेगी और आम जनता को मछली लेने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा .

## जन्म एवं मृत्यु निबंधन पर पंचायत सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण



शुभम संदेश। हजारीबाग

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेशानुसार आज रविवार को प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण केंद्र, जबरा, हजारीबाग में जिले के सभी पंचायत सचिवों को जन्म एवं मृत्यु निबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया.इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत स्तर पर जन्म एवं मृत्यु निबंधन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं सटीक बनाना था. प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री मुलिन मरांडी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने निबंधन अधिनियम की धाराओं, नियमों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही अमरनाथ गुप्ता एवं प्रकाश कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें निबंधन प्रणाली में ऑनलाइन प्रविष्टि, डेटा प्रबंधन एवं पोर्टल उपयोग की प्रक्रिया पर विशेष बल दिया गया.इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी रजत अनूप कश्यप सहित सभी प्रखंड सांख्यिकी प्रवेक्षक उपस्थित रहे.

## बदमाशों ने गृहस्वामी को चौकी से बांधा, नकदी लेकर फरार

शुभम संदेश ।चतरा



जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के ग्राम घंघरी निवासी अजय विश्वकर्मा (36) पिता इंद्रदेव विश्वकर्मा को सोते हुए चौकी में बांधकर दुकान में रखा 170000 रुपया लेकर अपराधी फरार हो गए. साथ ही किरासन तेल छिड़क कर दुकान में आग लगा दी. घटना शनिवार की मध्य रात्रि के बाद की है. इस बाबत अजय ने रविवार को वशिष्ठ नगर थाना में आवेदन देकर बिहार के गया जिला अंतर्गत बाराचट्टी थाना क्षेत्र के लेम्बोगड़ा गांव निवासी पुरुषोत्तम कुमार मिस्त्री पिता जनार्दन मिस्त्री के साथ तीन चार अन्य पर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है. आवेदन में अजय ने लिखा है कि मैं रात में अपने दुकान के बाहर बरामदे में सो रहा था. इसी दौरान मध्य रात्रि के बाद पुरुषोत्तम कुमार विश्वकर्मा (जो मेरा रिश्तेदार भी है) ने अपने तीन चार अन्य आपराधिक छवि के साथियों के साथ मुझे सोते हुए चौकी से कसकर बांध दिया. मेरे तकिया के नीचे रखा दुकान का चाबी से दुकान को खोलकर दुकान में रखें 1,70,000/- रुपए जो मैंने महाजन को देने के लिए रखे थे को लूट लिया, साथ ही अपने साथ लाए किरासन तेल को छिड़ककर दुकान में आग लगा दी. मेरे द्वारा हो हल्ला किए जाने पर पास पड़ोस के लोग दौड़े और आग बुझाई तथा मुझे भी चौकी के बंधन से मुक्त किया.

बदहाली | बूंद-बूंद के लिए तरसते हैं छात्र, कुएं के पानी पर विद्यार्थी आश्रित

# चतरा के स्कूल में नहीं है पानी की व्यवस्था

शुभम संदेश ।चतरा



जिले के प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा में उत्क्रमित प्लस 2 हाई स्कूल में पानी का संकट गहरा गया है. जिससे स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है.स्कूल में पेयजल और शौचालयों में पानी की कमी के कारण, बच्चे न केवल प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं, बल्कि शौच के लिए भी उन्हें खुले में जाना पड़ रहा है.

यह स्थिति छात्रों की सेहत और स्वच्छता के लिए खतरा तो है ही साथ ही छात्राओं की सुरक्षा और गरिमा पर भी गंभीर सवाल है.स्कूल में पानी की समस्या लंबे समय से है.यहां गर्मी के मौसम में पानी का जलस्तर नीचे चला जाता है. यहां पहले से मौजूद दो बोरिंग पूरी तरह सूख चुके हैं. हाल ही में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने 300 फीट गहरा बोरवेल किया था लेकिन वह भी सूखा निकला. इस स्थिति ने स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को परेशानी में डाल दिया है. स्कूल में पढ़ने वाली छात्राएं बताती हैं कि शौच के लिए खुले में जाना उनकी मजबूरी बन गई है, जो न केवल असुरक्षित है, बल्कि उनकी निजता को भी प्रभावित करता है.

इसके अलावा, प्यास बुझाने के लिए उन्हें स्कूल के बाहर कुएं या अन्य स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उनका समय और ऊर्जा बर्बाद होती है.वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार शिक्षा विभाग और पीएचईडी अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन अब तक वे इसका कोई समाधान नहीं निकाल पाए.

उन्होंने कहा हमने बार-बार अधिकारियों को पत्र लिखा और मौखिक रूप से भी सूचित किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है.स्कूल में पानी की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों का स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रहे हैं. वहीं पीएचईडी के जूनियर इंजीनियर अमित कुमार ने स्वीकार किया कि 300 फीट की बोरिंग के बाद भी पानी नहीं मिला. उन्होंने बताया कि अब 700 फीट गहरी बोरिंग की मांग को जिला प्रशासन को भेजा गया है और आदेश मिलते ही काम शुरू हो सकता है.

### हजारीबाग में कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आज

**हजारीबाग।** संगठन सृजन 2025 के तहत जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में 21 जुलाई, सोमवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैक्वेट हॉल में आयोजित होगा. प्रशिक्षण शिविर में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्ष भाग लेंगे.इस प्रशिक्षण शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उप प्रभारी डॉ. सिरीबेला प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. जिला कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूत करना है.

## एक नजर

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** रविवार को तेतुलमारी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। पहली घटना तेतुलमारी-गया पुल के पास हुई, जहां सड़क के गड्ढे में गिरकर बाइक सवार ईस्ट बरिया निवासी गोना यादव घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत उठाकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना देर रात तेतुलमारी के शक्ति चौक के पास हुई। रील बनाने के दौरान एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे धनबाद के हीरापुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेजा। साथ ही, पुलिस ने बाइक को थाने ले गई।

### राजागढ़ की दीवार गिरी, घर क्षतिग्रस्त

**झरिया(शुभम संदेश)।** झरिया थाना क्षेत्र के राजबाड़ी कैंपस राजागढ़ में रविवार रात को दीवार का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इसकी चपेट में आकर देवाशीष नामक व्यक्ति का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही घर में रखा सामान भी नष्ट हो गया। बताया जा रहा है कि कोयलांचल समेत पूरे झारखंड में पिछले एक महीने से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर कमजोर दीवारें और मकान ढह रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## शेषांश

पेज-1 का शेष

### कोयला चोर कर रहे जमुनिया नदी....

अवैध खनन के लिए सुरंग से जमुनिया नदी का पानी ब्लॉक टू परियोजना के जमुनिया उत्खनन परियोजना में घुस रहा है. इस लिए नदी के किनारे कोयला चोरों द्वारा बनाया गया. सुरंग में पत्थर और मिट्टी डालकर भराई की जा रही है. बीसीसीएल ब्लॉक टू प्रबंधन द्वारा राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का खुल्लमखुल्ला उलंघन किया जा रहा है. जो जांच का विषय है.

### स्लीपिंग प्रिंस की 20 साल कोमा में रहने ....

इससे उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया और वह कोमा में चले गए.

हादसे के बाद बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ अमेरिकी और स्पेनिश डॉक्टरों की मदद के बावजूद प्रिंस अल वलीद कभी भी पूरी तरह होश में नहीं आ सके और उनकी मौत भी कोमा में रहने के दौरान हुई है.

**पिता के अटूट प्यार की कहानी :** पिछले 20 साल में प्रिंस अल वलीद ज्यादातर वक्त कोमा में रहे, हालांकि कभी-कभार उनके मूवमेंट से उम्मीद की किरण जगती रही. उनके पिता प्रिंस खालिद बिन तलाल ने लाइफ सपोर्ट सिस्टम यानी वेंटिलेटर हटाने के सुझावों को सार्वजनिक रूप से ठुकरा दिया था. वह ईश्वर पर अपने विश्वास के चलते लगातार अपने बेटे का इलाज कराते रहे. प्रिंस अल वलीद के पिता ने कभी भी उम्मीद नहीं छोड़ी कि उनका बेटा एक दिन पूरी तरह ठीक हो जाएगा.

प्रिंस का इलाज करने आए दुनियाभर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हार चुके थे, लेकिन उनके पिता का भरोसा इन 20 सालों में एक बार भी नहीं टूटा. अल वलीद के इलाज के दौरान कई बार उम्मीद जगी और फिर टूट गई. लेकिन पिता के दिल में जो उम्मीद थी, उसे कोई मेडिकल साइंस नहीं हरा पाई. आखिरी सांस तक प्रिंस के पिता ने न तो अपने बेटे का वेंटिलेटर हटाने दिया और न ही उनकी देखभाल में किसी तरह की कोई कसर छोड़ी.

**हर साल मनाते थे जन्मदिन :** प्रिंस खालिद बिन तलाल ने एक बार कहा था, 'अगर खुदा चाहता कि वो उस हादसे में मर जाए, तो कब का चला गया होता. लेकिन उसने आज तक उसकी रूह को थाम रखा है. वह उसे जरूर ठीक करेगा.' अप्रैल में प्रिंस अल वलीद के आखिरी जन्मदिन पर उनके लिए दुआओं और समर्थन की बाढ़ सी गई थी. उनके एक रिलेटिव ने प्रिंस की बचपन की फोटो शेयर करते हुए लिखा था, '20 साल से तुम हमारे दिलों में जिंदा हो और हम हर रोज़ तुम्हारे लिए दुआ करते हैं. अल्लाह, अपने बंदे को शिफा दे. तेरे सिवा उसके दर्द को कोई नहीं जानता.'

सऊदी अरब के एक स्पेशल हेल्थ सेंटर में प्रिंस की मौत की खबर से मातम पसर गया. उनकी मौत के बाद हजारों लोग धैर्य, विश्वास और प्रेम की अटूट मिसाल बन चुके प्रिंस के पिता खालिद बिन तलाल के लिए सोशल मीडिया के जरिए अपनी संवेदनाएं भेज रहे हैं. प्रिंस के इलाज के दौरान उनके पिता कई बार अस्पताल में अपने बेटे के बिस्तर के पास बैठे रहते थे. 20 साल में प्रिंस का हॉस्पिटल रूम एक आध्यात्मिक स्थल बन गया, जहां अक्सर विजिटर्स अपनी प्रेयर्स और सपोर्ट देने आया करते थे.

**पिता ने की इमोशनल पोस्ट :** उनका जीवन और लंबा संघर्ष, न सिर्फ चिकित्सा चुनौतियों को दिखाता है, बल्कि मानवीय भावना और परिवार के लिए समर्पण की एक अनूठी कहानी को भी बयां करता है. प्रिंस अल वलीद के पिता खालिद बिन तलाल ने एक इमोशनल पोस्ट करते हुए अपने बेटे की मौत की पुष्टि की है.

कुरान की एक आयत का हवाला देते हुए उन्होंने लिखाः 'अल्लाह की इच्छा और आदेश पर भरोसा रखने वाले दिलों के साथ और गहरे दुख और उदासी के साथ, हम अपने प्यारे बेटे प्रिंस अल वालिद के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, अल्लाह उन पर दया करे, जिनका आज निधन हो गया.'

लंदन के एक मिलिट्री कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उनकी कार एक हादसे का शिकार हुई थी और तब उन्हें सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे 20 साल तक कोमा में रहे. प्रिंस के पिता खालिद बिन तलाल ने बताया कि रविवार को उनके बेटे की अंतिम संस्कार प्रार्थना आयोजित की जाएगी. साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों के लिए अगले दो दिन तक शोक सभाएं होंगी.

पेज-3 का शेष

### हर सवाल का जवाब....

हम खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार हैं. हम नियमों और परंपराओं के अनुसार काम करते हैं और इनका बहुत महत्व रखते हैं. इसलिए हम हर मुद्दे पर चर्चा करेंगे लेकिन नियमों और परंपराओं के अनुसार. उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी राय रखी. एनडीए, यूपीए (इंडिया गठबंधन) और उनके बीच के दलों ने अपनी राय रखी है. हम इन सभी मुद्दों को संसद में ले जाएंगे, क्या चर्चा करनी है और क्या नहीं, इसका फैसला बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में किया जाएगा.

**सर्वदलीय बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा :** इससे पहले संसद के मॉनसून सत्र को लेकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की. इस बैठक में सत्र के दौरान सरकार की संसद में पेश किए जाने वाले विधेयकों पर आम सहमति बनाने की कोशिश की गई. यह बैठक डेढ़ घंटे चली. इस सत्र में केंद्र सरकार की योजना 8 विधेयक पेश करने की है. केंद्रीय मंत्री और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस के जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी, के सुरेश, गौरव गोगोई, अन्नाद्रमुक के थम्बीदुरई, जॉन ब्रिटास, टीआर बालू, एलजेपी के अरुण भारती, एनसीपी (एसपी) से सुप्रिया सुले, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन शामिल हुए.

इनके अलावा, बीजेडी के सस्मित पात्रा, जेडीयू के संजय झा, वाईएसआरसीपी के गुरु मूर्ति, अनुप्रिया पटेल, आरएलडी के डॉ. राजकुमार सांगवान, आरएसपी के रामदास अठावले, श्रीकांत शिंदे समेत कई नेता सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए. साथ ही आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, डीएमके के टी सिवा भी बैठक में पहुंचे.

विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भी की मीटिंग : सर्वदलीय बैठक ऐसे समय हो रही है जब विपक्षी इंडिया गठबंधन ने शनिवार को मॉनसून सत्र के लिए अपनी रणनीति और सरकार को घेरने के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक वर्चुअल बैठक की थी. बैठक के बाद इंडिया गठबंधन का कहना था कि सभी सहयोगी दलों के बीच संसद में उठाए जाने वाले आठ प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी है.

**केंद्र सरकार की 8 विधेयक पेश करने की योजना**

1. नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2. नेशनल एंटी डोपिंग संशोधन बिल, 3. जिओहैरिटेज साइट्स एंड जिओरेलिक्स प्रिजर्वेशन एंड मेंटेनेंस बिल, 4. आईआईएम संशोधन बिल, 5. मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल, 6. टैक्सेशन संशोधन बिल, 7. जनविश्वास संशोधन बिल, 8. माइन्स एंड मिनरल्स षसंशोधन बिल.

# देश-विदेश

## न्यूज अपडेट

### धर्मांतरण मामला: छांगुर गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** अवैध धर्मांतरण के मामले में मुख्य आरोपित जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के गिरोह के एक और अपराधी को यूपी एटीएस ने रविवार को लखनऊ से गिरफ्तार किया है. एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि राजेश कुमार उपाध्याय को लखनऊ में चिनहट स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया है. वह मूलतः वाराणसी का रहने वाला है. प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि राजेश, छांगुर के लिए जमीन की खरीदारी करता था. साथ ही छांगुर के इशारे पर वह कोर्ट में केस मैनेज करता था. छांगुर ने राजेश को भी भारी फंड भी दिया है. एटीएस ने उसे कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

### बीएसएफ ने पंजाब के फिरोजपुर में पाकिस्तानी घुसपैठिया को दबोचा

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने शनिवार की रात पंजाब के फिरोजपुर जिले में सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को काबू किया है. बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए के पास से पाकिस्तान की करेंसी और संदिग्ध सामग्री बरामद की है. बीएसएफ से मिली जानकारी के अनुसार 155वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे. बॉर्डर आउट पोस्ट केएमएस वाला जिला फिरोजपुर के निकट एक व्यक्ति पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था. इसी दौरान बीएसएफ ने उसे रोकने के लिए ललकारा. इसके बावजूद पाकिस्तानी नागरिक बीओपी के पास स्थित बॉर्डर पिलर नंबर 190/4 के निकट बाड़बंदी के पार आ गया. आरोपित बार-बार चेतावनी के बावजूद भारतीय सीमा में करीब 80 मीटर भीतर तक आ गया.

### आप विधायक अनमोल गगन मान का इस्तीफा पार्टी ने नामंजूर कर दिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में सक्रिय राजनीति संन्यास लेने और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाली खरड़ विधायक अनमोल गगन मान का इस्तीफा आम आदमी पार्टी (आआपा) ने मंजूर कर दिया है. रविवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने विधायक अनमोल गगन से उसके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें पार्टी के फैसले को सुनाया. इसके बाद आआपा प्रदेश अध्यक्ष अमन ने बताया कि अनमोल गगन पार्टी के लिए काम करती रहेंगी. अनमोल ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के साथ ही सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान किया था. गगन के इस्तीफे के बाद पंजाब में आआपा की अंदरूनी सियासत तेज हो गई थी.

### सुरक्षा बलों के जवानों का बंद कराया गया सोशल मीडिया अकाउंट

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों के नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बलों की रणनीतिक गोपनीयता को बनाए रखने के लिए एक सख्त कदम उठाया गया है. इसके तहत नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात सुरक्षाबल के जवानों को इंटरनेट और सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए निर्देशित किया गया है. ऑपरेशन के दौरान मोबाइल उपयोग भी सीमित कर दिया गया है. जवान केवल आपातकालीन या आधिकारिक संपर्क के लिए ही फोन का प्रयोग कर सकेंगे. वीडियो बनाना, फोटो लेना और रिकार्डिंग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है. आपरेशन के बाद मोबाइल की जांच भी अनिवार्य कर दी गई है.

### गाजा युद्ध पर विराम की मांग तेज़ बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे लोग

**तेलअवीव।** गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच करीब डेढ़ साल से जारी संघर्ष को समाप्त करने की मांग तेज हो गई है. इस्राइल में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं और युद्ध विराम के लिए समझौते की मांग कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि युद्ध को तुरंत समाप्त किया जाए ताकि गाजा में बंद सभी 50 जीवित और मृत बंदियों को वापस लाया जा सके. लोगों के हाथों में बैनर थे जिन पर लिखा था, ट्रंप को बड़ा समझौता कराना चाहिए. उनका मानना है कि अमेरिका को इस मामले में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए. ट्रंप ने भी कहा था कि अमेरिका प्रयास कर रहा है कि सभी पक्षों को वार्ता के लिए एक साथ लाया जाए.

### सऊदी युवराज अलवलीद बिन खालेद का 20 साल बाद निधन

**रियाद।** सऊदी अरब के युवराज अलवलीद बिन खालेद बिन तलाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद का शनिवार को निधन हो गया. वे पिछले 20 वर्षों से कोमा में थे और इसी स्थिति में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया. 36 वर्षीय युवराज को "स्लीपिंग प्रिंस" के नाम से जाना जाता था. उनके निधन की पुष्टि उनके परिवार ने की है. युवराज अलवलीद साल 2005 में लंदन में एक कार हादसे का शिकार हो गए थे. उस समय वे केवल 15 वर्ष के थे और एक सैन्य कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे. दुर्घटना में उनके सिर में गहरी चोट आई थी, जिससे मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव हुआ और वे कोमा में चले गए. तब से वे लगातार कोमा में ही थे, और 20 वर्षों तक जीवन रक्षक प्रणाली पर निर्भर रहे.



## अरुणाचल में भूस्खलन और बाढ़ से तबाही, अब तक 15 लोगों की मौत

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जून से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. राज्य के कई हिस्सों में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है. अब तक कम से कम 15 लोगों की जान जा चुकी है. निचले सियांग जिले में सड़क संपर्क पूरी तरह से कट गया है. सिजी, याते और गरु गांव के पास कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं. पश्चिम सियांग, लेपराडा, शी-योमी और अपर सुबनसिरी जैसे जिलों की जीवनरेखा माने जाने वाली आलो-लिकाबाली सड़क अब भी बाधित है. चीन सीमा से सटे अंजॉ जिले का सड़क संपर्क पहले करीब 20 दिनों तक पूरी तरह से ठप था. प्रशासन ने लोगों को चेताया है कि भूस्खलन के खतरे को देखते हुए रात में यात्रा करने से बचें. सरकारी रिपोर्टों के अनुसार अब तक कम से कम 15 लोगों की जानें जा चुकी हैं और 26 जिलों में 36 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं. ईस्ट कामेंग और अपर सुबनसिरी सबसे अधिक प्रभावित जिलों में शामिल हैं. राज्य सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है. मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सरकारी प्रावधानों के अनुसार चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है. उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट पर रहने और राहत कार्यों को युद्धस्तर पर जारी रखने का निर्देश दिया. राजधानी इटानगर में नगर निगम (आईएमसी) के मेयर तम्मे फास्सांग ने नदियों और संवेदनशील क्षेत्रों के पास रहने वाले नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है. उन्होंने बताया कि इटानगर, नाहरलगुन, निरजुली और बंदरदेवा सहित सभी 20 वार्डों के पार्षदों के सहयोग से निगम ने मानसून से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं.

### फ्रांस ने अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम को दी सीधी चुनौती

# एसएएमपी/टी बना विकल्प

एजेंसी। नयी दिल्ली

पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में फ्रांस ने अमेरिका को कई मोर्चों पर चुनौती दी है. पहले राफेल लड़ाकू विमान को अमेरिकी एफ-35 का विकल्प बनाकर पेश किया गया और अब एयर डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में फ्रांसीसी-इतालवी साझेदारी से बना एसएएमपी/टी सिस्टम अमेरिकी पैट्रियट प्रणाली को टक्कर देने के लिए आगे आया है. एसएएमपी/टी एयर डिफेंस सिस्टम को फ्रांस और इटली ने मिलकर विकसित किया है. इसे यूरोपीय रक्षा सहयोग का प्रतीक माना जा रहा है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इसे एक ₹पूर्ण यूरोपीय वायु रक्षा प्रणाली₹ के रूप में प्रचारित कर रहे हैं. उन्होंने मार्च में कहा था कि जो देश अमेरिकी पैट्रियट खरीदने पर विचार कर रहे हैं, उन्हें अगली पीढ़ी की फ्रांको-इतालवी एसएएमपी/टी प्रणाली अपनानी चाहिए. एसएएमपी/टी प्रणाली की कुछ तकनीकी खूबियां इसे अमेरिकी पैट्रियट सिस्टम से अलग और बेहतर बनाती हैं. यह 360-डिग्री कवरेज देता है और इसका नया रडार हर सेकंड घूमता है, जिससे यह 220 मील से अधिक की दूरी तक आसमान में निगरानी रख सकता है.

एसएएमपी/टी के पास 600 किलोमीटर दूर की पैंतरेबाज़ी करती बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाने की क्षमता है और यह 150 किलोमीटर तक के हवाई लक्ष्यों को नष्ट कर सकता है. इसके अलावा, इसमें 48 एस्टर मिसाइलें तैनात की जा सकती हैं, जिनमें से प्रत्येक लॉन्चर 8 मिसाइलें ले जा सकता है. इसका डिज़ाइन कॉम्पैक्ट और गतिशील है, जो इसे तेज़ी से तैनात करने योग्य बनाता है. पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिकी सेना और उसके सहयोगी देशों की दशकों पुरानी पसंद है. इसका व्यापक उपयोग खाड़ी युद्ध से लेकर हालिया संघर्षों तक हुआ है.



वर्तमान संस्करण पीएसी-3 एमएसई मिसाइलों से लैस है और इसमें भी 360-डिग्री कवरेज की सुविधा मौजूद है. हालांकि, इसका सेटअप एसएएमपी/टी की तुलना में बड़ा और अधिक जटिल है. इसके संचालन के लिए ज्यादा कर्मियों की आवश्यकता होती है, जिससे यह कम गतिशील बनता है.

अब तक एसएएमपी/टी सिस्टम का उपयोग मुख्य रूप से फ्रांस और इटली द्वारा किया गया है, जबकि सिंगापुर को इसका एक संशोधित संस्करण बेचा गया है. इसकी दो बैटरियां यूक्रेन को भी दी गई हैं. इसके कुल 18 ऑर्डर मिले हैं, जबकि अमेरिकी पैट्रियट को अब तक 240 से अधिक ऑर्डर 19 देशों से मिल चुके हैं. हालांकि, यूरोसैम के अनुसार एसएएमपी/टी में ऐसे कई उन्नत फीचर्स हैं, जो पैट्रियट में नहीं हैं – जैसे ऊर्ध्वाधर प्रक्षेपण क्षमता और अत्याधुनिक मल्टी-फंक्शनल रडार. लेकिन इसकी सीमित उपलब्धता और उत्पादन दर फिलहाल इसकी वैश्विक पकड़ को प्रभावित कर सकती है. राफेल की तरह एसएएमपी/टी भी अमेरिका के वर्चस्व को चुनौती देने का प्रयास कर रहा है. युद्ध के बदलते स्वरूप और बढ़ते रक्षा बजट को देखते हुए कई देश अब विकल्पों की तलाश में हैं. ऐसे में अमेरिका और फ्रांस के बीच यह मुकाबला आने वाले वर्षों में और तीखा हो सकता है. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एसएएमपी/टी अमेरिकी पैट्रियट की तरह वैश्विक भरोसे का प्रतीक बन पाता है या नहीं.

## विश्व में सर्वाधिक उम्रदराज एथलीट फौजा सिंह का अंतिम संस्कार



एजेंसियां। चंडीगढ़

विश्व की सर्वाधिक आयु के एथलीट फौजा सिंह का रविवार को पंजाब के जालंधर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया. इससे पहले पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत पंजाब कैबिनेट के कई मंत्रियों और नेताओं ने एथलीट फौजा सिंह को श्रद्धांजलि दी. विश्व की सर्वाधिक आयु के एथलीट फौजा सिंह को14 जुलाई को सड़क पार करते समय एक तेज़ रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी. फौजा सिंह के कई परिवारिक सदस्यों के कनाडा व इंग्लैंड में थे.

रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जिसके बाद अंतिम यात्रा निकाली गई. इसके बाद गांव के श्मशान घाट पर संस्कार किया गया. उनके बेटों ने अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में उन्हें मुखाग्नि दी. फौजा सिंह के अंतिम संस्कार के मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान मौजूद रहे और उन्होंने एथलीट को अंतिम सैल्यूट भी किया.

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि गांव की पंचायत के फैसले के अनुसार गांव के स्कूल का नाम अब फौजा सिंह के नाम पर रखा जाएगा. साथ ही गांव के स्टेडियम में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि फौजा सिंह ने नशों के खिलाफ जंग में अहम भूमिका निभाई. उनके साथ कई बार बातचीत भी हुई. उनके योगदान को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. मुख्यमंत्री ने कहा कि फौजा सिंह की मौत ने न केवल पंजाब बल्कि पूरे विश्व को शोकग्रस्त कर दिया है, क्योंकि वह प्रतिबद्धता और मेहनत के प्रतीक थे.

### कामचटका प्रायद्वीप में दो शक्तिशाली भूकंप, सुनामी चेतावनी जारी

**टोक्यो।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास रविवार को समुद्र में दो शक्तिशाली भूकंप दर्ज किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 7.4 मापी गई. भूकंप के बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने क्षेत्र के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है. जानकारी के अनुसार, 7.4 तीव्रता का भूकंप समुद्र की सतह से 20 किलोमीटर की गहराई में आया, जिसका केंद्र पेत्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में स्थित था. इस शहर की आबादी लगभग 1.8 लाख है. इससे कुछ ही मिनट पहले उसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता का एक अन्य भूकंप भी दर्ज किया गया था. जर्मनी के रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने भी इन भूकंपों की पुष्टि की है. पहले इसे 6.7 तीव्रता का बताया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 7.4 किया गया. रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने भूकंप के बाद तटीय क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सतर्क रहने और ऊंचाई वाले स्थानों की ओर जाने की सलाह दी है. हालांकि, अब तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है और निवासियों को निकालने की तत्काल कोई योजना नहीं है. आपातकालीन टीमें सक्रिय कर दी गई हैं और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है. विशेषज्ञों के अनुसार, समुद्र में इतनी तीव्रता वाले भूकंप के बाद सुनामी की आशंका बनी रहती है.

### जापान के उच्च सदन चुनाव में पीएम इशिबा की साख दांव पर

टोक्यो। जापान की संसद के उच्च सदन की 248 सीटों में से आधी सीटों पर रविवार को मतदान हो रहा है. यह चुनाव प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसमें उनकी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और गठबंधन सहयोगी कोमितो की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है. एलडीपी और कोमितो को बहुमत बनाए रखने के लिए कम से कम 50 सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी. हालांकि गठबंधन के पास पहले से ही 75 गैर-चुनावी सीटें हैं, फिर भी अगर ताजा चुनाव में अपेक्षित जीत नहीं मिलती, तो यह पिछली 141 सीटों से बड़ी गिरावट मानी जाएगी. राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च सदन की सीमित शक्तियों के चलते इससे सरकार के कामकाज पर तुरंत असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं कर सकता. फिर भी, अगर गठबंधन बहुमत हासिल करने में विफल रहता है तो एलडीपी के भीतर ही इशिबा की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठ सकते हैं. इससे उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है और पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की मांग तेज हो सकती है. इस चुनाव के शुरुआती नतीजे रविवार रात तक आने की उम्मीद है.

### ग्रैंड ज्यूरी ट्रांसक्रिप्ट जारी करने की अपील

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुख्यात यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में एक बड़ा कदम उठाते हुए ग्रैंड ज्यूरी द्वारा तैयार किए गए ट्रांसक्रिप्ट दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की अपील की है. हालांकि, न्याय विभाग ने इस मामले से जुड़ी अपनी आंतरिक फाइलों को फिलहाल सार्वजनिक नहीं करने का निर्णय लिया है. यह फैसला वॉल स्ट्रीट जर्नल की उस रिपोर्ट के बाद लिया गया जिसमें दावा किया गया था कि ट्रंप ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर उसे एक अश्लील पत्र लिखा था. इस खुलासे के बाद ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को संघीय अदालत से आग्रह किया कि ग्रैंड ज्यूरी की सुनवाई से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं. इससे मामले में पारदर्शिता और गोपनीयता के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की जा रही है.

**कांग्रेस** | शशि थरूर ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर अपनी ही पार्टी को नसीहत दी

# राष्ट्रहित को हमेशा प्राथमिकता दी जानी चाहिए

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शशि थरूर ने एक बार फिर अपने बेबाक बयानों से सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है. पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए थरूर ने अपनी ही पार्टी को नसीहत दी है कि राष्ट्रहित को हमेशा प्राथमिकता दी जानी चाहिए, चाहे वह किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा क्यों न हो. तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद थरूर ने कहा, अगर भारत ही नहीं रहेगा, तो कौन बचेगा? उन्होंने यह बात इस संदर्भ में कही कि आज की राजनीति में दलगत प्रतिस्पर्धा को राष्ट्रहित से ऊपर रखा जाने लगा है, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है. उन्होंने स्पष्ट किया कि



किसी भी लोकतंत्र में प्रतिस्पर्धा ज़रूरी होती है, लेकिन जब बात देश के हितों की हो, तो सभी दलों को एकजुट हो जाना चाहिए. थरूर ने जोर देते हुए कहा कि कुछ मुद्दे ऐसे होते हैं जहां पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सोचने की जरूरत होती है, खासकर जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमाओं की हो. उन्होंने कहा, हमारे कुछ मूल्य और विश्वास हैं जो हमें अपनी पार्टियों में बनाए रखना चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि राष्ट्र सर्वोपरि है. उनका मानना है कि हर पार्टी का उद्देश्य अपने तरीके से एक बेहतर भारत बनाना है. यह स्वाभाविक है कि उनमें इस बात पर मतभेद हो सकता है कि वह 'बेहतर भारत' कैसा हो और उसे कैसे बनाया जाए, लेकिन जब सवाल देश की सुरक्षा और अखंडता का हो, तो सभी मतभेद भुलाकर एकजुटता दिखानी चाहिए. हाल ही में अमेरिका गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर थरूर की भूमिका ने कांग्रेस के भीतर असहजता पैदा कर दी है. इसके अलावा, थरूर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति में ₹ऊर्जा और गतिशीलता₹ की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने पर भी पार्टी नेतृत्व नाराज है. उनका वह लेख, जिसे पीएमओ ने भी साझा किया, कांग्रेस नेतृत्व के साथ उनके संबंधों को और तनावपूर्ण बना गया है. थरूर ने आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, बहुत से लोग मेरे इस रुख की आलोचना कर रहे हैं कि मैंने हाल ही में देश और हमारी सीमाओं पर जो हुआ, उसके लिए सशस्त्र बलों और सरकार का समर्थन किया. लेकिन मैं अपनी बात पर अड़ा रहूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि देश के लिए यही सही है. उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी नज़र में पार्टियां सिर्फ साधन हैं, उद्देश्य नहीं. "मेरी पहली वफादारी भारत के प्रति है, किसी पार्टी के प्रति नहीं. मैं भारत की बात करता हूं—सभी भारतीयों की, न कि सिर्फ उन लोगों की जो मेरी पार्टी को पसंद करते हैं. शशि थरूर के इस रुख से यह साफ हो गया है कि वे राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें अपनी ही पार्टी की नाराजगी क्यों न झेलनी पड़े. उनके इस बयान से कांग्रेस में मतभेद गहराने के संकेत मिल रहे हैं और आने वाले समय में यह पार्टी के अंदर एक बड़ी बहस की वजह बन सकता है.

## भारतीय सेना को मिलेंगे तीन अपाचे हेलीकॉप्टर

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना के लिए तीन अपाचे एएच-64ई लड़ाकू हेलीकॉप्टरों का पहला बैच 22 जुलाई को भारत पहुंचने वाला है. शेष तीन हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति वर्ष के अंत तक होने की उम्मीद है. सेना के लिए छह अपाचे हेलीकॉप्टरों का सौदा लगभग 80 करोड़ डॉलर का था. ये हेलीकॉप्टर उन्नत सुविधाओं से लैस होंगे, जिनमें लॉन्ग रडार, हेलफायर मिसाइलें, हवा से जमीन पर मार करने वाले रॉकेट और अन्य सटीक प्रहार प्रणालियां शामिल हैं. अपाचे हेलीकॉप्टर उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से बख्तरबंद खतरों का मुकाबला करने में प्रभावी होंगे.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पिछले साल अमेरिकी यात्रा पर सेना को अपाचे हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में हो रही देरी का मुद्दा उठाया गया था, लेकिन इसके बावजूद डिलीवरी में



करीब 15 माह की देरी हुई है. यूएस निर्मित एएच-64ई हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति में देरी की वजह बोइंग कंपनी की सप्लाई चेन बाधित होना है, जिससे उत्पादन धीमा हो गया है. भारतीय सेना ने अमेरिका से 2020 में छह एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर हासिल करने के लिए 600 मिलियन डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे. समय पर आपूर्ति मिलने की उम्मीद में सेना ने पिछले साल 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन भी बना ली थी. दरअसल, अमेरिकी कंपनी बोइंग को ऑर्डर दिए जाने के बाद यूएस डिफेंस प्रायोरिटी एंड एलोकेशन सिस्टम्स प्रोग्राम (डीपीएएस) पर भारत की रेटिंग कम होने से संबंधित कुछ मुद्दे थे, लेकिन अप्रैल-मई में इसे सुलझा लिया गया था.

डीपीएएस से संबंधित मुद्दों में इंजन, गियरबॉक्स और हथियारों सहित अपाचे पर लगे 22 महत्वपूर्ण घटक शामिल थे. अमेरिका डीपीएएस का उपयोग सैन्य, मातृभूमि सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अन्य आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में रक्षा-संबंधी अनुबंधों को प्राथमिकता देने के लिए करता है. इसका उपयोग विदेशों को सैन्य या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान करने के लिए भी किया जाता है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)